राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 11 अंक-166
लखनऊ, शनिवार 03 फरवरी, 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य- रु 4.00
लखनऊ व कानपुर से प्रकाशित

आमंत्रण मूल्य ₹3

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





नारी शक्ति के स्वावलंबन के लिए हुए कई कार्य : योगी 03

कला को संजोए रखने के लिए राष्ट्रपति ने की कलाकारों की सराहना 12


### सीएम योगी ने उत्तर प्रदेश विधानमंडल के सत्र शुभारंभ के मौके पर कहा

# सदन में सकारात्मक चर्चा करे विपक्ष

**राज्यपाल के अभिभाषण से शुरु हुआ विधानमंडल का सत्र**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** सीएम योगी ने शुक्रवार को वर्ष 2024 के उत्तर प्रदेश विधानमंडल के सत्र शुभारंभ के अवसर पर सभी विपक्षी सदस्यों से दलीय सीमाओं से ऊपर उठकर प्रदेश के विकास के लिए सदन में सकारात्मक चर्चा की अपील की। सत्र शुभारंभ के पूर्व उन्होंने कहा कि देश और दुनिया में प्रदेश के बारे में जो सकारात्मक माहौल बना है, विरोधी दल भी उसका लाभ लेकर सकारात्मक चर्चा में अपना योगदान देंगे। इस अवसर पर सीएम योगी ने अयोध्या में प्रभु श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा के लिए भी सभी को बधाई दी।

सीएम योगी ने कहा कि अयोध्या में प्रभु श्रीरामलला की भव्य प्राण प्रतिष्ठा समारोह के सकुशल संपन्न होने की आप सभी को हृदय से बधाई देता हूं और वर्ष 2024 के उत्तर प्रदेश विधानमंडल के सत्र शुभारंभ पर सदस्यों का स्वागत करता हूं। सत्र का शुभारंभ राज्यपाल के अभिभाषण से हुआ। अभिभाषण सरकार की उपलब्धियों और भावी योजनाओं का एक महत्वपूर्ण दस्तावेज होता है। किसी भी वर्ष के शुभारंभ के पहले का सत्र का जो बिजनेस होता है वह विधानमंडल में राज्यपाल के अभिभाषण से ही शुरू होता है। सीएम योगी ने कहा कि यह बजट सत्र है तो वर्ष 2024-25 का बजट भी इस दौरान उत्तर प्रदेश विधानमंडल में प्रस्तुत होगा और वर्ष भर की आय और व्यय को लेकर सदन में चर्चा होगी। सत्र प्रारंभ होने के पहले दलीय नेताओं के साथ बैठक और उससे पूर्व बिजनेस एडवाइजरी कमेटी की बैठक करके जो कार्य योजनाएं तय हुई हैं, उसके अनुसार सरकार ने अपनी पूरी तैयारी भी की है। उत्तर प्रदेश विधानमंडल 25 करोड़ जनता जनार्दन की आशा और आकांक्षाओं और अपेक्षाओं का एक केंद्र है। प्रसन्नता है कि उत्तर प्रदेश विधानमंडल पिछले 5-6 वर्षों के अंदर लोकतंत्र के एक महत्वपूर्ण स्तंभ के रूप में अपनी सकारात्मक चर्चा के लिए जाना जा रहा है। इस अवसर पर विपक्षी मित्रों से भी अपील करूंगा कि जो सदस्यों की भावनाएं हैं उसे दलीय सीमाओं से उठकर के प्रदेश के विकास के लिए विधान सभा या विधान परिषद को हमें एक सकारात्मक चर्चा का केंद्र बनाने की आवश्यकता है।



### सपा नहीं बदल पाई अपना डीएनए : ब्रजेश पाठक



उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा, भाजपा सरकार उत्तर प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए काम कर रही है। ये बजट सत्र है और बजट सत्र में सभी विधायकों को भाग लेकर उत्तर प्रदेश के विकास के लिए अपना योगदान करना चाहिए। समाजवादी पार्टी अपने डीएनए को कभी भी बदल नहीं पाई। उसका अराजकता और गुंडई फैलाना अभी भी कायम है।

### यूपी विधानसभा में हंगामा, सपा विधायकों ने किया प्रदर्शन

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र के पहले दिन शुक्रवार को राज्यपाल के अभिभाषण से पहले विधान भवन परिसर में समाजवादी पार्टी के विधायकों ने सरकार की नीतियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। समाजवादी पार्टी की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष उत्तम पटेल के नेतृत्व में पार्टी के विधायकों ने विधान भवन में चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा के पास जमकर नारेबाजी की। सपा विधायकों ने कानून व्यवस्था, महंगाई, बेरोजगारी, जाति आधारित गणना कराये जाने सहित कई मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। मिली जानकारी के मुताबिक, पटेल ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि भारतीय जनता पार्टी सदन का कार्यकाल इतना कम करती है कि हम जनता की आवाज वहां नहीं उठा पाते, इसलिए विधान भवन परिसर में चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा के नीचे सरकार की गलत नीतियों के खिलाफधरना दे रहे हैं। सपा नेता मनोज पांडे ने कहा कि कानून व्यवस्था, महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार से जनता परेशान है। मुख्य विपक्षी दल होने के नाते हम जनता की आवाज उठा रहे हैं और आज धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। हमारी मांग है कि सरकार जनहित के विषय पर सदन में चर्चा कराए।

## मलिहाबाद में एक ही परिवार के तीन लोगों की हत्या, दो घायल



**रहमतनगर गांव में विवादित जमीन की चल रही थी पैमाईश**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** विधानमंडल के बजट सत्र से कुछ ही देर बाद राजधानी गोलियों की तड़तड़ाहट से दहल गई। मलिहाबाद के रहमतनगर गांव में जमीन की पैमाइश के दौरान दंपति और उनसे 20 साल के बेटे की हत्या कर दी गई। इस ट्रिपल मर्डर के दौरान हुई गोलीबारी में 2 अन्य लोग घायल बताए जा रहे हैं।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक मलिहाबाद के रहमतनगर गांव में एक विवादित जमीन की पैमाईश चल रही थी। पूरा प्रशासनिक अमला मौजूद था। इसी बीच दोनों पक्ष से लोग आमने-सामने आ गए। देखते-देखते विवाद इतना बढ़ गया कि गोलियां चलने लगी। गोली लगने से रहमत नगर निवासी फरहीन (40) और हलदा (20) और फरहीन के चाचाजात भाई मुनीर की मौत हो गई। वारदात को अंजाम देने के बाद हत्यारोपी घटनास्थल से फरार हो गया। सूचना मिलते ही घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने फरीद को फौरन केजीएमयू के ट्रामा सेंटर में पहुंचाया। फिलहाल, हत्यारोपी की तलाश में पुलिस दबिश दे रही है। सूत्रों की मानें तो, मोहम्मदनगर गांव निवासी फरीद (62) पत्नी फरहीन, बेटे हमजा और चचेरे भाई ताज खां के साथ संयुक्त परिवार में रहते हैं। कई वर्षों से भाई लल्लन खां से उनका जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। इसको लेकर दोनों पक्षों में कई बार झगड़ा भी हो चुका है। बताया जा रहा है कि लल्लन भाई फरीद की जमीन पर कब्जा करना चाहता है। शुक्रवार दोपहर करीब 12.30 बजे लल्लन का झगड़ा भाई फरीद से हो गया। वह फरीद और उसके परिवारिक सदस्यों को अपशब्द कहने लगा। इसका विरोध किए जाने पर लल्लन आवेश में आ गया और साथ लेकर आए लाइसेंसी रायफल से फायरिंग कर दी। सूत्रों की मानें तो एक चौथा शख्स भी गोली लगने से गंभीर रुप से जख्मी हो गया है। जिसके केजीएमयू के ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया है। जानकारी मिलते ही काकोरी, माल, मलिहाबाद और रहीमाबाद थाने की पुलिस फोर्स भी मौके पर बुलाई गई है।

### एसडीएम को सौंपी गई थी जमीनी मामले को हल करने की जिम्मेदारी

देवरिया कांड के बाद जमीनी मामले को हल करने की जिम्मेदारी जिले के एसडीएम को दी गई थी और सख्ती से मुख्यमंत्री ने कहा भी था कि जमीनी मामलों को डीएम और एसडीएम जल्द से जल्द मामलों को गंभीरता से लेकर निस्तारित करें। इसके बावजूद या हालत है कि आए दिन जमीनी मामले झगड़े गोली चलने की बात आम हो गई है। मलिहाबाद में फायरिंग कर लोगों को मौत के घाट उतरने की घटना ऐसे समय में हुई है जब यूपी में हाई अलर्ट था। ज्ञानवापी के व्यास तहखाने में गुरुवार को हिन्दू पक्ष ने पूजन किया था। उन्हें पूजा का अधिकार वाराणसी की जिला अदालत ने दिया है। इसको लेकर शुक्रवार को होने वाली जुमे की नमाज के मद्देनजर पूरे यूपी में हाई अलर्ट जारी किया गया था।

## संक्षिप्त समाचार

### रामभद्राचार्य की तबीयत बिगड़ी, सीने में इंफेक्शन

**आगरा।** जगद्गुरु रामभद्राचार्य की शुक्रवार को अचानक तबीयत बिगड़ गई। उन्हें आगरा के एक निजी अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया है। जहां पर उनका इलाज शुरू हो गया है। बताया गया है कि उन्हें सीने में दर्द की शिकायत थी। डॉक्टरों का कहना है कि उनकी स्थिति ठीक है। चेस्ट में इंफेक्शन के कारण उन्हें भर्ती किया गया है। जगद्गुरु रामभद्राचार्य चित्रकूट में रहते हैं। उनका वास्तविक नाम गिरधर मिश्रा है, उनका जन्म उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले में हुआ था। रामभद्राचार्य एक प्रख्यात विद्वान, शिक्षाविद्, बहुभाषाविद्, रचनाकार, प्रवचनकार, दार्शनिक और हिन्दू धर्मगुरु हैं।

### आतंकियों का ठिकाना ध्वस्त गोला व बारूद बरामद

**पुंछ।** पुंछ जिले के सुरनकोट इलाके में शुक्रवार को सुरक्षाबलों ने एक आतंकी ठिकाने का भंडाफोड़ कर उसे ध्वस्त कर दिया। सुरक्षाबलों को आतंकी ठिकाने से गोला-बारूद भी बरामद हुआ है। एक सैन्य अधिकारी ने कहा कि पुलिस स्टेशन सुरनकोट के अधिकार क्षेत्र में सांगला खोनी नाहल्ला इलाके में सुरक्षाबलों ने एक ठिकाने का भंडाफोड़ किया। उन्होंने कहा कि आतंकी ठिकाने से सुरक्षाबलों को 51 मोर्टार, तीन मोर्टार गोले, एक पिस्तौल और तीन पिस्तौल राउंड बरामद हुई हैं।

### सुप्रीम कोर्ट में हेमंत सोरेन की याचिका खारिज

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के खिलाफ दायर उनकी याचिका शुक्रवार को खारिज कर दी। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति एम एम सुंदरेश और न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी की विशेष पीठ ने याचिका खारिज करते हुए सोरेन को अपनी जमानत के लिए झारखंड उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाने को कहा। सोरेन को झारखंड में कथित भूमि घोटाले से संबंधित धन शोधन के एक मामले में केंद्रीय जांच एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय ने बुधवार को एक नाटकीय घटनाक्रम के बाद में गिरफ्तार किया था। उन्होंने बुधवार को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दिया था।

### धान और चावल का मौजूदा स्टॉक घोषित करें : केंद्र

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के व्यापारी, थोक एवं खुदरा विक्रेता, बड़ी श्रृंखला के खुदरा विक्रेता और प्रोसेसर या मिलर्स से चावल और धान के मौजूदा स्टॉक की स्थिति घोषित करने के लिए कहा है। समग्र खाद्य मुद्रास्फीति को प्रबंधित करने और जमाखोरी एवं बेईमान सट्टेबाजी को रोकने के उद्देश्य से 'भारत चावल' ब्रांड के तहत उपभोक्ताओं को रियायती चावल की खुदरा बिक्री शुरू करने का निर्णय लिया गया है। खाद्य सचिव ने कहा है कि आवश्यक वस्तुओं पर निर्यात नियमों पर दोबारा विचार करने का कोई प्रस्ताव नहीं है।

## चंपई सोरेन ने ली झारखंड के 12वें मुख्यमंत्री की शपथ

एजेंसी

**रांची।** झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने आज दोपहर बाद झारखंड मुक्ति मोर्चा गठबंधन विधायक दल के नेता चंपई सोरेन को मुख्यमंत्री के पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई।

राजभवन के दरबार हॉल में यहां आयोजित एक सादे समारोह में चंपई सोरेन ने झारखंड के 12 वें मुख्यमंत्री के रूप में पद और गोपनीयता की शपथ ली। राज्यपाल ने इसके अलावा कांग्रेस के आलमगीर आलम को झारखंड के मंत्री के रूप में पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। साथ ही



राज्यपाल ने राजद के सत्यानंद भोक्ता को भी झारखंड के मंत्री के रूप में पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। श्री सोरेन के अलावा केवल दो विधायकों को मंत्री पद की शपथ दिलाई गई है। झारखंड मुक्ति मोर्चा के साथ कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल झामुमो गठबंधन दल में शामिल हैं। दोनों दलों के एक-एक विधायक को मंत्री पद की शपथ दिलाई गई है।

## ज्ञानवापी केस : मुस्लिम पक्ष को राहत नहीं

**ज्ञानवापी परिसर में जारी रहेगी पूजा, छह को होगी सुनवाई**

समृद्धि न्यूज

**प्रयागराज।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को अंजुमन इंतजामिया मस्जिद समिति को राहत देने से इनकार कर दिया, जिसने वाराणसी अदालत के आदेश के खिलाफ याचिका दायर की थी, जिसने हिंदू भक्तों को ज्ञानवापी मस्जिद परिसर के सीलबंद तहखाने के अंदर पूजा करने की अनुमति दी थी।

न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल की एकल पीठ ने महाधिवक्ता को ज्ञानवापी मस्जिद परिसर के भीतर और बाहर कानून व्यवस्था बनाए रखने का आदेश दिया। मामले की अगली सुनवाई 6 फरवरी को होगी। इससे पहले, मस्जिद समिति ने जिला न्यायाधीश के उस आदेश को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था, जिसमें ज्ञानवापी मस्जिद के दक्षिणी तहखाने में पूजा आयोजित करने की अनुमति दी गई थी। हालाँकि, मस्जिद समिति को इसके बजाय इलाहाबाद उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाने के लिए कहा गया था। मस्जिद कमेटी की ओर से वरिष्ठ वकील एसएफए नकवी और पुनीत गुप्ता ने हाई कोर्ट को बताया कि हिंदू पक्ष उन चार तहखानों में से एक की मांग कर रहा है, जिसमें व्यास का तखाना (तहखाना) स्थित है।

### सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद, ड्रोन से निगरानी

**वाराणसी।** ज्ञानवापी के व्यास जी के तहखाने में पूजा-पाठ से नाराज मुस्लिम पक्ष ने जुमे के दिन बंदी का एलान किया है। पुलिस ने इसको लेकर सुरक्षा व्यवस्था को काफी चाक चाबंद कर दिया है। नमाजियों की संख्या बढ़ता देख उन्हे रोका भी गया था। ड्रोन से निगरानी की जा रही है। वहीं पर मौजूद एक व्यक्ति ने बताया कि जुमे की नमाज को लेकर ज्ञानवापी नमाजियों से पूरी तरह फुल हो गई है। ऐसे में नमाजियों को काशी विश्वनाध धाम के गेट नंबर चार पर रोका गया। पुलिस प्रशासन द्वारा लोगों से यह बोलकर रोका जा रहा है कि अंदर बहुत ज्यादा लोगों की भीड़ हो गई है। लोगों से कहा जा रहा है कि शहर के अन्य मस्जिदों में नमाज अदा करें। ज्ञानवापी मस्जिद व आस-पास के क्षेत्रों में भारी पुलिसबल तैनात किए गए हैं।

## श्रीनगर-दिल्ली में पांच स्थानों पर छापेमारी

**एसआईए ने आतंकी फंडिंग मामले में की कार्रवाई**

एजेंसी

**श्रीनगर।** राज्य जांच एजेंसी (एसआईए) ने आतंकी फंडिंग मामले की जांच के सिलसिले में शुक्रवार को ग्रीष्मकालीन राजधानी श्रीनगर और दिल्ली में पांच स्थानों पर छापेमारी की। एक शीर्ष अधिकारी ने बताया कि एसआईए श्रीनगर में दो स्थानों सैदापोरा ईदगाह और अहमदनगर इलाके में छापेमारी कर रही है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में एजेंसी तीन स्थानों पर तलाशी ले रही है। यह मामला आय को अवैध रूप से जुटाने, जमा करने और लॉन्ड्रिंग करने से संबंधित है,



जिसका उपयोग बाद में अलगाववाद और उग्रवाद सहित गैरकानूनी गतिविधियों में किया जा सकता है। अधिकारी ने बताया कि गहन जांच के बाद एफआईआर संख्या 08/2023 के तहत एसआईए कश्मीर में मामला दर्ज किया गया था और मामले की आगे की जांच चल रही है। उन्होंने कहा कि जांच के दौरान यह पता चला कि दो साल से भी कम समय के भीतर 85 करोड़ रुपये की राशि अवैध रूप से जुटाई और लूटी गई थी।

### सीबीआई ने हर्ष मंदर के घर व कार्यालय पर छापे मारे

**नई दिल्ली।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने शुक्रवार को विदेशी अंशदान विनियमन अधिनियम के कथित उल्लंघन मामले में शुरुआती जांच के तहत मामले से जुड़े कई लोगों से पूछताछ की है। जांच के तहत सीबीआई ने आज एफसीआरए उल्लंघन मामले में भारतीय प्रशासनिक सेवा से सामाजिक कार्यकर्ता बने हर्ष मंदर के दिल्ली स्थित घर और कार्यालय पर छापेमारी की। हर्ष मंदर लेखक भी हैं, जिनकी एक संस्था को विदेशी फंड मिलने का आरोप लगा है। लेखक और मानवाधिकार कार्यकर्ता हर्ष मंदर के एनजीओ अमन बिरादरी के ख़िलाफ सीबीआई ने एफसीआरए के प्रावधानों के उल्लंघन के आरोप में केस दर्ज किया है।

## ट्रक-टैक्सी ड्राइवरों के लिए राजमार्गों के किनारे बनेंगे विश्राम गृह

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि ट्रक और टैक्सी ड्राइवरों को बीच सफर में आराम देने के लिए सभी राष्ट्रीय राजमार्गों (एनएच) पर नई सुविधाओं वाले आधुनिक विश्राम गृह बनाए जाएंगे। योजना के पहले चरण में एक हजार आधुनिक विश्राम गृह तैयार किये जाएंगे। वह यहां भारत मंडपम में भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2024 के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे।

प्रधानमंत्री ने उद्योग जगत के दिग्गजों के बीच एक मानवीय पहलू की तरफ ध्यान दिलाते हुए कहा कि लाखों ड्राइवर भी मोबिलिटी सेक्टर का हिस्सा हैं। उन्होंने कहा कि जो ट्रक चलाते हैं, जो टैक्सी चलाते हैं, वो ड्राइवर हमारी सामाजिक और आर्थिक व्यवस्था का



एक अभिन्न हिस्सा हैं। अक्सर ये ड्राइवर घंटों-घंटों लगातार ट्रक चलाते हैं। इनके पास आराम का समय नहीं होता। ऐसी मुश्किल परिस्थिति में ये लोग सड़क हादसों का भी शिकार हो जाते हैं। ट्रक ड्राइवरों और उनके परिवार की इस चिंता को हमारी सरकार भली भांति समझती है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि ड्राइवरों को बीच सफर में आराम देने के लिए केंद्र सरकार ने एक नई योजना पर काम शुरू किया है। इस योजना के तहत सभी नेशनल हाइवे पर ड्राइवरों के लिए नई सुविधाओं वाले आधुनिक भवनों का निर्माण होगा। इन भवनों में ड्राइवरों के लिए भोजन, पीने का साफ पानी, शौचालय, पार्किंग और आराम करने की पूरी व्यवस्था होगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि योजना के पहले चरण में देशभर में ऐसे एक हजार भवन बनाने की है। ट्रक और टैक्सी ड्राइवरों के लिए बनाए गये ये भवन ड्राइवरों की ईज ऑफ लिविंग और ईंज ऑफ ट्रैवलिंग दोनों बढ़ाएंगे।

### प्रधानमंत्री आज पहुंचेंगे गुवाहटी, कल करेंगे 11 हजार 599 करोड़ की परियोजनाओं का उद्धाटन

**गुवाहटी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपने दो दिवसीय दौरे पर शनिवार की शाम गुवाहाटी पहुंचेंगे। वे शनिवार रात को ही राज्यिक अतिथिशाला में भाजपा कोर कमेटी की बैठक को संबोधित करेंगे। रविवार को अतिथिशाला में विश्राम कर रविवार को कई सरकारी कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। अपने इस प्रवास के दौरान प्रधानमंत्री मोदी 11 हजार 599 करोड़ रुपये लागत वाली परियोजनाओं का उद्धाटन और कई परियोजनाओं का शिलान्यास करेंगे। यह जानकारी शुक्रवार को मुख्यमंत्री डॉ हिमंत बिस्व सरमा ने यहां लोक सेवा भवन में पत्रकारों से वार्ता के दौरान दी। मुख्यमंत्री डॉ सरमा ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार सुबह 11.30 बजे राजधानी के खानापाड़ा स्थित पशु चिकित्सा महाविद्यालय खेल मैदान पर एक सरकारी समारोह को संबोधित करेंगे। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी केंद्र तथा राज्य सरकार के कई परियोजनाओं का उद्धाटन और शिलान्यास करेंगे। इसमें पीएम डिवाइन योजना के तहत 498 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से प्रस्तावित कामाख्या कॉरिडोर की आधारशिला भी शामिल हैं।

**समझौता** — अमेरिका ने भारत के लिए 31 एमक्यू-9बी सशस्त्र ड्रोन सौदे को दी मंजूरी

## खतरों से निपटने के लिए समुद्र में मजबूत होगा भारत

**2023 में पीएम मोदी की यात्रा के दौरान सौदे पर हुई थी बातचीत**

एजेंसी

**नई दिल्ली।** आखिरकार लंबे इंतजार के बाद अमेरिका ने 3.99 बिलियन अमेरिकी डॉलर (32 हजार करोड़) की अनुमानित लागत पर भारत को 31 एमक्यू-9बी सशस्त्र ड्रोन की बिक्री को मंजूरी दे दी है। इस मेगा ड्रोन सौदे की घोषणा जून, 2023 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की राजकीय यात्रा के दौरान की गई थी। भारत को यह ड्रोन मिलने के बाद



समुद्री मार्गों में मानव रहित निगरानी और टोही गश्ती को सक्षम करके वर्तमान और भविष्य के खतरों से निपटने के लिए भारत की क्षमता बढ़ेगी। खास तौर पर चीन सीमा पर भारत की निगरानी आसान होगी।

हालांकि, भारत सरकार की ओर से इस सौदे को मंजूरी मिलने के बारे में कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया गया है, लेकिन अमेरिकी रक्षा सुरक्षा सहयोग एजेंसी (डीएससीए) ने एक बयान में इस सौदे की पुष्टि की है। अमेरिकी विदेश विभाग ने कहा है कि भारत सरकार को 3.99 अरब अमेरिकी डॉलर की अनुमानित लागत पर एमक्यू-9बी रिमोटली पायलटेड विमान और संबंधित उपकरणों की विदेशी सैन्य बिक्री को मंजूरी देने का निर्णय लिया गया है। एजेंसी ने अमेरिकी कांग्रेस को इस संभावित बिक्री के बारे में सूचित करते हुए आवश्यक प्रमाणीकरण भी प्रदान किया है। डीएससीए ने कहा है कि एमक्यू-9बी सशस्त्र ड्रोन की प्रस्तावित बिक्री से क्षेत्र में बुनियादी सैन्य संतुलन में कोई बदलाव नहीं आएगा। इस सौदे में मुख्य ठेकेदार जनरल एटॉमिक्स एयरोनॉटिकल सिस्टम्स कंपनी होगी। यह एक सैन्य ठेकेदार और जनरल एटॉमिक्स की सहायक कंपनी है, जो दुनिया भर में अमेरिकी सेना और वाणिज्यिक अनुप्रयोगों के लिए मानव रहित हवाई वाहनों और रडार सिस्टम को डिजाइन और निर्माण करती है।

### अमेरिकी-भारत रणनीतिक संबंध होंगे मजबूत

बयान में कहा गया है कि यह प्रस्तावित बिक्री प्रमुख रक्षा भागीदार की सुरक्षा में सुधार करके अमेरिकी-भारतीय रणनीतिक संबंधों को मजबूत करेगी। साथ ही संयुक्त राज्य अमेरिका की विदेश नीति और राष्ट्रीय सुरक्षा उद्देश्यों का समर्थन करेगी, जो हिंद-प्रशांत और दक्षिण एशिया क्षेत्र में राजनीतिक स्थिरता, शांति और आर्थिक के लिए एक महत्वपूर्ण ताकत बनी हुई है। प्रस्तावित बिक्री से परिचालन के समुद्री मार्गों में मानव रहित निगरानी और टोही गश्त को सक्षम करके वर्तमान और भविष्य के खतरों से निपटने की भारत की क्षमता में सुधार होगा। भारत ने अपनी सेना के आधुनिकीकरण के प्रति प्रतिबद्धता प्रदर्शित की है और इन वस्तुओं और सेवाओं को अपने सशस्त्र बलों में समाहित करने में कोई कठिनाई नहीं होगी।

## भारत ने सोमालिया के पूर्वी तट पर एक और समुद्री डकैती रोकी

**अपहृत ईरानी जहाज बंधक चालक दल के 19 सदस्यों को बचाया**

एजेंसी

**नई दिल्ली।** सोमालिया के पूर्वी तट पर लगातार बढ़ रही घटनाओं के बीच भारतीय नौसेना ने शुक्रवार को एक और समुद्री डकैती को नाकाम करके लुटेरों को खदेड़ दिया।

ईरानी जहाज व उसके चालक दल को सात समुद्री लुटेरों ने बंधक बना लिया था। भारत ने लाल सागर और हिंद महासागर क्षेत्र में समुद्री डकैती रोकने के लिए अपने दस से ज्यादा जहाज एंटी पायरेसी मिशन पर तैनात किये हैं। भारतीय नौसेना को मछली पकड़ने वाले ईरानी जहाज एफवी ओमारी को सोमालिया के पूर्वी तट पर अपहृत करके चालक दल को बंधक बनाए जाने की जानकारी 31 जनवरी को मिली। इस पर क्षेत्र में निगरानी कर रहे भारतीय नौसेना ने एफवी ओमारी का पता लगाने के बाद समुद्री डकैती विरोधी मिशन के लिए तैनात आईएनएस शारदा को मौके पर जाने के लिए मोड़ दिया। ईरानी ध्वज वाले जहाज एफवी ओमारी पर सात समुद्री लुटेरों ने कब्ज़ा करके चालक दल को बंधक बना लिया था। आईएनएस शारदा 02 फरवरी को सुबह मौके पर पहुंचा। भारतीय नौसैनिकों ने अपने हेलीकॉप्टर और नौकाओं का इस्तेमाल करके अपहृत जहाज को घेरकर समुद्री लुटेरों को जहाज के साथ चालक दल की सुरक्षित रिहाई के लिए समुद्री डाकुओं को मजबूर कर दिया।

# शिलान्यास के बावजूद नहीं शुरू हुआ सड़क निर्माण कार्य

**विकासखंड त्रिवेदीगंज में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत आने वाली भिलवल से मौलाबाद संपर्क मार्ग का है मामला**

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**

ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा वित्त पोषित परियोजना के अंतर्गत 11 गांवो को जोड़ने वाली करीब 8:30 किलोमीटर लंबे सड़क मार्ग का शिलान्यास आज से करीब डेढ़ वर्ष पूर्व विधायक दिनेश रावत की अध्यक्षता में सांसद उपेंद्र सिंह रावत द्वारा किया गया था परंतु आज तक कार्यदाई संस्था द्वारा उस मार्ग पर किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य शुरू नहीं किया गया है जिससे ग्रामीणों में काफी रोष व्याप्त है।

मामला विकासखंड त्रिवेदीगंज में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत आने वाले 8:30 किलोमीटर लंबे भिलवल से मौलाबाद संपर्क मार्ग का है। जिसका 15 अक्टूबर 2022 को सांसद द्वारा शिलान्यास किया जा चुका है।



ग्रामीणों ने बताया कि वर्ष 2002 में बने इस संपर्क मार्ग पर कई बार मरम्मत कार्य तो किया गया परंतु अभी हाल ही में बने बलिया एक्सप्रेस वे में लगे डंपरों के आने जाने से इस मार्ग की हालत अत्यंत जर्जर हो चुकी है।

पूरे मार्ग में जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं जिसमें बहुत से लोग गिरकर घायल भी हो चुके हैं। सरकार द्वारा इस मार्ग पर निर्माण कार्य प्रारंभ करने की तिथि 30 सितंबर 2023 रखी गई थी परंतु कार्यदाई संस्था द्वारा अभी तक किसी भी प्रकार का कोई निर्माण कार्य शुरू नहीं कराया गया है। इस 8:30 किलोमीटर लंबे सड़क मार्ग पर 5 ग्राम पंचायतो के अंतर्गत 12 गांव आते हैं। इन सभी गांव से आने वाले स्कूली छात्र-छात्राओं एवं ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस मार्ग पर बड़े-बड़े गड्ढे हो जाने की वजह से लोगों का चलना दूभर हो रहा है और लोग दुर्घटना के भी शिकार हो रहे हैं। ग्रामीणों ने इसकी शिकायत कई बार की परंतु आज तक कोई कार्यवाही नहीं हो सकी है।

**ग्रामीणों में काफी रोष व्याप्त**

# सीएमओ ने पीएचसी का किया निरीक्षण, मिली खामियां

**पसगवां खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

शुक्रवार को लखीमपुर खीरी मुख्य चिकित्सा अधिकारी संतोष गुप्ता द्वारा पसगवां ब्लॉक के अंतर्गत कई प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रो निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सभी पीएचसी पर पूरा स्टाफ मौजूद मिला। नए निर्माण कमरे को भी देखा। साफ सफाई को लेकर दिशानिर्देश दिये। उचौलिया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र निरीक्षण में मुख्य गेट टूटा, स्वास्थ्य केंद्र परिसर में जल भराव, लेबर रूम का लिन्टर टपकता हुआ, आदि कमिया मिली। जिनको जल्द से जल्द ठीक कराने का निर्देश दिया।

क्षेत्र में चल रहे अवैध पैथालॉजी व अवैध क्लीनिकों पर साधी चुप्पी

खीरी सीएमओ निरीक्षण के दौरान मानक विहीन थोक के भाव चल रहे पैथालॉजी व बिना रजिस्ट्रेशन के संचालित अस्पतालों पर कार्यवाई को लेकर चुप्पी साधते नजर आये। गौरतलब है कि जंग बहादुर गंज ,बरखेरियाजाट,अजबापुर उचौलिया में स्वास्थ्य विभाग के रहमोकरम से धड़ल्ले से अवैध पैथोलॉजी सेंटर व फर्जी क्लीनिक संचालित है जहां मरीजो को लूटने का काम बड़ी तेजी के साथ किया जाता है।बरखेरियाजाट व जे बी गंज में संचालित पैथालॉजी लैब में जांच के नाम पर मरीजो की जेब पर डाका डाला जा रहा है। इस संबंध में डॉक्टर अंकुज श्रीवास्तव से जानकारी लेने पर उन्होंने बताया है कि पसगवां सीएचसी अधीक्षक अश्विनी वर्मा सर्वे करके ले गए हैं 2 से 4 दिन के अंदर कार्य चालू होगा।



# रामनरेश तिवारी पुस्तकालय को साहित्यकार ने दान दी पुस्तकें

**महेंद्र कुमार गुप्त बी आईएमएस की स्मृति में पुस्तकें दान दी थीं**

**गोला गोकर्णनाथ खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

नगर पालिका परिषद के स्वर्गीय राम नरेश तिवारी पुस्तकालय एवं वाचनालय में नीट की परीक्षा की तैयारी कर रहे परीक्षार्थियों के पठन-पाठन के लिए नगर के पत्रकार साहित्यकार लोकेश कुमार गुप्त ने अपने पिता स्वर्गीय वैद्य महेंद्र कुमार गुप्त बी आई एम एस की स्मृति में नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू को एलेन कैरियर इंस्टिट्यूट कोटा राजस्थान की पुस्तकें भेंट की।

इस अवसर पर विजय शुक्ला रिंकू ने कहा कि उन्होंने चुनाव से पूर्व अपने संकल्प पत्र में इस पुस्तकालय एवं वाचनालय को नागरिकों और विद्यार्थियों के के पठन-पाठन के लिए नित्य खोलने और सुविधा संपन्न करने का वादा किया था जो पूर्ण हुआ है। पुस्तकालय में फ्री वाई-फाई चल रहा है और काफी संख्या में पुस्तकें उपलब्ध हैं अब यहां एलेन कैरियर इंस्टिट्यूट कोटा राजस्थान की नीट पाठ्य पुस्तकें भी उपलब्ध रहेंगी। लोकेश कुमार गुप्त ने स्वर्गीय रामनरेश तिवारी पुस्तकालय एवं वाचनालय शुभारंभ पर 26 जनवरी 2010 को एवं 22 मई 2023 को अपने पिता स्वर्गीय वैद्य महेंद्र कुमार गुप्त बी आई एम एस की स्मृति में पुस्तकें दान दी थीं। इस अवसर पर गोला की समस्या एवं समाधान परिवार के रजनीश गुप्ता, धर्मेंद्र सिंह,संजीव गुप्ता, विजय मिश्रा, सहित काफी संख्या में विद्यार्थी मौजूद रहे।



पुस्तकालय में नगर पालिका अध्यक्ष को पुस्तकें भेंट करते साहित्यकार

# अखिल भारतीय कवि सम्मेलन व मुशायरा संपन्न

**मितौली खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

मितौली मेला महोत्सव में पूर्व प्रधान संघ के अध्यक्ष स्वर्गीय फेरूलाल की स्मृति में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन एवं मुशायरे का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि धौरहरा सांसद रेखा वर्मा के पुत्र अनिमेष पटेल ने मंच का फीता काटकर उद्घाटन किया मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित करते ,हुए दीप प्रचलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

मेला अध्यक्ष ग्राम प्रधान मितौली व मेला आयोजक के पुत्र डॉक्टर वीरेंद्र कुमार राज ने मुख्य अतिथि एव विशिष्ठ अतिथियों, तथा कवियों का बैच लगाकर,सम्मान करते हुए माल्यार्पण, अंग वस्त्र स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। मंच का कुशल संचालन वरिष्ठ पत्रकार सुरेश शुक्ला द्वारा किया गया। स्वर्गीय फेरूलाल की स्मृति में आयोजित कवि सम्मेलन में प्रयागराज से पधारी कवित्री रुची दुबे ने कहा जीत कर चित्त लिए हार कर आ गये, लोग अन्याय को मार कर आ गये। ताज जिस सीस की खातिर चुना भ्रात् ने, वह चरण पादुका धारण कर आ गए। प्रयागराज से पधारे कवि अखिलेश द्विवेदी ने अपने पुराने अंदाज से कहा जो हैं पढ़े लिखे वह सब संतरी बनें, अपराधी माफिया हैं वह सब मन्तरी बने।



# पंचायत भवनों पर चौपाल आयोजित

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।** क्षेत्र के ग्राम बरदरी व सहरी में चौपाल का आयोजन पंचायत भवनों पर किया गया। जिसमें ग्रामीणों की समस्यायों को सुनकर निस्तारण कराने का आश्वासन दिया गया।ग्राम बरदरी के पंचायत भवन पर ग्राम प्रधान शिवा मिश्रा की अध्यक्षता एंव ग्राम सचिव राजेश कुमार रावत के संयोजन में हुई चौपाल में दो पेशन से सम्बन्धित मामले आये जिस पर सचिव राजेश कुमार रावत ने दोनों शिकायतकर्ताओं को आश्वस्त किया कि शीघ्र ही उनकी रुकी हुई पेंशन दिलवाई जाएगी।इसी क्रम में ग्राम सहरी की चौपाल में सहायक विकास अधिकारी आईएसबी विनोद कुमार ने ग्रामीणों की समस्यायों को सुना और शिकायतों का निस्तारण कराने का आश्वासन दिया। ग्राम प्रधान आदि उपस्थित रहे।



# बसंत के आगमन का संदेश दे रही प्रकृति खेतों में खिले सरसों के पीले फूल

**बिजुआ खीरी।** पतझड़ के बाद बसंत के आगमन का संकेत देती प्रकृति बदलते मौसम का एहसास हो रहा है। बदलते परिवेश में पेड़-पौधे नए पत्ते धारण करने लगे हैं,फूल खिलने लगे हैं खेतों में पीले-पीले सरसों के फूल लहरा रहे हैं। प्रकृति के नए श्रृंगार के साथ ही बसंत की बयार भी बहने लगी है। जाती हुई सर्दियां,बड़े होते दिन गुनगुनाती धूप धीरे-धीरे तेज होने लगी है। खेतों में खिले सरसों के पीले फूल हर किसी को बरबस अपनी ओर आकर्षित करते हैं। इस वर्ष बसंत पंचमी का पर्व 14 फरवरी बुधवार को है। वर्षों से ऐसी मान्यता चली आ रही है कि इस दिन पूजा अर्चना के साथ होलिका की नींव रखी जाती है। वहीं ज्ञान की देवी मां सरस्वती की उपासना की जाती है। बसंत ऋतु के आगमन से चारों ओर शीत ऋतु का प्रकोप कम होने के साथ मौसम में गर्माहट होने लगती है। प्रकृति में बदलाव से बागों में आम के पेड़ों पर बौर आने के साथ खेतों में सरसों के पीले फूल खिल उठे हैं जो लोगों को अपनी ओर आकर्षित करते हैं।

## खबरें एक नजर में

### सीज किए डंपर की पुलिस ने नहीं भेजी रिपोर्ट

**उचौलिया खीरी।** उचौलिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत 30 जनवरी को अवैध खनन में सीज किए गए डंपर की रिपोर्ट तीसरे दिन भी खनन विभाग को नहीं भेजी गई है। ज्ञात हो कि ग्रामीणों की सूचना के बाद उचौलिया पुलिस ने बड़ी कार्यवाही करते हुए दिन के उजाले में अवैध तरीके से मिट्टी लेकर जा रहे डंपर संख्या यूपी 30ए टी 0319 को पकड़ा था। डंपर को पकड़ने के बाद पुलिस ने एम वी एक्ट के तहत उसको सीज कर दिया था। इस संबंध में खनन अधिकारी आशीष सिंह से जानकारी लेने पर उन्होंने बताया है कि अभी तक मुझे सीज हुए डंपर की रिपोर्ट नहीं मिली है रिपोर्ट मिलते ही आगे की कार्रवाई होगी।

### सड़क निर्माण में अनियमितताओं को लेकर फर्म प्रतिबंधित

**मैंगलगंज खीरी।** विकासखंड पसगवा के अंतर्गत ग्राम खखरा से खखरा मोड़ मैगलगंज नेशनल हाइवे तक बनी डामर रोड पूरी तरह से भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई। इस रोड का निर्माणकार्य अभी चंद दिनों पहले ही हुआ था और मात्र एक सप्ताह में ही यह रोड बनकर तैयार हो गई थी। ग्रामीणों द्वारा की गई शिकायत को लेकर उच्च अधिकारियों द्वारा जांच की गई थी था। जिसके चलते कई दिनों तक कार्यदाई संस्था पर कार्यवाही नहीं की गई। जिसके चलते ग्रामीणों में काफी आक्रोश पनपता चला गया। ग्रामीणों द्वारा सड़क पर उतरकर आक्रोश व्याप्त किया गया जिसके चलते उच्च अधिकारियों द्वारा संबंधित कार्यदाही व संस्था के ठेकेदार पर कार्रवाई की गई। विभाग ने संबंधित ठेकेदार मे. कृष्णा टायर्स एंड एजेंसीज (प्रोपराइटर संतोष यादव) को अपने खर्चे पर पूरी सड़क दोबारा बनाने का निर्देश दिया तथा फर्म को तीन साल के लिए प्रतिबंधित कर दिया।

### गौरीफंटा दुधवा रोड एक साथ दिखे दो वन्य जीव

**पालियां खीरी।** लखीमपुर खीरी जिले के दुधवा नेशनल पार्क में आए दिन राहगीरों में सैलानियों को टाइगर व अन्य वन्य जीवों के दीदार हो रहे हैं। शुक्रवार को दुधवा नेशनल पार्क के निकट एक साथ सड़क पार करते दो वन्य जीव दिखाई पड़े। एक तरफ विशालकाय अजगर सड़क पर मस्त चाल में भोजन कर के अपने मस्ती में सड़क पार करता दिखा तो चंद कदमों की दूरी पर एक विशालकाय हाथियों का झुंड नर मादा अपने बच्चों के साथ मदमस्त चाल में सड़क एक ओर से दूसरी ओर पार करते दिखे। दुधवा नेशनल पार्क घूमने आए सैलानियों और राहगीरों की भीड़ इकट्ठा हो गई और सभी ने डरते डरते दूर से ही अपने अपने मोबाइल से वन्य जीवों के साथ सेल्फी लेनी शुरू कर दी।

### गांव चलो अभियान कार्यशाला का हुआ आयोजन

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।** भारतीय जनता पार्टी ने लोकसभा चुनाव जीतने की रणनीति बनाते हुए गांव चलो अभियान शुरू किया है। अभियान को लेकर मण्डल कार्यशाला का आयोजन किया गया। शुक्रवार को लोक निर्माण विभाग अतिथि गृह में भाजपा की गांव चलो अभियान मंण्डल कार्यशाला मंण्डल अध्यक्ष संन्तोष पान्डेय की अध्यक्षता में हुई। जिसमें पूर्व विधायक शरद अवस्थी, पूर्व विधान परिषद सदस्य हरगोविंद सिंह ने कार्यशाला में विचार ब्यक्त किया। कार्यशाला में पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं को गुरुमंत्र देते हुए शरद अवस्थी ने कहा कि पदाधिकारी कार्यकर्ता गांव चलो अभियान के तहत गांवों में केन्द्र व राज्य सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचायेंगे।

# पंचायत सचिवालय में पंचायत सहायक रहते हैं नदारद

**हैदरगढ़,बाराबंकी समृद्धि न्यूज।**

ग्राम पंचायत के कार्यालय पंचायत की बैठकों के आयोजनो तथा ग्राम स्तर पर पंचायत सचिव की उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एवं ग्रामीणों को समस्त प्रकार की ऑनलाइन सेवाएं प्रदान करने के लिए सरकार द्वारा लाखों रुपए खर्च करके पंचायत भवन का निर्माण कराया गया है और वहां पर पंचायत सहायक की नियुक्ति की गई है जहां पर ग्रामीणों को समस्त प्रकार की ऑनलाइन सेवाये प्रदान की जाती है। परंतु पंचायत सहायक द्वारा पंचायत भवन के खुलने और बंद करने का समय निश्चित नहीं होने के कारण ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मामला विकासखंड हैदरगढ़ के ग्राम पंचायत रनापुर में बने पंचायत भवन का है जहां पर तैनात पंचायत सहायक के आने और जाने का कोई निश्चित समय नहीं है जबकि शासन द्वारा सुबह 9:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक पंचायत भवन के खुले रहने का आदेश है। दोपहर 12:00 बजे पहुंचे हमारे प्रतिनिधि को भी पंचायत भवन पर ताला बंद मिला जब इस संबंध में एडियो पंचायत संजय कुमार से बात की गई तो उन्होंने छुट्टी पर होने की बात कही।




# दो दिन तक विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

**हैदरगढ़, बाराबंकी।** विद्युत वितरण केंद्र हैदरगढ़ ग्रामीण पर पावर ट्रांसफार्मर के आरक्षण कार्य के चलते शनिवार एवं रविवार को विभिन्न फीडर की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी यह जानकारी देते हुए अधिशासी अभियंता पी के गौतम ने बताया कि शनिवार को पावर हाउस हैदरगढ़ से जुड़े मंझार चौबीसी टेलीफोन त्रिवेदीगंज व नवोदय विद्यालय के फीडरो की विद्युत आपूर्ति सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक बाधित रहेगी इस दौरान उपभोक्ताओं को रोक-रोक कर विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। श्री गौतम ने यह भी बताया कि रविवार को कोठी फीडर पर अनुरक्षण कार्य के चलते विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। अधिशासी अभियंता ने उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

# पुलिस बैटरा चोर गैंग पर मेहरबान, नहीं हुआ खुलासा

**सिंगाही खीरी, समृद्धि न्यूज।**

थाना क्षेत्र में लगभग 6 माह से बैटरा चोर गैंग सक्रिय हो गया है और गैंग आए दिन ट्रैक्टर के बैटरी की चोरी कर लोगो की नाक मे दम कर दिया है। सूत्रों की माने तो आधा दर्जन टैक्टर के बैटरा खुल जाने के बाद भी पुलिस बैटरा चोर गैंग तक नहीं पहुंच पाई है न ही एक भी बैटरा चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर चोरों की तलाश में कोई ठोस कदम उठाया है। इलाके में हो रही ताबडतोड़ चोरियों की वजह से पुलिस की गश्त पर भी सवालिया निशान खड़े हो रहे हैं।

शर्दीय राते में कड़ाके की पड़ रही ठंड में कोहरे व अंधेरे का लाभ उठाकर 25 जनवरी की रात आनंद कुमार निवासी सिंगहा कला के घर के बाहर सोनालिका ट्रैक्टर खड़ा था जिस पर इमरान कंपनी का बैटरी लगा हुआ था चोरों ने बैटरी पर हाथ साफ कर दिया वही नसरत अली निवासी सिंगहा कला की सिंगाही बेलराया मार्ग पर देवस्थान सिद्ध बाबा के पास धुलाई सर्विस सेंटर की दुकान थी वहां पर चोरों सर्विस स्टेशन की मशीन खोल कर चंपत हो गए थे। पीड़ित आनंद ने सिंगाही पुलिस को तहरीर दी थी।

चोरी के एक हफ्ते का समय बीत जाने के बाद भी सिंगाही पुलिस एक भी चोरी का की रिपोर्ट दर्ज कर चोरी का खुलासा नहीं कर पाई है। बताते चलें कि इससे पहले भी ग्राम सिंगहा कला में चुन्नू जायसवाल, कैलाश रजक लक्ष्मी की ट्रैक्टर के बैटरी चोरी हो चुकी है। देवस्थान सिद्ध बाबा से दान पात्र चोरी हो चुका है पुलिस ने एक भी चोरी की रिपोर्ट दर्ज नहीं की है। जिससे चोरों के हौसले बुलंद हैं और हर रोज एक चोरी को अंजाम देते चले आ रहे हैं। पीड़ित घर के सदस्य ने निघासन पुलिस क्षेत्र अधिकारी से मिलकर मुकदमा दर्ज कर चोरी के वर्कआउट की मांग की है।



**निघासन पुलिस क्षेत्राधिकारी यजुवेंद्र यादव ने बताया कि सिंगाही थाना क्षेत्र में बैटरा चोर गैंग सक्रिय है इसकी सूचना मिली है। 25 जनवरी को हुई चोरियों की रिपोर्ट दर्ज करवाकर चोरियों का शीघ्र खुलासा किया जाएगा।**

# कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर की मनमानी से ग्रामीण परेशान

**दोपहर 2:00 बजे के बाद अक्सर बंद रहता है हेल्थ एवं वैलनेस सेंटर**

**हैदरगढ़,बाराबंकी समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है इसी क्रम में सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य व्यवस्था को सुदृण बनाने के लिए हेल्थ एवं वैलनेस सेंटर स्थापित कर कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर की तैनाती की गई है।

जिससे ग्रामीणों को छोटी मोटी बीमारियों की दवाओ के लिए इधर-उधर भटकना न पड़े। परंतु कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर की मनमानी के चलते अक्सर इस केंद्र पर 2:00 बजे के बाद ताला बंद मिलता है जबकि शासन द्वारा सुबह 9:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक हेल्थ एवं वैलनेस सेंटर खुलने का निर्धारित समय है। मामला विकासखंड त्रिवेदीगंज की ग्राम पंचायत मकनपुर में हाईवे के किनारे स्थित हेल्थ एवं वैलनेस सेंटर का है। जहां पर कई प्रकार की निशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं मरीज को प्रदान की जाती है। ग्रामीणों का आरोप है कि उक्त केंद्र अक्सर दोपहर 2:00 बजे के बाद बंद मिलता है जिससे हमें काफी परेशानियां उठानी पड़ती है शिकायत पर 3:00 बजे पहुंचे हमारे प्रतिनिधि को भी हेल्थ एवं वैलनेस सेंटर पर ताला बंद मिला और कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर मौजूद नहीं मिले।

जब इस संबंध में सीएचसी त्रिवेदीगंज के अधीक्षक डॉक्टर प्रणव श्रीवास्तव से बात की गई तो उन्होंने कहा कि मामले की जांच कर उचित कार्यवाही की जाएगी।




# विश्व वेटलैंड दिवस का महादेवा पर्यटन स्थल पर हुआ आयोजन

**सूरतगंज,बाराबंकी समृद्धि न्यूज।**

विश्व वेटलैंड दिवस का आयोजन शुक्रवार दोपहर महादेवा ईको पर्यटन स्थल (भगहर झील)पर किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे हुए अयोध्या एवं गोंडा मंडल के वन संरक्षक (आईएफएस ) मनोज कुमार सोनकर ने इस धरोहर को संजोकर रखने के संग में पक्षियों और पर्यावरण को बचाने का संदेश दिया है। वन एवं वन्यजीव प्रभाग की ओर से सूरतगंज विकास खंड स्थित 78.09 हेक्टेयर में फैली हुई भगहर झील के किनारे विश्व वेटलैंड दिवस में निबंध,कला एवं भाषण की प्रतियोगिताएं आयोजित हुई। वहीं निबंध में अंश पटेल प्रथम,काव्या वर्मा को द्वितीय व शालू गुप्ता को तृतीय पुरस्कार प्राप्त हुआ। कला में आर्य सिंह जानी को प्रथम,मुकेश कुमार को द्वितीय और साक्षी यादव ने तृतीय स्थान हासिल किया। भाषण में दिलीप सोनी को प्रथम स्थान रंजना वर्मा को द्वितीय व काव्या ने तृतीय स्थान प्राप्त किया है। इसमें बिगपुरवा गांव का गुरुकृपा पब्लिक स्कूल व जीआईसी के संग रामसरन वर्मा इण्टर कालेज के बच्चे मौजूद रहे। बच्चों ने पर्यावरण व पक्षियों पर विचार रखें।

बच्चों को मेडल और प्रशस्त पत्र देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि श्री सोनकर ने वेटलैंड डे के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि यह जीवन अनमोल है।

# विद्युत लाइन की सफाई का आज भी चला अभियान

**जैदपुर,बाराबंकी।** जैपुर विद्युत उपखंड अधिकारी ,एस डी ओ संदीप कुमार के निर्देशानुसार जैदपुर विद्युत विभाग द्वारा लाईन में अवरोध उत्पन्न होने के चलते पेड़ डाल कटिंग व सफ़ाई का कार्य शुक्रवार को भी चलता रहा। जिसमें तमाम विभागीय कर्मचारी कार्य करते नजर आये। ज्ञात होकि आने वाले समय में आम बिजली उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की कोई समस्या न हो इस लिये लगातार एक महीने तक चलने वाले इस विशेष सफाई अभियान के अंतर्गत आज भी 33 केवी लाइन में बधायें पहुचाने हेतु तमाम पेड़ों की कटिंग की जायेगी। जिसके चलते सुबह 10 बजे से 3 बजे तक विद्युत सप्लाई बंद रहने की बात सामने आयी है इस संबंध में जूनियर इंजीनियर समसुल लका अंसारी ने बताया कि इस अभियान में बिजली उपभोक्ताओं से सहयोग की अपेक्षा की।

# हैदरगढ़ विधानसभा में डॉक्टर पीएल पुनिया की कार्यकर्ताओं के साथ हुई हाई लेवल मीटिंग

**हैदरगढ़, बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**

कांग्रेस पार्टी के के वरिष्ठ नेता व पूर्व सांसद डॉ पीएल पुनिया व तनुज पुनिया की अध्यक्षता में विधानसभा हैदरगढ़ के न्याय पंचायत दतौली चंदा में कार्यकर्ता बैठक करके सभी पदाधिकारी को राजनीतिक गुर बताए, बल्कि चुनाव की तैयारी सहित आगे की रणनीति के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस कार्यक्रम में ब्लॉक अध्यक्ष न्याय पंचायत प्रभारी, बूथ अध्यक्ष के अलावा अन्य पदाधिकारी विशेष रूप से बुलाया गया था । कार्यक्रम के समापन पर क्षेत्र से आए सभी कांग्रेस पदाधिकारी को माला पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर हैदरगढ़ कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष अधिवक्ता सियाराम यादव, पूर्व अध्यक्ष राजकुमार सिंह, दिनेश शुक्ला ,सूरज दीक्षित मोहम्मद सरवर सिद्दीकी, संजय सिंह, डिंपल सिंह, दुर्गा प्रसाद मिश्रा, प्रधान डॉक्टर पीसी चंद्रा ,सत्यम सिंह, बबलू शुक्ला, अधिवक्ता अंकुर सिंह यादव, विनय श्रीवास्तव, राम बहादुर पाल, राम सागर रावत, आसाराम यादव, कृष्ण कुमार कौशल शंभू यादव, सहित लगभग सभी गांव के अध्यक्ष उपस्थित रहे।



**अतिक्रमण**

**शिकायतकर्ता को मिल रहीं जान से मारने की धमकी**

# अतिक्रमणकारियों ने किया शिकायतकर्ता के घर का घेराव

**शिकायतकर्ता के माता-पिता ने 112 पुलिस को सूचना दी तब जाकर उनकी जान बची**

**बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**

आबादी के अंदर बने एक सरकारी रास्ते पर दबंगों द्वारा किए गए अतिक्रमण की तमाम उच्चाधिकारियों से शिकायत पर भी अतिक्रमण तो नही हटवाया जा सका परन्तु शिकायतकर्ता को जान से मारने की धमकी जरूर मिल रहीं हैं। यहाँ तक कि गुरुवार को अतिक्रमणकर्ताओं ने शिकायतकर्ता के पिता को जान से मारने की नीयत से लाठी डंडा व धार दार हथियार लेकर उनके घर पर धावा बोल दिया। परन्तु शिकायतकर्ता के माता पिता ने अपने घर का दरवाज़ा बंद करके अपने बेटे को फोन करके 112 पुलिस को सूचना दी। तब जाकर उनकी जान बची। पुलिस के पहुँचने पर विपक्षीगण भाग गये। आपको बताते चलें कि थाना जहाँगीराबाद अंतर्गत ग्राम बल्लापुर मजरे अजगना निवासी संजय कुमार पुत्र श्री धर्मपाल ने उक्त प्रकरण को लेकर थाना दिवस, तहसील दिवस के अलावा कई उच्चाधिकारियों को प्रार्थनापत्र देकर अपने गांव के ही प्रमोद कुमार पुत्र गया प्रसाद व राजेंद्र प्रसाद पुत्र श्रीराम पर गांव के खड़ंजे को उखाड़ने व उसपर भारी मात्रा में ईंट गुम्में डालकर रास्ते को अवरुद्ध करने का आरोप लगाया था।जिसपर जहांगीराबाद पुलिस ने विपक्षीगण के खिलाफ मुक़दमा तो पंजीकृत कर लिया परन्तु आज तक अतिक्रमण नही हटाया जा सका।

जिसके सम्बन्ध में शुक्रवार को पुनः पीड़ित ने मुख्यमंत्री, प्रमुख सचिव राजस्व, जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, मुख्य विकास अधिकारी ,खंड विकास अधिकारी देवा को प्रार्थनापत्र देकर अतिक्रमण हटाने व उचित कार्यवाही की मांग की है।



## मुख्यमंत्री योगी ने शक्ति वंदन अभियान का किया शुभारंभ

# नारी शक्ति के स्वावलंबन के लिए हुए कई कार्य

**▸ पीएम मोदी के नेतृत्व में हो रहा देश का विकास : सीएम**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** शक्ति वंदन अभियान की शुरुआत शुक्रवार को सीएम योगी आदित्यनाथ ने की। उन्होंने कहा, नारी शक्ति के सम्मान और स्वावलंबन के अनेक कार्य हुए। इसीलिए कहा गया जहां नारी सम्मान होता है वहां देवता विराजते हैं, इसीलिए तो रामलला विराजमान हुए। साधना का फल मिला है। भारत की लोक आस्था का सम्मान हुआ है। सरकार का थोड़ा सा प्रोत्साहन हो जाए तो ये नारी शक्ति कुछ भी कर सकती है।

चंद्रयान मे इसी यूपी की नारी शक्ति ने अपनी प्रतिभा दिखाई। 2019 मे हमने झांसी मे महिला स्वयं सहायता समूह को स्वावलंबन किया। आज वो महिला समूह ब्लैनी मिल्क प्रोड्यूसर के रूप मे एक उदाहरण बन गया है। महिला समूह का टर्न ओवर ही केवल 150 करोड़ का है। अगर हम एक सकारात्मक अभियान चलाएं तो इसके सकारात्मक परिणाम भी सामने आता है। आज महिला संबंधी अपराध मे अपराधी को सजा कराने में यूपी पहले स्थान पर है।

अब कोई भी दल नारी शक्ति को रोक नहीं सकता है। संसद मे 33 प्रतिशत नारी शक्ति को जाना ही है। पीएम मोदी के नेतृत्व में देश आगे बढ़ रहा है। इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित कार्यशाला को महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष विजया रहाटकर सहित पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी, प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक, प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह भी संबोधित करेंगे। कार्यशाला में क्षेत्रीय प्रभारी, क्षेत्रीय अध्यक्ष, जिला प्रभारी, जिलाध्यक्ष, क्षेत्रीय अभियान की टोली व जिला अभियान की टोली के सदस्य भी शामिल हुए।

### बिना भेदभाव के सभी को मिल रहा योजना का लाभ

प्रधानमंत्री मोदी ने साढ़े नौ वर्षों में रामराज्य की परिकल्पना के अनुसार बिना भेदभाव के किसानों, महिलाओं, नौजवानों और समाज के हर तबके के लोगों को ध्यान में रखकर योजनाएं बनाई और लाभ देने के लिए अभियान चलाया। पूरे देश में चार करोड़ गरीब परिवारों को बिना भेदभाव के आवास दिये गये। ज्यादातर मालिकाना हक महिलाओं को दिया गया। स्वच्छ भारत मिशन के तहत 12 करोड़ शौचालय बनाए गए। हर घर नल योजना से शुद्ध पेयजल की व्यवस्था की जा रही है। पूरे देश में पहली बार गांव में गरीबों को उनके आवास का मालिकाना हक देने के लिए पीएम स्वामित्व योजना चलायी गयी। जरूरी था क्योंकि पहले गांव के दबंग इनका घर जर्जर होने पर बनाने नहीं देते थे और उस पर कब्जा कर लेते थे। स्ट्रीट वेंडर के बारे में कोई सोचता ही नहीं था, लेकिन आज उन्हे ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध कराकर आर्थिक स्वावलंबन के मार्ग पर प्रशस्त किया जा रहा है। प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के तहत देश के 10 करोड़ परिवार यानि 50 करोड़ से अधिक लोगों को निशुल्क स्वास्थ्य बीमा का लाभ दिया गया। इसके अलावा प्रधानमंत्री जनधन अकाउंट योजना से लेकर प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि समेत तमाम योजनाओं में देश की आधी आबादी को केंद्र बिंदु रखा गया, क्योंकि सबसे ज्यादा उनका शोषण होता था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में इन योजनाओं में आधी आबादी को जोड़कर देश ने दुनिया के सामने नए भारत को प्रस्तुत किया है। डबल इंजन की सरकार के विभिन्न अभियान से इन्हे प्रभावी ढंग से जोड़ा जाए तो आधी आबादी वर्ष 2024 में तीसरी बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को देश का प्रधानमंत्री चुनने में उनकी अहम भूमिका सामने आएगी। अयोध्या धाम में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले साढ़े नौ वर्षों में देश में चलाए गए कार्यक्रम व अभियानों की एक महत्वपूर्ण कड़ी है।

## सीएम के नेतृत्व में युवाओं को कौशलपरक प्रशिक्षण देकर बनाया जा रहा हुनरमंद

**▸ मण्डलस्तरीय रोजगार मेले का शुभारम्भ करेंगे मुख्यमंत्री योगी**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में युवाओं को कौशलपरक प्रशिक्षण प्रदान कर हुनरमंद बनाया जा रहा है। हुनरमंद युवाओं को वृहद रोजगार मेलों के माध्यम से रोजगार के अवसर प्रदान किये जा रहे हैं।

उन्होंने बताया कि युवाओं को रोजगार देने की पहल और प्रतिबद्धता को बढ़ावा देने के लिए व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता विभाग द्वारा उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन, राजकीय आईटीआई तथा प्रशिक्षण एवं सेवायोजन निदेशालय के सहयोग से जनपद गोरखपुर में 04 फरवरी, 2024 को मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर में वृहद् मण्डलस्तरीय रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है।

कौशल विकास मंत्री ने बताया कि वृहद मण्डल स्तरीय रोजगार मेला का उद्घाटन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा किया जायेगा। मुख्यमंत्री द्वारा रोजगार मेला में चयनित हुये कतिपय प्रतिभागियों को नियुक्ति पत्र वितरित किये जायेंगे। मिशन निदेशक, उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन रमेश रंजन ने बताया कि रोजगार मेला में अधिकाधिक अभ्यर्थियों की प्रतिभागिता व मेला की सफलता के लिये गोरखपुर के मण्डलायुक्त व मण्डल के समस्त जनपदों के जिलधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर लिया गया है।

### रोजगार मेले में 250 से ज्यादा कंपनियां लेंगी भाग

उन्होंने बताया कि रोजगार मेले में लगभग 250 से अधिक अन्तर्राष्ट्रीय व राष्ट्रीय स्तर की कम्पनियों एवं नियोक्ताओं जैसे आईबीएम-रीचा, एचसीएल, वेलस्पन, इत्यादि द्वारा अपनी रिक्तियों के साथ प्रतिभाग किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त विभिन्न सेक्टर स्किल काउंसिलिंग द्वारा युवाओं को विभिन्न ट्रेड्स में प्रशिक्षण व उनके सर्टिफिकेशन किया जा रहा है, के द्वारा भी रोजगार मेला में प्रतिभाग किया जायेगा। रोजगार मेला में प्रतिभागी कम्पनियों द्वारा 40 हजार से अधिक रिक्तियों हेतु युवाओं का चयन किया जायेगा।

## खबरें एक नजर में

### पेड़ से लटकता मिला युवक का शव, हत्या की आशंका

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के पारा क्षेत्र परसादी खेड़ा गांव में शुक्रवार सुबह 20 वर्षीय युवक का शव गांव के बाहर आम के पेड़ से लटका मिला। मृतक के बड़े भाई विनीत के अनुसार मृतक संदीप किराए के मकान में लखनऊ के कृष्णानगर थाने के अंतर्गत विजय नगर में रहता था और फर्नीचर का काम करता था। संदीप फर्नीचर के कामों को लेकर ठेके पर काम करता था और संदीप के बड़े भाई ने बताया कि किसी ठेकेदार से पैसे का लेनदेन था। जिससे वह परेशान रहता था। उप निरीक्षक हंस खेड़ा चौकी प्रभारी जय बहादुर राय के मुताबिक मूल रूप से ग्राम अंतवा माजरा समसपुर तहसील बांगरमऊ हालपता विजय नगर सुनहरा निवासी पेशे से फर्नीचर कारीगर संदीप शर्मा 20 पुत्र गंगा प्रसाद शर्मा का शव प्रसादी खेड़ा स्थित आम के बाग में सरकारी ट्यूबवेल के पास गमछे के सहारे पेड़ से लटकता मिला। पारा इंस्पेक्टर बृजेश वर्मा के मुताबिक शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया गया। पीड़ित की तहरीर पर मुकध्दमा दर्ज कर आगे की कार्यवाही की जाएगी।

### निरीक्षण : निर्माणाधीन कार्यों में तेजी लाएं अफसर

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** शुक्रवार को मंडलायुक्त रोशन जैकब ने बसंत कुंज योजना के प्रेरणास्थल पहुंची। लखनऊ विकास प्राधिकरण के अफसरों के साथ औचक निरीक्षण करने पहुंची रोशन जैकब ने पहले निर्माणाधीन काम का जायजा लिया। काम की रफ्तार सुस्त देख, कमिश्नर ने विभागीय अफसरों को मैनपॉवर के साथ मशीनरी बढ़ाने के निर्देश देते हुए युद्ध स्तर पर काम करने की बात कही रोशन जैकब ने कहा कि हॉर्टिकल्चर का काम तेजी से पूरा किया जाए। वही पाथ-वे व लैंड शिपिंग कार्य के साथ टोटल 6 गेट और बाउंड्री वॉल की डेंटिंग-पेंटिंग काम बिना देरी किए करने को कहा। आर्टिफिशियल ग्रास से प्रेरणा स्थल भी लिखने के निर्देश दिए। प्रेरणा स्थल में कैफेट एरिया, योगा सेंटर और टॉयलेट एरिया के सिविल कार्य लगभग लास्ट स्टेज में होते हुए पाए गए। मौके पर निर्माणधीन म्यूजियम के काम में भी तेजी दिखी। मौके पर मंडलायुक्त ने सीसीटीवी कैमरा लगाने के निर्देश दिए।

### आशीष व सौरव ने पुरुष 2000 मी. ओपन पेयर्स में जीता कांस्य

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश के आशीष गोलियान व सौरव कुमार ने 41वीं सीनियर नेशनल रोइंग चौंपियनशिप में पुरुष 2000 मी.ओपन पेयर्स में कांस्य पदक जीता। रोइंग फेडरेशन ऑफइंडिया और महाराष्ट्र रोइंग एसोसिएशन की देखरेख में गत 28 जनवरी से 3 फरवरी 2024 तक आयोजित प्रतियोगिता में यूपी की जोड़ी ने 07 13.8 सेकेंड के समय के साथ यह सफलता हासिल की।उत्तर प्रदेश रोइंग एसोसिएशन के सचिव सुधीर शर्मा ने देते हुए बताया कि इस स्पर्धा का स्वर्ण आर्मी के बाबू लाल यादव व लेखराम ने 07.06.0 सेकेंड के समय के साथ जीता। रजत पदक सर्विसेज के इकबाल सिंह व सनी कुमार ने 07.09.2 सेकेंड के समय के साथ मिला। आशीष गोलियान व सौरव कुमार के कांस्य पदक जीतने पर उत्तर प्रदेश रोइंग टीम के चयन कमेटी के चेयरमैन आईपीएस आदित्य मिश्रा, संरक्षक आईपीएस डॉ. आरपी सिंह, आईपीएस राजीव त्रिवेदी, आईपीएस गोपाल गुप्ता सेवानिवृत्त, डीजी रेनुका मिश्रा, आईपीएस बिनोद कुमार सिंह ने बधाई दी।

### लूट का विरोध करने पर चौकीदार की हत्या

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** शिवरी ग्राम पंचायत के मजरा लोखरिया गांव निवासी लाखन राजपूत कूड़ा प्लांट के पास बने निजी तेल प्लांट में चौकीदारी का काम करते थे। शुक्रवार सुबह लाखन राजपूत का शव प्लांट के परिसर में पड़ा मिला। लाखन के गले मे गमछा कसा हुआ था। परिजनों ने बताया कि लाखन राजपूत तीन भाई थे। एक भाई की मौत पूर्व में हो चुकी थी। लाखन तेल प्लांट में बीते दो वर्ष से चौकीदारी का काम रहा था। प्लांट आबादी से बाहर होने की वजह से अक्सर चोर चोरी की फिराक से आते थे। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि अज्ञात बदमाशों ने चोरी की फिराक में लाखन की हत्या कर दी है। इंस्पेक्टर नवाब अहदम ने बताया कि घटनास्थल पर फोरेंसिक टीम व डॉग स्क्वायड टीम ने जांच पड़ताल की है। चोरी समेत अन्य बिंदुओं पर जांच पड़ताल की जा रही है। मृतक के भाई प्रेम ने गांव के ही व्यक्ति के खिलाफतहरीर दी है। जिस पर भी जांच पड़ताल की जा रही है।

### एलयू में हुई वाद-विवाद और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ विश्वविद्यालय एलयू में इंटर हॉस्टल कॉम्पिटिशन फेस्ट के चौथे दिन हबीबुल्लाह हॉल में वाद-विवाद और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमे सभी प्रतिभागियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। संबंधित प्रतियोगिताओं के निर्णायक प्रोफेसर आनंद विश्वकर्मा, डॉ. अनित्य गौरव और डॉ. सत्यकेतु रहे। वाद-विवाद प्रतियोगिता का विषय था कृत्रिम-बुद्धिमतारू शाप अथवा वरदान और पोस्टर मेकिंग का विषय आध्यात्मिक आधार पर विकसित भारत रहा। वाद-विवाद प्रतियोगिता अंचल वर्मा, एचजेबी हॉल ने जीती जबकि पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता अंकित यादव, हबीबुल्ला हॉल ने जीती। इसी के साथ क्रिकेट का सेमी फाइनल ग्राउंड में हुआ। सभी कार्यक्रम सुचारू एवम व्यवस्थित रूप से डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर प्रोफेसर संगीता साहू और चीफ प्रोवोस्ट प्रोफेसर अनूप कुमार सिंह की देखरेख मे पूर्ण हुऐ। इन सभी प्रतियोगिताओं के सफल संचालन में प्रो मनीषा बनर्जी, डॉ राजेश्वर यादव, प्रो मनोज शर्मा, डॉ ओ पी शुक्ला, डॉ महेंद्र अग्निहोत्री, डॉ मोहम्मद तारिक, डॉ अर्चना सिंह, डॉ मनीषा शुक्ला डॉ सक्षम श्रीवास्तव ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### बाल विकास पुष्टाहार मंत्री ने मृतक आश्रित कोटे से 16 लोगों को दिया नियुक्ति पत्र

**लखनऊ।** प्रदेश की महिला कल्याण एवम बाल विकास पुष्टाहार मंत्री,बेबी रानी मौर्य ने आज शुक्रवार को अपने सरकारी आवास पर बाल विकास पुष्टाहार विभाग में कार्यरत रहे 16 कर्मचारियों के निधन के उपरांत उनके परिजनों को मृतक आश्रित कोटे से नियुक्ति पत्र वितरित किया गया, जिसमें मुख्य सेविका ब्रह्म कुमारी के निधन के बाद मृतक आश्रित कोटे से पौत्र बद्री विशाल, सरला देवी के पुत्र जितेंद्र कुमार, मायावती मिश्रा के पुत्र रवि कुमार मिश्र, बिसलावती देवी के बेटे विवेक गौतम, गीता शर्मा के पुत्र आदित्य शर्मा, रीता देवी के पुत्र सूरज कांत, रामसुमेर पाल के पुत्र राजकुमार पाल, राम प्रसाद वर्मा के पुत्र आनन्द वर्मा, राजेश जायसवाल के पुत्र उज्ज्वल जायसवाल, चंद्रशेखर दयाल के पुत्र प्रेम कुमार, तारा देवी के पुत्र हरीश कुमार, दिलीप मान सिंह के पुत्र अंशुमान सिंह, सुरेश चंद्र के पुत्र पीयूष राजपूत, राधाकृष्ण के पुत्र मयंक सिंह धाकड़, राजू शर्मा की पत्नी रजनी शर्मा, राजेश कुमार के पुत्र रूपेश मिश्र को नियुक्ति पत्र सौंपा गया।

## कल आयोजित होगा पटेल बौद्धिक विचार मंच का राष्ट्रीय सम्मेलन




**▸ बुद्धिजीवी एप, पटेल चेतना रैली व आगामी रणनीति पर होगा विचार, शामिल होंगे दो हजार प्रतिनिधि**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** सरदार पटेल बौद्धिक विचार मंच की ओर से रविवार 4 फरवरी को राजधानी के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में सरदार पटेल और सामाजिक समरसता से जुड़े विभिन्न पक्षों पर राष्ट्रीय बुद्धिजीवी सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। मुख्य अतिथि महाराष्ट्र के राज्यपाल रमेश बैस होंगे।

बौद्धिक विचार मंच के महामंत्री जगदीश शरण गंगवार ने बताया कि पटेल समाज की आबादी 12 प्रतिशत से अधिक है। ये ध्यान में रखते हुए सम्मेलन में सभी प्रदेशों के प्रतिनिधि, मुख्य रूप से पूर्व प्रशासनिक अधिकारी, सेना के पूर्व अधिकारी, पूर्व एवं वर्तमान कुलपति, उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति, सांसद, विधान सभा व विधान परिषद सदस्य, महापौर, जिला पंचायत अध्यक्ष, सहकारी बैंको के अध्यक्ष, ब्लॉक प्रमुख, जिला पंचायत सदस्य, सभासद, उद्योगपति, अधिवक्ता, शिक्षाविद, वैज्ञानिक, समाज सेवी, समाज के विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि और प्रोग्रेसिव किसानों सहित लगभग 2,000 प्रतिनिधि शामिल होंगे। आयोजित पत्रकार वार्ता में अरुण सिन्हा आईएएस सेवानिवृत्त संस्थापक संरक्षक, डॉक्टर क्षेत्रपाल गंगवार अध्यक्ष आदि ने विचार व्यक्त किए।

### तराई सीमा क्षेत्र के आठ जिलों में होगा महोत्सव : जयवीर

**लखनऊ।** प्रदेश के तराई सीमा क्षेत्र के जनपदों में भारत-नेपाल मैत्री महोत्सव 2024 कार्यक्रमों का आयोजन 09 फरवरी से 29 फरवरी तक किया जाना है। कार्यक्रम का उद्देश्य तराई सीमा क्षेत्र से संबंधित जनपदों में युवा पीढ़ी एवं विद्यार्थियों को प्रदेश के गौरवशाली सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने एवं देश प्रेम की भावना को जागृत करना है। यह महोत्सव 09 फरवरी को सिद्धार्थनगर से प्रारम्भ होकर महराजगंज, कुशीनगर, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी एवं पीलीभीत में 29 फरवरी को समाप्त होगा। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि महोत्सव को भव्य ढंग से आयोजित करने के लिए तराई क्षेत्र के 08 जनपदों सिद्धार्थनगर, महराजगंज, कुशीनगर, बहराइच बलरामपुर, श्रावस्ती, लखीमपुर खीरी तथा पीलीभीत के जिलाधिकारियों को प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति तथा धर्मार्थ कार्य की ओर से दिशा-निर्देश जारी किये गये हैं।



उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से शुक्रवार को राजभवन में प्रदेश के नवनियुक्त पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार, आईपीएस ने शिष्टाचार भेंट की।

### मेयर से सदस्यता प्रमाण पत्र पाकर खिले पटरी दुकानदारों के चेहरे



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** सर्व समाज उद्योग व्यापार मंडल के तत्वावधान में शुक्रवार को अमीनाबाद गंगा प्रसाद रोड के छोटे व मंझोले पटरी व्यापारियों को सदस्यता प्रमाण पत्र बांटे गए, कई दशकों से अमीनाबाद में व्यापार कर रहे इन छोटे व फुटकर व्यापारियों को व्यापार मंडल ने दी प्राथमिकता और पहली बार उनको संगठन का सदस्य बनाया। प्रदेश अध्यक्ष आसिम मार्शल ने व्यापारियों को यह भरोसा दिलाया कि प्रत्येक बाजार में और वार्डों में इन व्यापारियों को ध्यान में रखकर बनाए जाएंगे वेंडिंग जोन जिससे बाजार में अतिक्रमण व ट्रैफिक की समस्या से भी मिलेगी निजात और इन व्यापारियों को सम्मान से व्यापार करने के लिए मिलेगी नगर निगम द्वारा प्रस्तावित जगह। प्रमुख तौर से संगठन के प्रदेश अध्यक्ष आसिम मार्शल के साथ प्रदेश महिला अध्यक्ष ज्योति सिंह अग्रवाल प्रदेश महासचिव श्री मोहनीश त्रिवेदी प्रदेश सचिव जमाल अख्तर नगर उपाध्यक्ष मोहम्मद शोएब शारदा बाजार के संस्थापक आनंद रस्तोगी आदि मौजूद रहे।

### स्पीकर ने किया महिला विधायकों के विश्राम कक्ष का उद्घाटन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** विधानसभा में महिला विधायकों की सहूलियत के लिए विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने महिला कक्ष का मॉर्डनाइजेशन कराने का निर्णय लिया।हर जरूरी सुविधा का ख्याल रखा गया है। आज स्पीकर ने विधान भवन में महिला विधायकों के नवीनीकृत कक्षा का उद्घाटन किया।इस मौके पर बड़ी संख्या में महिला सदस्य उपस्थित रही। महिला सदस्यों ने खुशी का इजहार किया। उत्तर प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने आज विधानभवन स्थित महिला विधायकों के लिए विश्राम कक्ष का आज उदघाटन किया महिला सदस्यों को सत्र के दौरान समस्याओं का सामना करना पड़ता था, जिसका समाधान हो गया है।

## उद्यान मंत्री करेंगे अन्तर्राष्ट्रीय बायर सेलर मीट का शुभारम्भ

**▸ कृषक उत्पादक संगठन के 500 प्रतिनिधि कर रहे हैं प्रतिभाग**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** प्रदेश के उद्यान एवं कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दिनेश प्रताप सिंह 03 फरवरी को जेपी होटल आगरा में उत्तर प्रदेश में होने जा रहे दो दिवसीय दूसरे अन्तर्राष्ट्रीय बायर सेलर मीट का शुभारम्भ करेंगे। इस आयोजन में जनपदों के बागवानी से जुडे किसान तथा कृषक उत्पादक संगठन के लगभग 500 प्रतिनिधि प्रतिभाग कर रहे हैं।

गुणवत्तायुक्त उत्पादन को विदेशों में निर्यात करने से उत्पादक कृषकों को अधिक आय हो सके। इसी उद्देश्य के साथ बायर सेलर मीट का आयोजन उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग के द्वारा कराया जा रहा है। इस बायर सेलर मीट के आयोजन में कृषि एवं बागबानी से सम्बन्धित कृषकों के उत्पादों एवं कृषि क्षेत्र से सम्बन्धित प्रदर्शनी एवं उच्च कोटि की बागवानी फसलों के 40 से अधिक स्टाल लगाये गये हैं। निदेशक उद्यान अतुल कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश में उत्पादित कृषि उत्पादों का निर्यात कर रहे दो दर्जन से अधिक निर्यातकों द्वारा बायर सेलर मीट आयोजन में प्रतिभाग किया जायेगा।

संयुक्त अरब अमीरात, सिंगापुर, ग्रीस, नेपाल, बहरीन सहित 10 देशों के 40 से अधिक खरीदार आमंत्रित किये गये हैं।

इस आयोजन के तकनीकी सत्र में कृषि फसलों के निर्यात को कैसे बढ़ाया जाय, इस पर वर्ल्ड इकानामिक फोरम, इन्टरनेशनल फाइनेन्स कारपोरेशन तथा सेन्टर फोर फोर्थ इण्ड्रस्ट्रियल रिव्यूशन द्वारा प्रस्तुतीकरण के माध्यम से जानकारी उपलब्ध करायी जायेगी। कृषि क्षेत्र में डिजीटल तकनीकों को बढ़वा देने हेतु डिजीटल एग्रीकल्चर एण्ड एक्सपोर्ट प्रमोशन काउन्सिल की बैठक का आयोजन भी किया जायेगा।

### पूर्व एमएलसी जगजीवन बाबू का निधन, दी श्रद्धांजलि

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** समाजवादी पार्टी से संस्थापक और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव के निजी सचिव व सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के ओएसडी रहे जगजीवन बाबू का शुक्रवार को निधन हो गया। जगजीवन बाबू के निधन पर अखिलेश यादव ने दुख व्यक्त करते हुए शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदना की। अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया पर ट्वीट लिखा, पूर्व एमएलसी, आजीवन नेताजी के पारिवारिक सदस्य की तरह रहे समाजवादी पार्टी के सशक्त स्तम्भ श्री जगजीवन बाबू जी का निधन, अत्यंत दुरूखद! दिवंगत आत्मा को शांति दे भगवान। शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदना।

समस्त जनपद वासियों को गणतंत्र दिवस एवं बसंत पंचमी की हार्दिक शुभकामनाएं
सुनीता बनौधा
मुख्य चिकित्सा अधीक्षिका
जिला महिला अस्पताल, उरई, जालौन

समस्त जनपद वासियों को गणतंत्र दिवस एवं बसंत पंचमी की हार्दिक शुभकामनाएं
सर्वेश कुमार
खण्ड विकास अधिकारी
विकास खण्ड कुठौंद, जनपद-जालौन

समस्त जनपद वासियों को गणतंत्र दिवस एवं बसंत पंचमी की हार्दिक शुभकामनाएं
रमेश चन्द्र शर्मा
खण्ड विकास अधिकारी
विकास खण्ड माधौगढ़, जनपद-जालौन

समस्त जनपद वासियों को गणतंत्र दिवस एवं बसंत पंचमी की हार्दिक शुभकामनाएं
प्रशांत कुमार यादव
खण्ड विकास अधिकारी
विकास खण्ड जालौन, जनपद-जालौन

समस्त जनपद वासियों को गणतंत्र दिवस एवं बसंत पंचमी की हार्दिक शुभकामनाएं
नरेश प्रसाद
वरिष्ठ प्रबंधक
पंजाब नेशनल बैंक उरई, जालौन

समस्त जनपद वासियों को गणतंत्र दिवस व बसंत पंचमी की हार्दिक शुभकामनाएं
सेठ वीरेन्द्र कुमार स्नातकोत्तर महाविद्यालय
गूढ़ा, उरगाँव रोड, जालौन
संचालित कोर्स- M.Sc., M.A., B.A., B.Sc. B.Com., B.Ed., BTC (D.EL.ED.), B.El.Ed.
डॉ0 नितिन मित्तल अध्यक्ष
पुनीत मित्तल प्रबंध निदेशक
दीपक कुमार मित्तल प्रबंधक
कार्यालय : मित्तल कॉम्पलैक्स, बैठगंज, जालौन मो0 : 9415592331

समस्त जनपद वासियों को गणतंत्र दिवस एवं बसंत पंचमी की हार्दिक शुभकामनाएं
विपिन कुमार
खण्ड विकास अधिकारी
विकास खण्ड महेवा, जनपद-जालौन

समस्त जनपद वासियों को गणतंत्र दिवस व बसंत पंचमी की हार्दिक शुभकामनाएं
महेश कुमार
प्रधान
ग्राम पंचायत बिचौली, विकास खण्ड- कुठौन्द, जनपद- जालौन

समस्त जनपद वासियों को गणतंत्र दिवस व बसंत पंचमी की हार्दिक शुभकामनाएं
वंशीधर महाविद्यालय
झाँसी रोड, उरई
संचालित कोर्स- B.Ed., M.Ed., BP.Ed., B.El.Ed. & D.El.Ed.
सम्पर्क सूत्र - 9670855888

समस्त जनपद वासियों को गणतंत्र दिवस एवं बसंत पंचमी की हार्दिक शुभकामनाएं
दिनेश कुमार यादव
खण्ड विकास अधिकारी
विकास खण्ड कोंच, जनपद-जालौन

समस्त जनपद वासियों को गणतंत्र दिवस व बसंत पंचमी की हार्दिक शुभकामनाएं
नरेन्द्र कुमार प्रधान
शुभम बाजपेयी सचिव
ग्राम पंचायत कुठौन्द, विकास खण्ड- कुठौन्द, जनपद- जालौन

समस्त जनपद वासियों को गणतंत्र दिवस व बसंत पंचमी की हार्दिक शुभकामनाएं
नरेन्द्र सिंह राजावत अध्यक्ष
संजय सिंह सचिव
संकल्प : महिला उत्पीड़न रोकना व पिछड़ा एवं बीहड़ क्षेत्र का विकास करना
परमार्थ समाज सेवी संस्थान, उरई, जालौन

# बैंक कैशियर से आठ लाख की लूट, मचा हड़कंप

- सीसीटीवी में कैद हुई लूट की वारदात
- एसपी कार्यालय से चंद कदम की दूरी पर हुई घटना

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।**

जनपद मुख्यालय स्थित गोंडा नगर के वीआईपी इलाके में स्थित प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक की सिविल लाइन शाखा से एक बाइक सवार लुटेरे ने बैंक कैशियर को हंसिया दिखाकर आठ लाख रुपये लूट लिए और फरार हो गया। एसपी कार्यालय से चंद कदम की दूरी पर हुई इस लूट की वारदात से शहर में हड़कंप मच गया।



घटना की सूचना मिलते ही डीआईजी अमरेंद्र प्रसाद सिंह और पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल मौके पर पहुंच गए और बैंक कर्मियों से पूछताछ कर रहे हैं। लुटेरे की तलाश में पुलिस टीम लगाई गई है।

घटना नगर कोतवाली क्षेत्र के पंतनगर क्षेत्र में प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक की शाखा से जुड़ी है। शुक्रवार की सुबह प्रतिदिन की तरह बैंक में लेनदेन का कार्य हो रहा था,तभी करीब साढ़े ग्यारह बजे एक युवक हेलमेट लगाकर बैंक के भीतर घुसा और वह सीधे कैशियर के पास पहुंच गया। कैरियर श्वेता गौड़ ने युवक से हेलमेट हटाने के लिए कहा लेकिन उसने हेलमेट हटाने के बजाय कैशियर के गर्दन पर हंसिया रख दिया और कैरियर के पास रखा रुपये से भरा थैला लूटकर फरार हो गया। शहर के सबसे वीआईपी इलाके में दिनदहाड़े हुई लूट की इस सनसनीखेज घटना से जिले में हड़कंप मच गया। लूट की सूचना पर देवीपाटन मंडल के डीआईजी अमरेंद्र प्रसाद सिंह व एसपी विनीत जायसवाल मौके पर पहुंचे और घटना की छानबीन की। लुटेरे की तलाश में एसओजी समेत अन्य कई पुलिस टीमें लगायी गयी है। प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक के रीजनल डिप्टी मैनेजर कपिल अग्रवाल के मुताबिक करीब आठ लाख रुपये की लूट हुई है। हालांकि कैश का मिलान कराया जा रहा है। इसके बाद ही धनराशि स्पष्ट हो पायेगी।

> लुटेरे की तलाश में पांच टीमें लगाई गयी है। एसओजी व सर्विलांस की टीमें जांच कर रही हैं। सभी थानों को अलर्ट किया गया है। पड़ोसी जिले के थानों को भी सूचना दी गयी है। लुटेरे का हुलिया बताया गया है। इस संबंध में पुलिस को अहम सुराग मिले हैं। शीघ्र ही लुटेरे को गिरफ्तार कर घटना का खुलासा किया जायेगा।
>
> विनीत जायसवाल, एसपी

# दो वर्षों से अधूरी पड़ी सड़क, जिम्मेदार मौन

**कर्नलगंज/गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।**

एक तरफ सरकार जहाँ ग्रामीण इलाकों में हर घर नल योजना के तहत सब को जलापूर्ति करने के नाम पर लाखों करोड़ों रूपये को पानी की तरह खर्च कर रही है और उसके लिये ग्रामीण इलाकों में पानी की पाईप लाइन बिछाई जा रही है। जिसको लेकर गाँव की सड़कों के बीच से उसकी खुदाई करके उस लाइन को बिछाया जाता है। वहीं कहीं-कहीं तो उसे ठेकेदार पूरा कर देते हैं पर कई जगह उसकी खुदाई करके मिट्टी डालकर ही छोड़ देते हैं। जिसकी वजह से ग्रामीणों को कई समस्याओं का सामना करना पड़ता है।



कर्नलगंज तहसील क्षेत्र के हलधरमऊ ब्लॉक के ग्राम गद्दौपुर पूरे छिट्टुवापुर गांव में बीते दो वर्षों से सड़कों की खुदाई करके उसको इसी तरह छोड़ दिया गया है। दरअसल गाँव में पानी पहुंचाने के लिए पाइप लाइन को बिछाया गया था। लेकिन इसमें कार्य करने वाले ठेकेदार की उदासीनता और जिम्मेदार अधिकारियों की लापरवाही के चलते दो वर्षों से सड़क खंडहर बन गई है। बरसात के मौसम में यहाँ लोगों को निकलना मुश्किल होता है वहीं कई ग्रामीण इसकी चपेट में आकर चोटिल भी हो जाते हैं। ग्रामीणों ने इस समस्या को कई बार जिम्मेदार अधिकारियों को बताया है पर अभी तक कोई भी सुनवाई नहीं हुई है। अब देखना यह है कि जिम्मेदार विभाग द्वारा इस पर ध्यान देते हुए इस समस्या का समाधान कब तक किया जाता है।

# खुशवंत सिंह की जयंती के उपलक्ष्य में पत्रकार और समाजसेवियों का सम्मान समारोह आयोजित

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।**

नगर के बड़ागांव स्थित नेशनल पब्लिक स्कूल में उड़ीसा राष्ट्रभाषा परिषद द्वारा आयोजित, पत्रकार, प्रबंधक, और समाज सेवियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। बैठक की अध्यक्षता उत्तर प्रदेश वित्तविहीन विद्यालय प्रबंधक संघ के प्रदेश सँरक्षक राजकुमार जायसवाल जी द्वारा किया गया।

उक्त बैठक में विशिष्ट अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष, जयशंकर प्रसाद मिश्र, प्रबंधक संघ के जिला अध्यक्ष नवीन मिश्रा उपस्थित रहे। इस अवसर पर उड़ीसा राष्ट्रभाषा परिषद उत्तर प्रदेश के अधीक्षक वाजिद अली साहब द्वारा समारोह भारत के कई प्रदेशों को मिलाकर 244 जिलों में आयोजित किया गया जा रहा है। वह आज एसपी



गुप्ता के आमंत्रण पर गोंडा के कार्यक्रम में विशेष रूप से आमंत्रित रहे। इस अवसर पर गोंडा जनपद के सभी मीडिया/ पत्रकार बंधु का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। वित्तविहीन विद्यालय प्रबंधक संघ के द्वारा प्रतिवर्ष जनपद के सभी पत्रकारों/ प्रबंधक और प्रधानाचार्य का सम्मान खुशवंत सिंह जी सिंह जी की जयंती के उपलक्ष्य में किया जाता रहा है। इस अवसर पर महेश गोस्वामी, शिव कुमार मौर्य,अशोक पाठक, डॉ कल्पराम त्रिपाठी, नरेंद्र गुप्ता, सुनील तिवारी राजू मौर्य, पुनीता मिश्रा, पंकज कुमार भारती, आशीष कुमार श्रीवास्तव, पवन कुमार जायसवाल और जनपद के सैकड़ों पत्रकारों को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर वाजिद अली कार्यालय अधीक्षक लखनऊ, वित्तविहीन विद्यालय प्रबंधक संघ के प्रदेश सरक्षक राजकुमार जायसवाल, प्रदेश उपाध्यक्ष जयशंकर प्रसाद मिश्र, सुरेंद्र कुमार उपाध्याय, जिला अध्यक्ष नवीन कुमार मिश्रा, प्रदेश संयोजक एसपी गुप्त, हनुमान प्रसाद जोशी, खेमचंद ऐश्वर्य प्रियदर्शी गुप्त, मुकेश कुमार पाठक, डॉ अशोक शुक्ला, नीलम प्रकाश पाठक उमाशंकर विश्वकर्मा रविंद्र कुमार पाण्डेय, दीपक कुमार परमात्मा सिंह, विजय प्रताप सिंह, राकेश कुमार तिवारी हरेंद्र कुमार जायसवाल,सहित सैकड़ो स्कूल के प्रबंधक/ प्रधानाचार्य सम्मानित किए गए।

# मालवाहक बनी वैशाली ट्रैवल्स की बसें, टैक्स चोरी का नया तरीका अपनाया

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।**

जिले में ऐसा लगता है कि वैशाली ट्रैवल्स की बसों के आगे जिम्मेदार भी बेबस हैं।यही वजह है कि इन बसों ने न केवल सड़कों पर ही बस स्टैंड बना लिए हैं,बल्कि यह बसें टनों लगेज लादकर खुलेआम यात्रियों की जान से खिलवाड़ भी कर रही हैं,और राजस्व को भी घाट पहुंचा रही है। लेकिन इनके खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है। हद तो यह है कि न तो पुलिस प्रशासन इस ओर कोई ध्यान दे रहा है और न ही परिवहन विभाग।

उल्लेखनीय है कि शहर से दिल्ली, लुधियाना, पंजाब, गुजरात, महाराष्ट्र,सहित लगभग एक दर्जन राज्यों के लिए करीब सैकड़ो बसों का संचालन होता है। कमाई के लालच में बस आपरेटर लगेज की भी बुकिंग कर रहे हैं। और इसकी बाकायदा



ऑफिस भी बना रखी है। दिल्ली से लेकर गोंडा तक बिना बिल का सामान पहुंचाया जा रहा है।हालात यह है कि क्षमता से ज्यादा वजन बसों पर डाला जा रहा है। कहने को यह सवारी बसें हैं, लेकिन इन्हें लोडिंग वाहन बनाम ट्रक बना दिया गया है। हालात यह है कि कैरियर और डिक्की में पार्सल लादने के साथ ही सीटों के नीचे भी लगेज रखकर ढोया जा रहा है। देखा जाए तो नियमानुसार,यात्री का सामान ही बसों में ले जाया जा सकता है।बावजूद इसके, ट्रेवल्स कंपनियां कमाई करने के चक्कर में तमाम नियम कानूनों की धज्जियां बिखेर रही हैं। वैशाली ट्रेवल्स संचालक अपनी बसों का संचालन इन दिनों लोडिंग वाहनों की तर्ज पर कर रहे हैं। यात्रियों की सुविधाओं और परेशानी से उन्हें कोई लेना-देना नहीं है। यही वजह है कि जिस तरह दिल्ली से लेकर गोंडा तक आफिस में पार्सल की बुकिंग होती है, उसी तरह बस बुकिंग आफिस से लगेज की बुकिंग की जा रही है। दिल्ली मेट्रो स्टेशन कश्मीरी गेट दो मेट्रो स्टेशन से व गोंडा में मनकापुर बस स्टॉप के नजदीक गोल्डन मैरिज लॉन के सामने एक गैरज में वैशाली ट्रेवल्स एजेंसियों के बाहर भारी लगेज रखे देखे जा सकते हैं।हालाकि, बस से

### हादसों के बाद भी नहीं जागे जिम्मेदार

यहां पर यह भी प्रासंगिक है कि आए दिन वैशाली ट्रेवल्स की बसों के हादसे होते ही रहते हैं। कई लोग अकाल मौत के शिकार होते हैं और की घायल हो जाते हैं। जब कभी कोई हादसा होता है तो परिवहन विभाग और स्थानीय प्रशासन के साथ ही पुलिस विभाग कुछ दिन तो सख्ती करता है, लेकिन फिर उसे भुला दिया जाता है। इस वजह से वैशाली बस के संचालक मनमानी करने से बाज नहीं आते।

### कमाई के लालच में कर रहे जान से खिलवाड़

यहां पर यह महत्वपूर्ण है कि बसों से लगेज भेजना सस्ता होता है, इसलिए किराना, इलेक्ट्रानिक्स, कपड़ा, ऑटो पार्ट्स, मशीनें आदि सामान बसों से ही लाया ले जाया जाता है। यात्रियों से किराए लेने के अलावा बस आपरेटर को लगेज से अतिरिक्त कमाई होती है।इसी कमाई के लालच में अब आपरेटर यात्रियों की जान से खिलवाड़ करने से बाज नहीं आ रहे हैं।

### राजस्व को भी चूना लगा रहीं लग्जरी बसें

अवैध होने के बावजूद भी अधिकारी हाथ डालने से कतराते हैं।बड़े सफेद पोश लोगों का हाथ होने की वजह से इन पर कार्रवाई नहीं की जाती है।जिसके चलते राजस्व को कम से कम बीस लाख रुपये महीने का घाटा उठाना पड़ता है। बसों के परिवहन से शायद इतनी दिक्कत न हो लेकिन सवारियों की सुरक्षा के इंतजाम तो होने चाहिए। लेकिन इन सब बातों की अनदेखी की जाती है।

इस तरह के पार्सल लाना और ले जाना नियमों के खिलाफ हैं। बावजूद इसके बस गोंडा पहुंचने ही पहले ही कर्मचारी लगेज उतरना शुरू कर देते हैं। फिर चाहे यात्रियों को परेशानी ही क्यों ना हो।

## खबरें एक नजर में

### साहित्यकार रामकुमार नारद को अंग वस्त्र, हस्तलेखनी व दैनिक पुस्तिका आदि भेंट कर किया सम्मानित

मनकापुर /गोंडा ,समृद्धि न्यूज़ शुक्रवार को राजा रघुराज सिंह महाविद्यालय मनकापुर में प्राचार्य रामेश्वरम चतुर्वेदी द्वारा समाजसेवी एवं साहित्यकार रामकुमार नारद को अंग वस्त्र, हस्तलेखनी व दैनिक पुस्तिका आदि भेंट कर सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि समाजसेवी आर के नारद ने विगत चार दशक से समाज सेवा करते हुए समाज के हर वर्ग, हर



संप्रदाय के लोगों को लाभ पहुंचाने की कोशिश की है, जो उत्कृष्ट एवं सराहनीय है, उनकी रचनाओं में गरीबों का दर्द झलकता है। सम्मान समारोह में उपस्थित छात्र-छात्राओं, और वक्ताओं ने तालियां बजाकर स्वागत किया। इस अवसर पर डॉक्टर विनय मिश्रा, राधे कृष्ण तिवारी, अजय मिश्रा, रवि शंकर, अष्टभुजा, गुड़िया द्विवेदी, अपूर्वा त्रिपाठी, डॉक्टर माला तिवारी, जयप्रकाश शुक्ला, नवरोज आलम तथा अनुचर मौजूद रहे।

### सोनबरसा में बाल संसद व मीना का गठन




- पर्यवेक्षक के रूप यूनिसेफ की नूरजहां रहीं उपस्थित
- अमन अध्यक्ष, खुशनाज प्रधानमंत्री, संजू शिक्षा मंत्री व लक्ष्मी भारती पावर एंजेलि के रूप में चुने गए

मनकापुर /गोंडा, समृद्धि न्यूज। शुक्रवार को कंपोजिट विद्यालय सोनबरसा बक्सरा आज्ञाराम मनकापुर में बाल संसद व मीना मंच का गठन किया गया। इस अवसर पर पर्यवेक्षक के रूप में एक्शन एड (यूनिसेफ) के तरफ से नूरजहां उपस्थिति रहीं। इस अवसर पर मतदान अधिकारी के रूप में बलजीत सिंह कनौजिया, अरुण कुमार सिंह, सुरेश कुमार, अमर ज्योति, चित्रावती व अनुराधा मिश्रा ने अपने उत्तरदायित्वों का निर्वहन किया। बच्चों ने मत पेटी में अपने मत डाले और मीना मंच के तहत पावर एंजेलि के रूप में लक्ष्मी भारती का चुनाव किया गया। इसी प्रकार सदस्य में के रूप में सुषमा, अर्चना, संगीता, मुनिया तिवारी का चयन किया गया। बाल संसद गठन के तहत अध्यक्ष के रूप में अमन कुमार, उपाध्यक्ष के रूप में लक्ष्मी भारती, प्रधानमंत्री के रूप में खुशनाज, पुस्तकालय मंत्री शिवम् एवं अनुशासन मंत्री के रुप में रूपचंद, शिक्षा मंत्री के रूप में संजू, अनुशासन मंत्री के रूप में रूपचंद, स्वच्छता मंत्री के रुप सुषमा, चांदनी खेल मंत्री के व खेल मंत्री रूबी को चुना गया।

# हादसा नहीं बल्कि हथौड़े से मार कर हुई थी युवक की हत्या

- पुलिस ने फ्लोर मिल के निकट मिले लाश का किया खुलासा, चाचा भतीजे गिरफ्तार
- उधार का 20 हजार रूपये देने के बहाने बुलाकर की थी हत्या

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

दरगाह थाना क्षेत्र में एक युवक का शव तीन दिन पूर्व फ्लोर मिल के निकट पड़ा मिला था। परिवार के लोगों ने हत्या की आशंका जताई थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद पुलिस ने हत्या का केस दर्ज कर जांच शुरू की। हत्यारोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।



दरगाह थाना क्षेत्र के महाराज गांव निवासी तसव्वर तीन दिन पूर्व बाइक से घर से गया था। लेकिन वह वापस घर नहीं लौटा। उसका शव सपना फ्लोर मिल के निकट झाड़ियों में पड़ा मिला था। मृतक के छोटे भाई ने हत्या का आरोप लगाते हुए केस दर्ज कराया था।

पोस्टमार्टम रिपोर्ट में भी युवक के हत्या की बात सामने आई थी। जिस पर पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने दरगाह थाने की पुलिस के साथ एसओजी टीम को घटना के खुलासे के लिए लगाया था। शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक ने घटना का खुलासा किया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि मृतक का 20 हजार रूपये दरगाह थाना क्षेत्र के दुलारपुर गांव निवासी निजामुद्दीन पुत्र भाई लाल ने ब्याज पर लिया था, लेकिन वह पैसा नहीं देना चाहता था। जिसके चलते उसने 30 जनवरी को तसव्वर को पैसा देने के लिए बुलाया और अपने भतीजे नगर और गांव निवासी इकरामुद्दीन पुत्र फकीरे के साथ मिलकर हत्या कर दी।

एसपी ने बताया कि हथौड़ी से सिर पर वार कर दिया इसके बाद गला दबा दिया। जिससे युवक की मौत हो गई। एसपी ने बताया कि आरोपी रिश्ते में चाचा भतीजे हैं। दोनों के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है। जबकि हत्याकांड में प्रयुक्त हथौड़ी और अन्य सामान बरामद कर सीज कर दिया गया है। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डॉक्टर पवित्र मोहन त्रिपाठी, सीओ सिटी राजीव सिसोदिया, थानाध्यक्ष हरेंद्र कुमार मिश्रा और एसओजी की टीम शामिल रही।

# महंत के आश्रम में अज्ञात कारणों से लगी आग

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

जिले के समय माता मंदिर मंदिर के महंत के फूस की झोपड़ी में गुरुवार रात अज्ञात कारणों से आग लग है। फूस की झोपड़ी पूरी तरह जलकर राख हो गई। सुबह आग लगाने की तहरीर थाने में महंत ने दी है। रिसिया थाना अंतर्गत मोहम्मदा में समय माता मंदिर है। इस मंदिर के पुजारी/महंत नारायण मुनि महाराज हैं। वह मंदिर के निकट ही महंत की फूस की कुटिया है। गुरुवार रात महंत अपनी कुटिया के पास वाले कुटिया में सो रहे थे। रात तीन बजे अज्ञात कारणों से फूस के मकान में आग लग गई। पूरी मकान जलकर राख हो गई। सुबह महंत की जानकारी हुई तो उन्होंने थाने में तहरीर दी है। महंत का कहना है कि किसी ने मकान में आग



- झोपड़ी में महंत ने आग लगाने का लगाया आरोप

लगाई है। उनका कहना है कि वह पास की झोपड़ी में थे। जिसके चलते वह बाल बाल बच गए। प्रभारी निरीक्षक पीके सिंह ने बताया कि शिकायत पत्र मिली है। जांच की जा रही है।

# पुलिस अधीक्षक कार्यालय का एसपी ने किया औचक निरीक्षण



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय मे स्थिति विभिन्न शाखाओं का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसपी ने समस्त कार्यालयों एवं परिसर की बेहतर साफ- सफाई तथा रजिस्ट्रों का बेहतर रख रखाव के लिए सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। निरीक्षक के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डॉ पवित्र मोहन त्रिपाठी तथा कार्यालय के समस्त अधिकारी/ कर्मचारी मौजूद रहे। परिवार परामर्श केन्द्र मे उपस्थित समस्त अधिकारी/ कर्मचारी को परिसर में परिवारिक मामलो मे आयी हुई महिलाओं को सम्मान से बैठा कर उनकी समस्याओं को शान्ति पूर्वक सुन कर सम्बन्धित को जल्द से जल्द अवगत कराने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

# भारतीय विदेश सेवा के अधिकारियों ने जनपद का किया भ्रमण

- सीएचसी कैसरगंज व 50 बेडेड एमसीएच विंग का किया निरीक्षण
- कम्पोज़िट विद्यालय व हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर का किया भ्रमण

**बहराइच समृद्धि न्यूज।**

मिड कैरियर ट्रेनिंग प्रोग्राम के तहत इन्वेस्ट यूपी मित्र अमित प्रताप सिंह के नेतृत्व में आकांक्षात्मक जनपद बहराइच के एक दिवसीय भ्रमण पर आये वर्ष 2023 बैच के भारतीय विदेश सेवा के 10 सदस्यीय प्रतिनिधि मण्डल में शामिल अरनव प्रताप सिंह, नमाशा केसरिया, मनन अग्रवाल, मोहित कुमार, अंकित



यादव, श्वेतो त्यागी, असद जुबेरी, मनीष कंसल, रजत व प्रवीन कुमार निगम ने अन्य अधिकारियों के साथ समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कैसरगंज एवं 50 बेडेड मेटरनिटी विंग, कम्पोजिट विद्यालय कुण्डासर, हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर परसेण्डी का निरीक्षण किया।

संविलियन विद्यालय कुण्डासर की विभिन्न व्यवस्थाओं का जायज़ा लेने के लिए पहुंचे प्रतिनिधि मण्डल स्कूली बच्चों ने स्वागतगीत, लोकगीत, बालगीत व अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर मेहमानों का स्वागत किया। स्कूल की साफ-सफाई, शिक्षा की गुणवत्ता, पुस्कालय तथा लैब की विविधता पर अधिकारियों के दल ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विद्यालय के शिक्षण स्टाफ की सराहना की। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों की टीम ने इमरजेन्सी, इंजेक्शन रूम, दवा वितरण काउण्टर, चिकित्सक कक्ष, एक्सरे रूम, न्यू बार्न सिंक यूनिट, परिवार कल्याण काउण्टर, अल्ट्रासाउण्ड, मिनी स्किल लैब, प्रसव कक्ष, ओ.टी. अत्यादि कक्षों का निरीक्षण कर चिकित्सालय की साफ-सफाई तथा व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया। विदेश सेवा के अधिकारियों के दल ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी मोनिका रानी से शिष्टाचार भेट की। डीएम ने प्रतिनिधि मण्डल में सम्मिलित अधिकारियों को पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया तथा आकांक्षात्मक जनपद की भौगोलिक परिस्थिति, दर्शनीय एवं पर्यटन स्थलों तथा नीति आयोग द्वारा निर्धारित सूचकांकों में अर्जित की गई उपलब्धियों के बारे में जानकारी प्रदान करते हुए कहाकि जनपद में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं।

# एमएमडीपी कैंप में उमड़े फाइलेरिया मरीज, सीखा रोग प्रबंधन के गुर

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

फाइलेरिया बीमारी से मृत्यु तो नहीं होती लेकिन यह जीवन को अधूरा और असहाय बना देती है। पयागपुर में आयोजित एमएमडीपी (रुग्णता प्रबंधन एवं दिव्यांगता रोकथाम) कैंप में आए फाइलेरिया मरीजों की व्यथा कुछ ऐसी ही थी।

किसी महिला का श्रृंगार अधूरा था, किसी की बेटी को रिश्ता नहीं मिल रहा था, किसी बिजुर्ग के माथे पर चिंता की लकीरें थीं कि इस रोग के साथ बुढ़ापा कैसे कटेगा। कोई बचपन दौड़ने भागने की उम्र में पैरों पर चल भी नहीं सकता। यह सब फाइलेरिया बीमारी से आई सूजन की वजह से था।पयागपुर की 20 वर्षीय प्रीति (बदला हुआ



नाम) को पिछले 6 साल से दाहिने पैर में फाइलेरिया है । प्राइवेट अस्पताल में काफी इलाज किया झाड-फूँक करवाया लेकिन कोई लाभ नहीं हुआ। प्रीति के पिता का स्वर्गवास हो गया है इसलिए वह चाचा के साथ कैंप में आई थी। चाचा ने बताया किसी तरह यह रोग ठीक हो जाय तो बिटिया की शादी कर दें। कैंप में 16 साल का एक बालक भी आया था उसके दोनों पैर में 5 साल से फाइलेरिया है। सूजन अधिक है इसलिए चलने-फिरने के लिए दूसरों का सहारा लेना पड़ता है । एक महिला ने बताया कि दाहिने पैर में सूजन की वजह से वह पायल, बिछिया भी नहीं पहन पाती हैं उन्हें 16 से फाइलेरिया है। वैनी गाँव के 70 वर्षीय वुजुर्ग को 15 साल से बायें पैर में फाइलेरिया है। इस समय रोग इतना गंभीर है कि वह मजदूरी भी नहीं कर पाते। बीपीएम अनुपम शुक्ल ने बताया कि कैंप में बच्चे, महिलाएं , बुजुर्ग और युवा हर आयु वर्ग के 46 मरीज मौजूद थे। उन्हें स्वयं देखभाल के तरीके सिखाया गया और एमएमडीपी किट दी गयी। इस किट में बाल्टी, टब, मग, तौलिया, साबुन व लगाने के लिए एक क्रीम थी। इससे प्रभावित अंगों को धुलने, साफ सफाई रखने व संक्रमण से बचाव में मदद मिलेगी। इसके अलावा विशेषज्ञों ने मरीजों को अलग-अलग प्रभावित अंगों के लिए कुछ साधारण व्यायाम सिखाया ताकि अंगों में सूजन कम रहे और मरीज सामान्य जीवन जी सके। सीएचसी अधीक्षक डॉ थानेदार ने बताया कि फाइलेरिया से प्रभावित अंगों को गरम पानी से नहीं धुलना चाहिए सिर्फ साधारण पानी का इस्तेमाल करें , फाइलेरिया का तीव्र अटैक आने पर व्यायाम नहीं करना तथा प्रभावित अंगों को चोट या कटने से बचाना है ताकि कोई दूसरा संक्रमण न हो । इसके अलावा यदि मरीज को पैर में फाइलेरिया है तो पैर को लटकाकर नहीं रखना चाहिए । इन तरीकों का इस्तेमाल कर बीमारी को गंभीर होने से रोका जा सकता है। उन्होंने कहा कि कुछ मरीज प्रभावित अंगों की सूजन कम करने के लिए प्राइवेट अस्पतालों या झोलछाप से ऑपरेशन करा देते हैं। जिससे तत्काल सूजन में कमी तो आ जाती है लेकिन कुछ समय बाद प्रभावित अंग पहले से अधिक गंभीर हो जाता है । इसलिए फाइलेरिया रोग का समुचित प्रबंधन के लिए सरकारी अस्पताल में बताए गए उपायों को अपनाना चाहिए।

# खेत की स्थिति के अनुसार चुनें फसल अवशेष प्रबंधन

- किसानो के पांच दिवसीय प्रशिक्षण का हुआ समापन

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**



कृषि विज्ञान केंद्र बहराइच प्रथम में संचालित फसल अवशेष प्रबंधन परियोजना के अंतर्गत पांच दिवसीय प्रशिक्षण का समापन हुआ। केंद्र के प्रभारी अधिकारी डॉ. शैलेंद्र सिंह ने किसानों को प्रमाण पत्र वितरित किया। सभी को इन पांच दिनों में सीखी फसल अवशेष प्रबंधन की विधियों और तकनीकियों को अपनाने की सलाह दी। कृषि विज्ञान केंद्र के परियोजना के सह समन्वयक डॉ. नीरज कुमार सिंह ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान सिखाई गई फसल अवशेष प्रबंधन की विधियों में से अपने खेत की स्तिथि के अनुसार चुनाव करना होगा तभी इन विधियों से अधिक लाभ प्राप्त होगा।

केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. पीके सिंह ने बताया कि धान की फसल अवशेष को मशरूम उत्पादन में इस्तेमाल कर आय का अतिरिक्त स्त्रोत बनाया जा सकता है। डॉ. नंदन सिंह ने बताया कि फसल अवशेष को खेत में ही मिला के खेत की उर्वरकता शक्ति सुधारी जा सकती है। डॉ. अरुण राजभर ने किसानों को पराली प्रबंधन कर आय के अतिरिक्त स्त्रोतों की जानकारी साझा करते हुए उनको अपनाने की सलाह दी। श्री सुनील कुमार ने किसानों को गेहूं की देर से बोने वाली प्रजातियों तथा जायद की फसलों की जानकारी दी। प्रशिक्षण के दौरान यंग प्रोफेशनल श्री कुशाग्र सिंह, प्रगतिशील कृषक सुनील कुमार, गेंदावती, मोहन लाल अवस्थी, बदलूराम, लक्ष्मी नारायण और कन्हैया लाल आदि लोग उपस्थित रहे।

# गौशाला में सूखे भूसे के सहारे हो रहा गोवंशों का संरक्षण

- चिकित्सीय अभाव में लगातार मौत के मुंह में जा रहे गोवंश

**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

गौशाला में हरे चारे की व्यवस्था नहीं है सूखे भूसे के सहारे गोवंश का संरक्षण किया जा रहा है बीमार गोवंशों की देखभाल भी नहीं की जा रही है चिकित्सीय अभाव में ज्यादातर गोवंश लगातार मौत के मुंह में जा रहे हैं डलमऊ क्षेत्र में स्थाई व अस्थाई गौशाला का निर्माण कराया गया है जिनमें कान्हा गौशाला डलमऊ पूरे रेवती सिंह कटघर में अस्थाई गौशाला बनाई गई हैं।

कान्हा गौशाला की देखरेख नगर पंचायत डलमऊ एवं पूरे रेवती सिंह में बने अस्थाई गौशाला की देखरेख



ग्राम पंचायत द्वारा कराई जाती है जिलाधिकारी के सख्त निर्देश के बावजूद गौशाला में पल रहे गोवंशों का संरक्षण सही तरीके से नहीं हो पा रहा है हरे चारे की व्यवस्था नहीं की जा रही है चारे पानी के अभाव में गोवंश बीमार हो रहे हैं प्रतिदिन गोवंशों की मौत हो रही है पूरे रेवती सिंह में बने हुए अस्थाई गौशाला में 60 गोवंशों के रखने की व्यवस्था की गई है शुक्रवार को पड़ताल के दौरान गौशाला में हरा चारा नहीं मिला गोवंशों को सूखा भूसा खाने के लिए दिया जा रहा है वहीं पर कई गोवंश बीमार पड़े हुए थे जिनका चिकित्सीय परीक्षण भी नहीं हो पा रहा है गौशाला की रखवाली कर रहे चौकीदार ने बताया कि बीमार गोवंश की देखरेख करने के लिए डॉक्टर आए थे और बिना इलाज के ही वापस चले गए गौशाला में हरे चारे की व्यवस्था नहीं है आए दिन पशुओं की मौत हो रही है। हरे चारे की व्यवस्था नहीं है सूखे भूसे के सहारे गोवंश का संरक्षण किया जा रहा है बीमार गोवंशों की देखभाल भी नहीं की जा रही है चिकित्सीय अभाव में ज्यादातर गोवंश लगातार मौत के मुंह में जा रहे हैं डलमऊ क्षेत्र में स्थाई व अस्थाई गौशाला का निर्माण कराया गया है जिनमें कान्हा गौशाला डलमऊ पूरे रेवती सिंह कटघर में अस्थाई गौशाला बनाई गई हैं कान्हा गौशाला की देखरेख नगर पंचायत डलमऊ एवं पूरे रेवती सिंह में बने अस्थाई गौशाला की देखरेख ग्राम पंचायत द्वारा कराई जाती है जिलाधिकारी के सख्त निर्देश के बावजूद गौशाला में पल रहे गोवंशों का संरक्षण सही तरीके से नहीं हो पा रहा है हरे चारे की व्यवस्था नहीं की जा रही है चारे पानी के अभाव में गोवंश बीमार हो रहे हैं प्रतिदिन गोवंशों की मौत हो रही है पूरे रेवती सिंह में बने हुए अस्थाई गौशाला में 60 गोवंशों के रखने की व्यवस्था की गई है शुक्रवार को पड़ताल के दौरान गौशाला में हरा चारा नहीं मिला गोवंशों को सूखा भूसा खाने के लिए दिया जा रहा है वहीं पर कई गोवंश बीमार पड़े हुए थे जिनका चिकित्सीय परीक्षण भी नहीं हो पा रहा है गौशाला की रखवाली कर रहे चौकीदार ने बताया कि बीमार गोवंश की देखरेख करने के लिए डॉक्टर आए थे और बिना इलाज के ही वापस चले गए गौशाला में हरे चारे की व्यवस्था नहीं है आए दिन पशुओं की मौत हो रही है।

# गंगा एक्सप्रेसवे से प्लेट चोरी करने वाले गिरोह का भण्डाफोड़

- चोरी की प्लेट तथा दो देशी तमंचों के साथ 4 अभियुक्त गिरफ्तार

**लालगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

लालगंज पुलिस ने गंगा एक्सप्रेसवे से प्लेटे चोरी करने वाले गिरोह का किया भण्डाफोड चोरी की प्लेट व 2 अदद देशी तंमचा 315 बोर तथा 02 अदद जिंदा कारतूस के साथ 4 अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया आपको बता दें कि शुक्रवार को पुलिस ने मुखबिर खास की सूचना पर भादे मोड कानपुर रोड के पास से चार अंतर्जनपदीय अभियुक्तों रमन कुमार पुत्र राम किशन, सुचेन्द्र सिंह पुत्र शिवपाल सिंह, मुकेश कुमार पुत्र सरदार सिंह और मनोज कुमार पुत्र विजय सिंह को

13 अदद लोहे की प्लेट, 11900 रुपये नगद, एक पिकअप क्र7ञ4991 तथा दो देशी तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया उपरोक्त अभियुक्तों के खिलाफ चोरीयो के सम्बन्ध में थाना बिहार, ऊंचाहार व थाना लालगंज में मुकदमा पंजीकृत था फिलहाल गिरफ्तार अभियुक्तों के खिलाफ स्थानीय थाना पर आर्म्स एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत कर जेल भेज दिया गया।



**कानपुर और उन्नाव मे बेचते थे प्लेटे**

कोतवाल शिवशंकर सिंह ने बताया की जब अभियुक्त के पूछताछ की गयी तो गिरफ्तार अभियुक्त गिरोह बनाकर गंगा एक्सप्रेसवे से ऊंचाहार व थाना बिहार उन्नाव से तथा ग्राम मेरुई के पास गंगा एक्सप्रेसवे प्लान्ट से लोहे की प्लेट चोरी करते थे। शुक्रवार को चारो चोरी के प्लेटो को गाडी में लादकर कानपुर व उन्नाव में बेचने जा रहे थे तभी पुलिस टीम ने इन्हें गिरफ्तार कर लिया

## खबरें एक नजर में

### वरिष्ठ पत्रकार की मृत्यु पर जनप्रतिनिधियों एवं पत्रकारों ने व्यक्त की शोक संवेदना

**महराजगंज, रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** क्षेत्र में उस समय शोक की लहर फैल गई जबकि क्षेत्र के जाने-माने वरिष्ठ पत्रकार सुभाष पांडे (70 वर्ष) संवाददाता अमर उजाला का गुरुवार को शाम लगभग 7ः00 बजे हृदय गति रुक जाने से निधन हो गया उनके निधन पर हजारों लोगों की भीड़ उनके आवास पर एकत्र हुई और लोगों ने शोक संवेदना व्यक्त किया महराजगंज से अमर उजाला के वरिष्ठ पत्रकार थे उनके निधन से पत्रकारों में शोक की लहर दौड़ गई जैसे ही उनके निधन का समाचार मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त हो गई क्या गरीब क्या अमीर हर वर्ग और धर्म के हजारों लोग उनके अंतिम दर्शन के लिए उनके आवास पर पहुंचे और शोक संवेदना व्यक्त किया। उनका अंतिम संस्कार शुक्रवार को डलमऊ में किया गया हर व्यक्ति के जुबान पर उनके व्यक्तित्व की चर्चा सुनी गई इस मौके पर बछरावां विधायक श्याम सुंदर भारती भाजपा नेता प्रभात साहू सूर्य प्रकाश वर्मा पूर्व विधायक रामलाल अकेला पूर्व विधायक राजाराम त्यागी पूर्व ब्लाक प्रमुख प्रधान प्रतिनिधि सत्येंद्र प्रताप सिंह कांग्रेसी नेता प्रदीप चौधरी डॉक्टर माताफेर सिंह भाजपा जिला उपाध्यक्ष जन्मेजय सिंह ग्राम प्रधान प्रतिनिधि डब्बू सिंह शैलेंद्र सिंह भोलू सिंह सतीश सिंह खबर प्रेस क्लब के अध्यक्ष संतोष सिंह महामंत्री तेजभान यादव बृज किशोर यादव अंजनी सोमेंद्र पटेल सोनी सहित प्रधानगण ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

### तहसील दिवस आज

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** 3 फरवरी को प्रातः 10 बजे से अपरान्ह 02 बजे तक जनपद की सभी तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जायेगा। इसी क्रम में जिलास्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी की अध्यक्षता में तहसील सफीपुर उन्नाव में होगा, जिसमें समस्त जिलास्तरीय अधिकारीगण मौजूद रहेंगे।

### छेड़छाड़ की पीड़िता ने सीओ से लगाई न्याय की गुहार

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** एक युवक द्वारा कुछ दिनों पूर्व घर के दरवाजे पर बैठी महिला के साथ छेड़छाड़ और अभद्रता की गई थी। उलाहना देने पर युवक और उसके परिजनों ने पीड़िता के साथ मारपीट भी की गई थी किंतु पुलिस ने आरोपियों के खिलाफकार्यवाही न कर पीड़िता को चलता कर दिया था। पीड़िता ने आज क्षेत्राधिकारी को शिकायती पत्र सौंपकर कार्यवाही की मांग उठाई है। बांगरमऊ नगर के मोहल्ला कटरा निवासिनी कमला पत्नी ओमप्रकाश ने क्षेत्राधिकारी बांगरमऊ को शिकायती पत्र देकर कहा है कि उसकी बहू घर के दरवाजे पर बैठी थी तभी नगर के ही निवासी एक युवक ने बहू को गंदी नियत से दबोच लिया था। शोरगुल पर दौड़े उसके पुत्र ने किसी तरह बहू को बचाया था। कुछ ही देर बाद आरोपी अपने भाई व पिता के साथ उसके घर पर चढ़ाई कर मारपीट की गई थी। पिटाई से बहू व पुत्र समेत उसे भी गंभीर चोटें आई थीं। पीड़िता द्वारा घटना की तहरीर कोतवाली में देने के बावजूद पुलिस ने कोई कार्यवाही नहीं की थी। पीड़िता ने आज सीओ अरविंद कुमार को शिकायती पत्र सौंपकर आरोपियों के खिलाफकानूनी कार्यवाही की मांग की है।

### तालाब में डूबकर अधेड़ की मौत

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** शुक्रवार को तालाब में मछली पकड़ने के दौरान अधेड़ तालाब में डूब गया, जिससे उसकी मौत हो गई। स्वजनों की सूचना पर पहुंचे थाना प्रभारी भवन सिंह मौर्य ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।
मौरांवा थाना अंतर्गत मोहल्ला लोनियनखेड़ा कस्बा मौरावां निवासी हरिशंकर (42) पुत्र स्व0 सत्यनारायण अपने आवंटित तालाब में मछली पालन का काम करता था लेकिन तालाब में ज्यादा जलकुम्भी होने के कारण उसको साफकरने के लिए तालाब गया था और सफाई करने के दौरान उसकी मौत हो गई। पत्नी के शोर मचाने पर पहुंचे पड़ोसियों ने आनन-फानन उसको निकालकर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मौरावां ले गए जहाँ पर डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे से पत्नी गुड्डन और पुत्र अंकित का रो-रोकर बुरा हाल है। सूचना पर पहुंचे थाना प्रभारी भवन सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और तालाब में ज्यादा पानी भी नही था केवल कमर तक पानी था फिर उसकी मौत कैसे हुई हार्ट अटैक या फिर कोई और कारण है पोस्टमार्टम के बाद पता चलेगा।

### नवीन पुल पर फिर लगा महा जाम, लोग हुये परेशान

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** शुक्लागंज नवीन पुल पर शुक्रवार को भी पीक ऑवर में जाम लग गया। जिससे कानपुर काम पर जाने वाले लोग घंटों देरी से अपने दफ्तर, ड्यूटी पर पहुंचे। वहीं भीषण जाम देख गंगाघाट पुलिस पहुंची। जहां जाम हटवाने के लिये वह भी घंटों मशक्कत करते नजर आये लेकिन वाहनों का भार अधिक होने के कारण जाम नहीं हट सका। जाम के कारण स्कूली छात्र-छात्राएं भी परेशान रहे। सुबह करीब नौ बजे नवीन पुल से बालूघाट का मोड़ संकरा होने के कारण जाम लगना शुरू हो गया। जाम छुड़ाने के लिये सुबह आठ बजे से ही पुलिस कर्मी और होमगार्ड डंटे रहे। इसके बावजूद नवीन पुल से लेकर फोरलेन तक भीषण जाम लगा रहा। जाम में टेम्पो, ई-रिक्शा, चौपहिया, दोपहिया वाहनों के अलावा अन्य वाहन सवार भी फंसे रहे। वहीं मनोहर नगर और शक्ति नगर की ओर से आने वाले वाहनों को रोक रोक कर निकाला गया। जिससे वहां भी पुल से लेकर शक्ति नगर के आगे तक वाहनों की लंबी कतारें लगी रही। भीषण जाम देख गंगाघाट पुलिस भी फोरलेन और बालूघाट मोड़ पर पहुंची। जहां पुलिस आड़े तिरछे खड़े वाहनों को सीधा कराया। जिसके बाद वाहन रेंगना शुरू हुआ। दोपहर करीब बारह बजे के बाद वाहनों का भार कम हुआ। जिसके बाद जाम हट सका। तीन घंटे लगे जाम में स्कूली बच्चों के अलावा कानपुर ड्यूटी जाने वाले विलंबित हो गये। वहीं जाम लगने के कारण कानपुर जाने वाले स्कूली छात्र-छात्राएं परेशान हो गये। थक हारकर मजबूरन पैदल अपने स्कूल जाने को मजबूर हुये। वहीं आये दिन भीषण जाम लगने के बावजूद जिम्मेदार मौन साधे हुये हैं।

# रायबरेली से रामनगरी के लिए ग्यारह बसों का हो रहा संचालन

- राम धुन सुनते हुए रामभक्त पहुंच रहें है अयोध्या

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

रामनगरी अयोध्या के लिए रायबरेली से 11 बसें सुचारू रूप से चल रही है। प्राण प्रतिष्ठा के बाद अयोध्या के लिए 11 बसों का संचालन शुरू किया गया है। सुबह 4ः30 बजे अयोध्या के लिए पहली बस रवाना होती है और दोपहर तीन बजे अयोध्या से आखरी बस रायबरेली के लिए आती है। रायबरेली में अयोध्या में रामनगरी भगवान राम के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं में खासा उत्साह है। लोग राम धुन सुनते हुए रायबरेली से राम नगरी के लिए रवाना होते हैं। रोजाना 11 बसों का संचालन हो रहा है। दस बसें सुल्तानपुर होते हुए अयोध्या जाती है जबकि एक बस जगदीशपुर के रास्ते अयोध्या आ जा रही है। सरकार की तरफ से बसों में राम धुन बजाई जाने का निर्देश है और लोग राम से जुड़े गाने और भक्ति संगीत सुनते हुए अयोध्या पहुंच रहे है। सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक एमएल केसरवानी ने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा के बाद बसें चल तो रही है लेकिन 40 फ़ीसदी सीटें खाली रहती हैं ऐसा लग रहा है कि लोगों में उत्साह कम हो रहा है। ठंड भी एक वजह हो सकती है। ठंड खत्म होने के बाद यात्रियों के बढ़ने की संभावना है।

# जिलाधिकारी ने गौशाला नोडल अधिकारियों संग की बैठक

- लापरवाही करने वालों पर सख्त कार्रवाई करने के दिए निर्देश

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने स्थायी और अस्थायी गौशालाओ के निरीक्षण के लिए बनाए गए नोडल अधिकारियों के साथ विकास भवन स्थित महात्मा गांधी सभागार में बैठक की। उन्होंने सख्त निर्देश दिया कि निरीक्षण में दिए गए बिंदुओ के आधार पर जो भी रिपोर्ट नोडल अधिकारियों द्वारा उपलब्ध कराई जाए उसकी भी उच्च अधिकारियों के द्वारा



जांच की जाए। इस मामले में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि निरीक्षण में पशुओं की चिकित्सा पर विशेष ध्यान दिया जाए। रिपोर्ट में खानापूर्ति नहीं चलेगी। यदि कोई गोवंश बीमार है तो उसका चिकित्सकीय विवरण अवश्य देखा जाए तथा अभी तक इस मामले में क्या-क्या कार्रवाई की गई है उसकी भी जांच की जाए। पशुओं के चारा स्टाक का गंभीरता से निरीक्षण किया जाए। हरा चारा अवश्य दिया जाए। अन्यथा संबंधित के खिलाफ कार्यवाही की जाए। निरीक्षण के दौरान गोशालाओं की समस्याओं को छोटी और बड़ी समस्यों में बांट के रिपोर्ट तैयार की जाए। शासन के स्तर पर इसे गंभीरता से लिया जाता है अतः इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न कि जाए। नोडल अधिकारी अपने-अपने गोशालाओं की समय से रिपोर्ट भेजेंगे। जिन छब्बीस बिंदुओं पर रिपोर्ट देनी है उनमे गोशालाओं के शेड,चारा,पानी, प्रकाश,चिकित्सा और साफ सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी पूजा यादव, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ अनिल कुमार के अतिरिक्त सभी नोडल अधिकारी उपस्थित रहे।

# तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार दंपति को मारी जोरदार टक्कर

- पति का पैर कार में फंसने के से 500मीटर तक घसीटता रहा कार चालक
- दंपति सहित 5 वर्षीय बच्चा गंभीर रूप से घायल, हालत नाजुक

**लालगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



रायबरेली में देर शाम हुआ दर्दनाक सड़क हादसा जहा तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार दंपति को मारी जोरदार टक्कर कार की टक्कर से बाइक में सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए बताया जा रहा है कि युवक का पैर कार में फंसने के कारण लगभग 500 मीटर तक कार चालक घसीटता रहा,मामला लालगंज कोतवाली क्षेत्र के रेल कोच फैक्ट्री के पास का है जहां तेज रफ्तार इनोवा कार ने बाइक सवार वीरेंद्र कुमार निवासी सीतारामपुर थाना डलमऊ जोकि अपनी पत्नी निर्मला बेटा अनुराग 5 वर्ष के साथ महमदमऊ से अपने घर जा रहे थे तभी सामने से आ रही इनोवा कार ने जोरदार टक्कर मार दी कार की टक्कर लगने से तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को इलाज के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र लालगंज पहुंचाया गया जहां पर डॉक्टरों द्वारा प्राथमिक उपचार करने के बाद हालत गंभीर देखते हुए तीनो लोगों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है वही कार को पुलिस ने अपने कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

## रेलवे पटरी किनारे मिला बुजुर्ग का शव

**ऊंचाहार, रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** रेलवे पटरी पर मालगाड़ी की से कटकर एक बुजुर्ग की मौत ही गई। राजगीरों की सूचना पर पहुंचीं पुलिस ने क्षत विक्षत शव की कब्जे मे लेकर पंचायत नामे की कार्यवाही शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के पूरे शुवगुलाम मजरे अरखा रेलवे क्रॉसिंग के निकट शुक्रवार की सुबह अज्ञात बुर्जुग 50 वर्ष मालगाड़ी की कटकर गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। उसका शव क्षत विक्षत हो गया। आसपास के लोगों को सूचना होने पर वहां गांव के लोगों की भीड़ जमा हो गई। ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पंचायतनामा की कार्तवाही शुरू कर दी। कोतवाल आदर्श कुमार सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा की कार्यवाही करते हुए अग्रिम की जा रही है। शव की शिनाख्त कराई जा रही ।

# उत्तर प्रदेश पंचायत सहायक संगठन ने मांगों को लेकर किया धरना प्रदर्शन



**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

रायबरेली के विकास भवन परिसर में उत्तर प्रदेश पंचायत सहायक संगठन सैकड़ो की संख्या में गांवों में तैनात पंचायत सहायकों ने पहुंच कर अपनी मांगों को लेकर नारेबाजी करते हुए जमकर धरना प्रदर्शन किया और कार्यवाही किए जाने की मांग। आपको बता दे कि रायबरेली जनपद के विकास भवन परिसर में जिला अध्यक्ष पंचायती सहायक संगठन के नेतृत्व में सैकड़ो पंचायत सहायकों ने यहां पहुंचकर अपनी मांगों को लेकर नारेबाजी करते हुए धरना प्रदर्शन किया पंचायत सहायकों की मांग है कि प्रदर्शन किया अधिकारियों द्वारा हम पंचायत सहायकों का शोषण करना बंद किया जाए क्रॉप सर्वे में जबरन लगाए जाने को लेकर नारेबाजी करते हुए धरना प्रदर्शन किया गया है और जिलाधिकारी को ज्ञापन भी सौपा गया है

# ग्रामसभावासियों ने पूर्व प्रधान पर लगाए लाखों रुपये के भ्रष्टाचार के आरोप

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** उत्तर उत्तर प्रदेश सरकार के मुखिया मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जीरो टारलेंस का दावा करते हुए उत्तर प्रदेश के सभी जिलों में अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को ग्राम सभा में निष्पक्ष तरीके से काम करने की आदेश दिए हो लेकिन एक ऐसा ही मामला खीरों विकासखंड क्षेत्र के अंतर्गत नुनेरा गांव का है जहां पर पूर्व प्रधान के द्वारा कई लाख रुपयों का गमन किया गया उसको लेकर सभा के लोग लगातार मुख्यमंत्री से लेकर जिला अधिकारी कार्यालय पर चक्कर काट रहे हैं लेकिन उनकी सुनने वाला कोई नहीं है शुक्रवार नुनेरा ग्राम सभा के रहने वाले अंजनी कुमार ने जिलाधिकारी कार्यालय आकर एक बार फिर से रायबरेली जिलाधिकारी हर्षिता माथुर से जांच कराने की मांग की और कहा यदि हमारे ग्राम सभा की जांच नहीं कराई जाएगी तो हम लोग एक बार फिर से आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे फिलहाल जिलाधिकारी ने एसडीएम लालगंज को तत्काल जांच के आदेश



- डीएम को शिकायती पत्र देकर ग्रामसभा मे हुए कार्यों के जांच की करी मांग
- डीएम ने एसडीएम लालगंज को दिए जांच के आदेश

दिए हैं लेकिन अब देखना यह होगा कि लालगंज एसडीएम इस ग्राम सभा में हुए भ्रष्टाचार को किस नजरिए से देखते हैं और पूर्व प्रधान के ऊपर क्या कार्यवाही करते या नहीं अब यह आने वाला समय तय करेगा।

## घर से भागे प्रेमीयुगल की पुलिस ने कराई शादी

**उन्नाव।** आसीवन थाना क्षेत्र के मकबूलखेड़ा गांव निवासी शिल्पी पुत्री अरविंद व हरदोई जनपद के थाना कासिमपुर के गांव तुरना रूद्र निवासी राहुल पुत्र राजेश एक दूसरे के जीवन साथी बनना चाहते थे लेकिन समाज की मर्यादा और परिजन आपत्ति कर रहे थे जिसपर दोनों घर छोड़ने का फैसला कर सोलह दिन पूर्व निकल लिये। लड़की के पिता ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने सर्विलांस की मदद से दोनों को खोज निकाला और दोनों प्रेमी युगल के परिवारीजनों को बुलाया। बात करने पर लडकी राहुल को जीवन साथी बनाने पर अड़ी रही। सजातीय होने से संभ्रांत लोगों के बीच बैठ पंचायत में दोनों पक्ष के लोग शादी करने को राजी हो गये। पुलिस ने विधिक कार्यवाही पूरी कर दोनों को स्वजनों के हवाले कर दिया। फिर दोनों प्रेमी युगल कस्बा हैदराबाद में स्थित मां कालिका माता मंदिर में दोनों पक्षों के लोगों के समक्ष जयमाल डालकर जीवन भर के लिये परिणय सूत्र में बंध गये।

# भागवत कथा में भक्त ध्रुव प्रसंग सुनकर भावविभोर हुए श्रोता

**सरेनी (रायबरेली), समृद्धि न्यूज।** सरेनी विकासखंड के अंतर्गत पूरे चंदू मजरे काल्हीगांव में चल रही श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह के तीसरे दिन शुक्रवार को भक्ति के रंग में पूरी तरह सराबोर कथाव्यास श्री श्री 108 आत्मानंद सरस्वती जी महाराज ने कहा कि मनुष्यों का क्या कर्तव्य है इसका बोध भागवत सुनकर ही होता है! विडंबना ये है कि मृत्यु निश्चित होने के बाद भी हम उसे स्वीकार नहीं करते हैं!निस्काम भाव से प्रभु का स्मरण करने वाले लोग अपना जन्म और मरण दोनों सुधार लेते हैं। कथावाचक के मुखारविंद से परीक्षित को श्राप, सुखदेव आगमन, कपिल देवहुति संवाद, अनसुइया संवाद व ध्रुव चरित्र का प्रसंग सुनाया गया। उत्साह और उमंग से श्रद्धालु श्रीराधे, राधे-कृष्ण की गूंज के साथ झूमते-गाते नजर आए। इस अवसर पर गिरजा शंकर दीक्षित,हरी शंकर दीक्षित, उमेश चंद्र दीक्षित, ऋषि दीक्षित, दिनेश दीक्षित, राधे बाजपेई, रामजी पांडेय, कृष्ण

- श्री मद् भागवत से होता है मानव को कर्तव्यबोध : आत्मानंद सरस्वती महाराज
- श्रीमद् भागवत कथा सुनने उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़



कुमार अग्निहोत्री, गोवर्धन अग्निहोत्री, सधन अग्निहोत्री, करूणा शंकर शुक्ला, कृपा शंकर शुक्ला, हरी शंकर त्रिवेदी, राजकुमार मिश्रा, शिवतोष संघर्षी,कमल कुमार मिश्रा, कमलेश दीक्षित,गंगा सागर शुक्ला, हैप्पी मिश्रा,राजेंद्र त्रिवेदी,पुनीत त्रिवेदी,शैलेश मिश्रा,रजत बाजपेई समेत सैकड़ों पुरुष व महिलाओं की उपस्थिति रही।

## छह को उन्नाव आएंगी कमिश्नर, करेंगी जनता दर्शन

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** जनपद में आम जनमानस की मूलभूत सुविधाओं से जुड़े मामलों का गुणवत्तापूर्वक प्रभावशाली ढंग से निराकरण, अनुश्रवण एवं समन्वय के लिए आयुक्त, लखनऊ मंडल डॉ0 रोशन जैकब 6 फरवरी को प्रातः 11 बजे से लेकर अपरान्ह 2 बजे के मध्य कलेक्ट्रेट सभागार में जनता दर्शन कर जनता की समस्याओं को सुनेगी। आयुक्त के जनता दर्शन में आमजन की दैनिक जीवन से जुड़ी विभिन्न समस्याएं यथा बिजली, पानी, सड़क, प्रधानमंत्री/मुख्यमंत्री आवास, जल निकासी, दैवी आपदा, वरासत, सार्वजनिक भूमि पर अनधिकृत कब्जा, भूमि विवाद, विभिन्न प्रकार की पेंशन, सार्वजनिक वितरण प्रणाली से मिलने वाले राशन आदि के मामलो की सुनवाई की जाएगी। इस दिवस का आयोजन प्रभावी ढंग से एवं उच्च कोटि की संवेदनशीलता के साथ आम जनमानस की मूलभूत समस्याओं के सफल समाधान के दृष्टिगत किया जाएगा।

# संकट मोचन धाम में विशाल भण्डारा

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

राजकीय कालोनी में इन्दिरा उद्यान के समीप स्थित श्री संकट मोचन धाम के स्थापना दिवस पर जहां तमाम धार्मिक, आध्यात्मिक कार्यक्रम सम्पन्न हुए, वहीं विशाल भंडारा भी आयोजित हुआ, जिसमें दूर-दूर से आये हजारों भक्तों ने पूड़ी, सब्जी व बूंदी का प्रसाद ग्रहण किया। शाम को बनारस, लखनऊ व दिल्ली के कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम करने की व्यवस्था है।

आज सुबह 8 बजे से संगीतमय सुन्दरकांड का आरम्भ हुआ। पाठ के समापन पर हनुमान चालीसा का पाठ, फिर हवन, आरती के बाद भंडारा आरम्भ हुआ जो अखंड रूप से देरशाम तक चलता रहा। इस कार्यक्रम में महामंडलेश्वर महंत गणेशानंद समाजसेवी सन्तोष कुमार पाण्डेय, महन्त कृष्ण बिहारी, मुख्य पुजारी दिनेश शुक्ल, प्रबन्धक सुनील कुमार त्रिपाठी, उप प्रबन्धक माधव राज दुबे, अध्यक्ष धर्मेन्द्र पाण्डेय, विमलेश तिवारी, शुभम पाण्डेय, उमेशचद्र पाण्डेय, शीबू पाण्डेय, अभिषेक उर्फ सचिन पाण्डेय, पूर्व प्रमुख दुर्गेश पाण्डेय, मनीष सिंह, शिवम पाण्डेय, गुलाबचन्द्र, विनायक त्रिपाठी, प्रमोद त्रिपाठी समेत अनेक हनुमान भक्तों ने सफल भूमिका निभायी। मंदिर कमेटी के अध्यक्ष धर्मेन्द्र पाण्डेय ने बताया कि इस मंदिर की स्थापना 2 फरवरी 2002 में तमाम हनुमान भक्तों के सहयोग से किया गया, तब से अब तक 22 सालों में मंदिर का उत्तरोत्तर सुधार नवनिर्माण व साज सज्जा का कार्य होता आ रहा है। मंदिर के प्रधान महन्त गणेशानंद जी ने बताया कि इस मंदिर में सूर्य पुत्र शनिदेव भगवान शिव परिवार दुर्गा जी, राधाकृष्ण समेत प्रमुख देवी-देवताओं की पूजन का विधान है। संकट मोचन धाम ट्रस्ट के महन्त कृष्ण बिहारी ने बताया कि क्षेत्रीय सभासद पुष्पा यादव के प्रयास ने नगर पालिका अध्यक्ष शत्रोहन सोनकर ने इस चैराहे का नामकरण संकट मोचन धाम चैराहा कर दिया, जो बड़ी उपलब्धि है। अंत में मंदिर के संस्थापक अशोक कुमार पाण्डेय व परिवार ने सभी के प्रति आभार जताया।

## नीलगाय की टक्कर गंभीर रूप से घायल हुआ सिपाही

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** ड्यूटी करके कोतवाली लौट रहा बाइक सवार सिपाही को नीलगाय ने मारी जोरदार टक्कर, नीलगाय की टक्कर से सिपाही गंभीर रूप से हुआ घायल मामला सालों कोतवाली क्षेत्र के मोहम्मदाबाद गांव के पास का है जहां कोतवाली सलोन कोतवाली में तैनात सिपाही शिव कुमार ड्यूटी करने के बाद वापस कोतवाली लौट रहे थे तभी अचानक नीलगाय ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए स्थानीय लोगों की मदद से घायल सिपाही को इलाज के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र लिए जाया गया जहां उनकी हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल रायबरेली के लिए रेफर कर दिया गया।

# बीजेपी शिक्षक प्रकोष्ठ ने फिरोज गांधी इंस्टीट्यूट आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के निदेशक से की मुलाकात

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

भारतीय जनता पार्टी शिक्षक प्रकोष्ठ रायबरेली के जिला संयोजक दिलीप द्विवेदी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल ने निदेशक (ए) फिरोज गांधी इंस्टीट्यूट आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी रायबरेली डॉक्टर दिग्विजय सिंह चौहान से उनके कार्यालय में जाकर सौहार्दपूर्ण मुलाकात की। डॉक्टर चौहान को शिक्षा के क्षेत्र में समाज को विशिष्ट योगदान देने पर भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष बुद्धिलाल पासी, जिला संयोजक



दिलीप द्विवेदी, सहसंयोजक अजय सिंह चंदेल, प्रधानाचार्य महासभा के जिला संयोजक नरेंद्र बहादुर सिंह की उपस्थिति में स्मृति चिन्ह, अंग वस्त्र एवं माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया एवं नव वर्ष की मंगल कामनाएं प्रेषित की गयी। डॉक्टर चौहान ने अपने सम्मान से अविभूत होकर कहा कि हम संस्थान को और बेहतर एवं रोजगार परक बनाने का प्रयास करते रहेंगे। इस अवसर पर भाजपा नेता शिवेंद्र सिंह, जिला मीडिया प्रभारी डॉक्टर कमलाकांत, सुनील द्विवेदी, जिला संयोजक शिक्षणेत्तर महासभा मनीष मिश्रा, वैदिक इंटर कॉलेज के लिपिक चन्द्रधर शर्मा आदि कई शिक्षक उपस्थित रहे।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**शुद्धि पत्र**

स्वीकृत पत्र सं. ई-टेन्डरिंग खुली निविदा सूचना सं० 05/2024 दिनांक 29.01.2024 के अंतर्गत 01 निविदा जो दिनांक 21.02.2024 को खोली जानी है के क्रमांक 1 को निम्न प्रकार पढ़ा जाये। **क्र.सं. 1. मूल निविदा के अनुसार :** मौजूदा स्टेबिल लाइन और वाशिंग लाइन को 600 मीटर तक विस्तारित करने के साथ 600 मीटर नई स्टेबलिंग लाइन का प्रावधान और शंटिंग कार्य के लिए इन सभी लाइनों को एक छोर पर जोड़ना और ट्रेन सेट डिपो सी.बी.जे. में वाशिंग पिट की नाली को लोहे के मेश से ढकने के साथ-साथ लोको मूवमेन्ट के लिए वाशिंग लाइन को उपयुक्त बनाना। स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि 06 माह। **अब पढ़ा जाये :** सी.बी. गंज ट्रेन सेट डिपो के मौजूदा स्टेबिल लाइन और वाशिंग लाइन को 600 मीटर तक विस्तारित करने के साथ 600 मीटर नई स्टेबलिंग और वाशिंग एवं पिट की नाली पर कवर लगाने का कार्य। स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि 15 माह। अन्य विवरण एवं शर्त मूल निविदा के अनुसार ही रहेगी। ई-निविदा की प्रस्तुति हेतु पूर्ण विवरण भारतीय रेलवे के IREPS वेब साईट **www.ireps.gov.in** पर देखे।

मंडल रेल प्रबंधक (इंजी०), इज्जतनगर
मुजाधि/डब्लू - 526

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।

## मोदी की गारंटी वाला बजट

केंद्र सरकार ने अपने दूसरे कार्यकाल का अंतरिम बजट प्रस्तुत कर दिया है। इस बजट में हालांकि कोई व्यापक परिवर्तन नहीं किया है, लेकिन जिस प्रकार पिछले बजट के कारण भारत की दशा और दिशा सुधरी हुई दिखाई देती है, वैसी ही राह का अनुसरण इस बार के बजट में किया गया है। उल्लेखनीय है कि पिछले बजटों के माध्यम से भारत ने अर्थव्यवस्था के मामले में नए कीर्तिमान बनाते हुए एक वैश्विक आयाम स्थापित किया है। जिसकी चर्चा पूरे देश में तो है ही, साथ विश्व के अनेक देश भारत के इन आर्थिक कदमों की प्रशंसा कर रहे हैं। कोरोनाकाल में जहां एक ओर विश्व के अनेक बड़े देशों की अर्थ व्यवस्था धराशायी हो गई थी, वहीं भारत ने सीना चौड़ा करके एक ऐसी राह का निर्धारण किया, जो भारत को विकसित बनाने में समर्थ है। इस बार का बजट भी निश्चित ही भारत को गरीबी से उबारने का सामर्थ्य पैदा करने वाला ही कहा जाएगा, क्योंकि इस बजट में केंद्र सरकार ने उन बातों पर पुनः फोकस किया जो भारत की गरीब जनता के लिए प्रगति का द्वार खोलती हैं। केंद्र सरकार भारत की जनता को जातियों के आधार पर नहीं देखती। उसकी नजर में देश में केवल चार ही जातियां हैं। जिसमें किसान, युवा, महिला एवं गरीब ही आते हैं। यह किसी भी जाति का क्यों न होज इसके लिए इस बजट में भी ध्यान रखा गया है। वास्तव में जिस देश में यह चार वर्ग सशक्त हो जाएं तो उस देश को प्रगति की राह पर जाने से कोई नहीं रोक सकता। मोदी सरकार के कार्यकाल में भारत ने विकास के रास्ते पर दौड़ लगाई है। इस देश में अब तक करोड़ों वास्तविक गरीबों को आवास मिला है। इसके पूर्व सरकारी सुविधा से निर्मित आवासों में बंदरबांट होता रहा है। जिसमें कई आवास नेताओं के परिजनों को ही मिल जाते थे, जो एक बड़े घोटाले का रूप ले चुका था। केंद्र की मोदी सरकार ने इसमें पारदर्शी तरीके से कार्य करते हुए उन्हीं गरीबों को आवास उपलब्ध कराए, जिनको वास्तव में जरूरत थी। यह आवास हर वर्ग को उपलब्ध कराए, फिर चाहे वह हिन्दू हो अथवा मुसलमान। सरकार भारत की समस्त जनता को अपना परिवार मानकर कार्य कर रही है। उसका नारा भी सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास ही है। इस बार के बजट में केंद्र सरकार ने प्रावधान किया है कि आगामी समय में देश के गरीब समाज को गरीबी से बाहर निकालने के लिए दो करोड़ आवास निर्मित किए जाएंगे। इससे जिन मजदूरों की आय का बड़ा हिस्सा मकान किराये के रूप में व्यय होता था, उससे बचा जा सकेगा। मोदी सरकार का यह कदम मोदी की गारंटी को पूरा करने वाला ही कहा जाएगा। इसलिए इस बजट को मोदी की गारंटी को पूरा करने वाला भी कहा जा रहा है। कुल मिलाकर इस बजट को गरीबों को सशक्त बनाने वाला बजट निरूपित किया जाए तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। केंद्र सरकार ने इस बजट में व्यापारी वर्ग का भी खास ध्यान रखा है। सरकार ने आयकर को यथावत रखा है। इसी प्रकार महिलाओं के विकास पर भी जोर दिया गया है। वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने बताया कि इस बजट के माध्यम से तीन करोड़ और महिलाओं को लखपति बनाया जाएगा। विकास की आधारशिला का मुख्य सूत्र माने जाने वाले अधोसंरचना पर भी मोदी सरकार ने प्रमुखता से ध्यान दिया है। इसके विकास के लिए बजट में बढ़ोतरी की है। कहा जाता है जिस देश की अधोसंरचना मजबूत होती है, वह देश विकास की राह पर तेज गति से भागता है। क्योंकि इससे समय की बचत होती है और काम भी आसान हो जाता है।

**चीन और पाकिस्तान को भारत का विकास कभी भी रास नहीं आता। यह दोनों मुल्क भारत को किसी न किसी तरह से क्षति पहुंचाने की फिराक में रहते हैं। इसलिए भारत के पास अपने रक्षा बजट को लगातार बढ़ाने के अलावा कोई चारा नहीं बचता। वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने इस सोच के चलते ही अपने अंतरिम बजट में रक्षा क्षेत्र को दिल खोलकर धन दिया। कमजोर को तो दुनिया जीने का भी अधिकार देने के लिए राजी नहीं है। कहा गया है कि क्षमा शोभती उस भुजंग को जिसके पास गरल हो। उसको क्या जो दंतहीन, विषहीन, विनीत, सरल हो। भारत की तरफ से पूरे विश्व को यह संदेश जाते रहना चाहिए कि हम रक्षा क्षेत्र को मजबूत करते हुए अपने अन्य क्षेत्रों की भी अनदेखी नहीं करेंगे। यह भी गौरतलब है कि भारत रक्षा निर्यात के क्षेत्र में एक बड़ी ताकत बनने जा रहा है। ताजा आंकड़ों के मुताबिक पिछले नौ साल में देश में रक्षा निर्यात में 23 गुणा की बढ़ोतरी हुई है।**

# दशकों बाद देश के बजट में रक्षा क्षेत्र के साथ हुआ न्याय

आर.के. सिन्हा



**भारत सरकार की आत्मनिर्भर भारत पहल के अनुरूप और रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने पिछले कुछ वर्षों में कई नीतिगत पहल की हैं और सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) और स्टार्ट-अप सहित भारतीय उद्योग द्वारा रक्षा उपकरणों के स्वदेशी डिजाइन, विकास और निर्माण को प्रोत्साहित करने के लिए सुधार लाए हैं, जिससे आत्मनिर्भरता को बढ़ावा मिला है। एक सुखद बात यह भी है कि टाटा, लार्सन एंड टुब्रो, महिन्द्रा और जिंदल जैसे मशहूर उद्योग समूह रक्षा उत्पादन में निवेश कर रहे हैं। टाटा समूह रक्षा उत्पादन के क्षेत्र में लंबी छलांग लगाने की तैयार कर चुका है। टाटा मोटर्स, टाटा पावर और टाटा एडवांस्ड मैटीरियल्स रक्षा उत्पादन के काम में खासतौर पर बहुत एक्टिव हैं।**

भारत ने एक बार फिर शत्रुओं को साफ संकेत और सख्त संदेश दिया है कि वह अपनी सरहदों की निगहबानी करने में कभी भी पीछे नहीं रहेगा। भारत अपने रक्षा क्षेत्र को निरंतर मजबूत करता रहेगा। केन्द्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा चुनाव से पहले गुरुवार को मोदी सरकार के अंतरिम बजट को देश के सामने रखा। उन्होंने बजट प्रस्तावों में रक्षा क्षेत्र के लिए पिछले वित्त साल की तुलना में 11.1 फीसद अधिक धन की व्यवस्था की। यह राशि देश के जीडीपी के कुल 3.4 फीसद होगी। यह एक स्पष्ट और सख्त संदेश है कि चीन और पाकिस्तान जैसे दो घोषित शत्रुओं के साथ भारत कभी भी अपनी सीमाओं की रखवाली करने में कमजोर रहने वाला नहीं है। यह दोनों दी देश घनघोर रूप से धूर्त हैं। इनसे भारत कई बार जंग भी कर चुका है।

अगर एक 1962 की जंग को छोड़ दिया जाए तो भारत ने हरेक बार इन्हें करारा जवाब भी दिया है। 1962 की जंग को हुए तो अब छह दशकों का लंबा वक्त हो गया है। उसके बाद चीन ने हमारी सीमाओं के अतिक्रमण करने की जब-जब कोशिश की तो उसे कसकर मार पड़ी। बुद्ध, महावीर और गांधी का भारत अपने पड़ोसियों से सौहार्द पूर्वक संबंध रखना जरूर चाहता है। वह अपने पड़ोसियों की क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान भी करता है। इतिहास साक्षी है कि भारत ने किसी देश में जाकर कभी भी हमला नहीं किया है। पर भारत भी अब किसी की धौंस में आने वाला नहीं है। इस बीच, रक्षा क्षेत्र को लेकर सबसे अच्छी बात यह हो रही है कि भारत रक्षा उत्पादन में आत्म निर्भर बनने का संकल्प ले चुका है। नरेन्द्र मोदी के केन्द्र सरकार पर 2014 में सत्तासीन होने के बाद सरकार की कोशिश रही है कि हम अपनी रक्षा जरूरतों का उत्पादन खुद करें।

भारत सरकार की आत्मनिर्भर भारत पहल के अनुरूप और रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने पिछले कुछ वर्षों में कई नीतिगत पहल की हैं और सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) और स्टार्ट-अप सहित भारतीय उद्योग द्वारा रक्षा उपकरणों के स्वदेशी डिजाइन, विकास और निर्माण को प्रोत्साहित करने के लिए सुधार लाए हैं, जिससे आत्मनिर्भरता को बढ़ावा मिला है। एक सुखद बात यह भी है कि टाटा, लार्सन एंड टुब्रो, महिन्द्रा और जिंदल जैसे मशहूर उद्योग समूह रक्षा उत्पादन में निवेश कर रहे हैं। टाटा समूह रक्षा उत्पादन के क्षेत्र में लंबी छलांग लगाने की तैयार कर चुका है। टाटा मोटर्स, टाटा पावर और टाटा एडवांस्ड मैटीरियल्स रक्षा उत्पादन के काम में खासतौर पर बहुत एक्टिव हैं। भारत के सालाना लगभग दो लाख करोड़ के रक्षा बाजार में कब्जा करने में टाटा समूह एक बड़े प्लेयर के रूप में उभर रहा है।

भारत को दुश्मनों से पूरी तरह से सुरक्षित रखने के लिए रक्षा क्षेत्र में हर हालत में एक स्तर तक तो आत्मनिर्भर होना ही होगा। इस लिहाज से देश के निजी के ऊपर बहुत बड़ी जिम्मेदारी आ जाती है। दरअसल स्टॉकहोम इंटरनेशनल ने अपनी एक हालिया रिपोर्ट में बताया है कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा हथियार आयातक देश है। रिपोर्ट के अनुसार, साल 2013-17 और 2018-22 के बीच भारत की हथियार खरीद में 11 प्रतिशत की कमी आई है, इसके बावजूद भारत हथियारों का सबसे बड़ा खरीदार देश बना हुआ है। बीते पांच सालों में दुनिया में जितने हथियार खरीदे गए, उनमें से 11 प्रतिशत अकेले भारत ने खरीदे। सऊदी अरब (9.6 फीसदी) खरीद के साथ दूसरे स्थान पर है। वहीं इनके बाद कतर (6.4त्न), ऑस्ट्रेलिया (4.7त्न) और चीन (4.7त्न) का नंबर आता है। भारत दुनिया का सबसे बड़ा हथियारों का निर्यातक इसलिए बना क्योंकि वह चीन और पाकिस्तान जैसे देशों का पड़ोसी है।

चीन और पाकिस्तान को भारत का विकास कभी भी रास नहीं आता। यह दोनों मुल्क भारत को किसी न किसी तरह से क्षति पहुंचाने की फिराक में रहते हैं। इसलिए भारत के पास अपने रक्षा बजट को लगातार बढ़ाने के अलावा कोई चारा नहीं बचता। वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने इस सोच के चलते ही अपने अंतरिम बजट में रक्षा क्षेत्र को दिल खोलकर धन दिया।कमजोर को तो दुनिया जीने का भी अधिकार देने के लिए राजी नहीं है। कहा गया है कि क्षमा शोभती उस भुजंग को जिसके पास गरल हो । उसको क्या जो दंतहीन, विषहीन, विनीत, सरल हो। भारत की तरफ से पूरे विश्व को यह संदेश जाते रहना चाहिए कि हम रक्षा क्षेत्र को मजबूत करते हुए अपने अन्य क्षेत्रों की भी अनदेखी नहीं करेंगे। यह भी गौरतलब है कि भारत रक्षा निर्यात के क्षेत्र में एक बड़ी ताकत बनने जा रहा है। ताजा आंकड़ों के मुताबिक पिछले नौ साल में देश में रक्षा निर्यात में 23 गुणा की बढ़ोतरी हुई है।

फिलहाल 100 से अधिक कंपनियों के जरिए देश में रक्षा क्षेत्र से जुड़ा सामान का उत्पादन हो रहा है। इन्हें मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत के तहत बनाया जा रहा है। देश रक्षा क्षेत्र में न केवल आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहा है, बल्कि दूसरे देशों को भी निर्यात कर रहा है। विगत वित्त साल भारत ने 16 हजार करोड़ रुपये का निर्यात किया है, जिसमें सैन्य हार्डवेयर यानी गोला-बारूद और हथियार शामिल हैं। यह पिछले साल से करीबन तीन हजार करोड़ रुपये अधिक है और पिछले नौ वर्षों में सबसे अधिक और 2014 से 23 गुणा है। अब जानेंगे कि वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने अंतरिम बजट 2024 क्यों पेश किया? इससे पहले केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने वर्ष 2019 में अंतरिम बजट पेश किया था। तो, अंतरिम बजट क्या है और इसे 2024 में पूर्ण बजट के बजाय क्यों पेश किया जा रहा है। क्या होता अंतरिम बजट है? दरअसल जिस साल देश में लोकसभा चुनाव होने होते हैं, उस वर्ष के दौरान मौजूदा सरकार पूर्ण बजट पेश नहीं कर सकती है।

## विचार

# कांग्रेस लगातार कर रही है ऐतिहासिक भूल

उमेश चतुर्वेदी

कांग्रेस का कदम उसकी उसी पारंपरिक राजनीति का विस्तार माना जा सकता है, जिसमें वह सांप्रदायिकता विरोध की राजनीति को धार देने का दावा करती रही है। जिसके जरिए वह अल्पसंख्यकवाद को ही पल्लवित और पुष्पित करती रही है। कांग्रेस और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी में कोई समानता हो सकती है? सांप्रदायिकता और मोदी विरोध के नाम पर दोनों दल करीब दो दशक से साथ हैं। करीब ढाई दशक पहले मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी को केंद्र सरकार बनाने का मौका मिला, लेकिन पार्टी ने उसे नकार दिया। तो क्या कांग्रेस भी वैसी ही ऐतिहासिक भूल कर रही है? कांग्रेस को लेकर यह सवाल राजनीतिक हलकों में उसके हालिया कदम के बाद पूछा जा रहा है।

रामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास ने 22 जनवरी को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए कांग्रेस को बुलावा भेजा था। पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी, मौजूदा अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष अधीर रंजन चौधरी को समारोह में शामिल होने का बुलावा मिला। इस समारोह में शामिल होने के लिए कांग्रेस कुछ दिनों तक उहापोह में रही। आखिर में उसने इस समारोह के आमंत्रण को ही एक तरह से ठुकरा दिया। करीब ढाई दशक से कथित सांप्रदायिकता के इर्द-गिर्द राजनीतिक विमर्श चल रहा है, उसकी वजह से एक सियासी हलके के एक वर्ग को कांग्रेस का यह कदम ऐतिहासिक और मजबूत लग रहा है। लेकिन एक वर्ग ऐसा भी है, जिसे लगता है कि कांग्रेस ने इस आमंत्रण को ठुकरा कर ऐतिहासिक गलती की है।

इतिहास का प्रमाणित तथ्य है कि अयोध्या के विवादित ढांचे का ताला कांग्रेस ने ही खुलवाया। शाहबानो मामले में सुप्रीम कोर्ट के फैसले को संसद के जरिए पलटने के बाद मुस्लिम तुष्टिकरण के लिए सवालों के घेरे में आई तत्कालीन राजीव सरकार ने ताला खुलवाकर एक तरह से सियासी पासा फेका था। उसे ऐसा लगा कि कुछ महीनों बाद होने वाले आम चुनावों में इस दांव से नाराज पड़े हिंदू मतदाताओं को साधा जा सकेगा। लेकिन ऐसा नहीं हो सका। चुनाव नतीजों में कांग्रेस सबसे बड़ा दल भले ही बनी, लेकिन बहुमत की संख्या से काफी पीछे चली गई। तब शिलान्यास और ताला खुलवाने को कांग्रेस के अंदर की कट्टर सेकुलरवादी सोच ने गलत बताना शुरू किया। राममंदिर तब से कांग्रेस की नजर में सांप्रदायिकता का प्रतीक बनता चला गया। लेकिन सवाल यह है कि क्या इसका कांग्रेस को फायदा मिला?

**विगत दस सालों से केंद्र की सत्ता पर वह काबिज जिन वजहों से है, उसमें एक वजह यह भी है। लेकिन कांग्रेस के बौद्धिक सलाहकारों का प्रभावी तबका इस तथ्य को या तो समझ नहीं रहा है या फिर समझते हुए भी जानबूझकर नकार रहा है। 22 जनवरी के आयोजन को लेकर देशभर में भारतीय जनता पार्टी और संघ परिवार के कार्यकर्ता संपर्क कर रहे हैं। प्राण प्रतिष्ठा समारोह के आमंत्रण को लेकर जमीनी स्तर पर जिस तरह आम लोगों का समर्थन मिल रहा है।**

लोकतांत्रिक समाज में राजनीतिक फैसलों का आकलन आखिरकार मतदान में मिले समर्थन से ही आंका जाता है। कांग्रेस में ही एक तबका ऐसा है, जिसे लगता है कि बाबरी ध्वंस हुए तीन दशक से ज्यादा हो गए। तब से लेकर अब तक सरयू में काफी पानी बह चुका है।

इसलिए इस मुद्दे पर पार्टी को अलग रवैया अख्तियार करना चाहिए। हालांकि उस वर्ग की पार्टी में कम सुनी जाती रही। इसका ही नतीजा रहा कि सर्वोच्च न्यायालय में राममंदिर को लेकर जारी मुकदमे में विरोध में उतरे नेताओं ने राम को काल्पनिक पात्र बताने में हिचक नहीं दिखाई। मीर बाकी ने मंदिर ध्वस्त करके मस्जिद बनवायी थी, उस तथ्य को भी कांग्रेस का प्रभावी तबका नकारता रहा। कांग्रेस के इस कदम को उत्तर भारत के मतदाताओं के एक बड़े वर्ग ने चिढ़ाने के अंदाज में लिया। निश्चित तौर पर भारतीय जनता पार्टी को इसका भी फायदा मिला।

विगत दस सालों से केंद्र की सत्ता पर वह काबिज जिन वजहों से है, उसमें एक वजह यह भी है। लेकिन कांग्रेस के बौद्धिक सलाहकारों का प्रभावी तबका इस तथ्य को या तो समझ नहीं रहा है या फिर समझते हुए भी जानबूझकर नकार रहा है। 22 जनवरी के आयोजन को लेकर देशभर में भारतीय जनता पार्टी और संघ परिवार के कार्यकर्ता संपर्क कर रहे हैं। प्राण प्रतिष्ठा समारोह के आमंत्रण को लेकर जमीनी स्तर पर जिस तरह आम लोगों का समर्थन मिल रहा है, वह सिर्फ सनातन आस्था का उभार का प्रतीक ही नहीं है। बल्कि यह उत्साह एक तरह से भावी चुनावों की बानगी भी पेश कर रहा है। कांग्रेस ने जिस तरह आमंत्रण को ठुकराया है, उससे ऐसा प्रतीत होता है, वह जमीन पर जारी इस उत्साह को समझ नहीं पा रही है।

कांग्रेस का कदम उसकी उसी पारंपरिक राजनीति का विस्तार माना जा सकता है, जिसमें वह सांप्रदायिकता विरोध की राजनीति को धार देने का दावा करती रही है। जिसके जरिए वह अल्पसंख्यकवाद को ही पल्लवित और पुष्पित करती रही है। ध्यान देने की बात है कि ऐसा करने के बावजूद राममंदिर आंदोलन के उभार के बाद राजनीतिक संख्या बल के लिहाज से ताकतवर उत्तर भारत के राज्यों में कांग्रेस का समर्थक आधार लगातार कमजोर होता चला गया है। उत्तर प्रदेश और बिहार जैसे राज्यों में तो भाजपा विरोध का उसकी बजाय समाजवादी पार्टी और राष्ट्रीय जनता दल जैसे दलों को फायदा मिला है। उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी और बिहार में राष्ट्रीय जनता दल अल्पसंख्यक वोटरों की पहली पसंद हैं। इन दोनों राज्यों में लोकसभा की 120 सीटें आती हैं। लेकिन कांग्रेस के पास महज दो सीटें ही हैं। अतीत में उत्तर भारत में कांग्रेस ब्राह्मण, दलित और अल्पसंख्यक वोटरों के समीकरण से तैयार राजनीतिक रसायन से सत्ता का मुरब्बा तैयार करती रही है।

## राजनीतिक प्रतिशोध के नए शिकार हेमंत सोरेन

भारतीय जनता पार्टी की केन्द्र सरकार ने विरोधी दलों के नेताओं के प्रति दुर्भावना एवं राजनीतिक प्रतिशोध का खेल जारी रखते हुए झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को आखिरकार बुधवार की रात अपनी जांच एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय (एनफोर्समेंट डायरेक्टोरेट) के जरिये जमीन घोटाले के आरोप में गिरफ्तार करवा ही लिया। ईडी ने 10 दिनों के लिये उन्हें अपनी हिरासत में रखने की मांग की है। गिरफ्तारी की आशंका के चलते तेजी से घूमे राजनैतिक घटनाक्रम में श्री सोरेन ने उसके पहले राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को इस्तीफा सौंप दिया था तथा सत्तारुढ़ झारखंड मुक्ति मोर्चा विधायक दल ने चंपई सोरेन को सर्वसम्मति से अपना नेता चुन लिया।

इस गिरफ्तारी को उसी नजरिये से देखा जा रहा है जिसके अंतर्गत दिल्ली सरकार के तीन वरिष्ठ मंत्रियों व एक सांसद को महीनों से जेल में डालकर रखा गया है तथा वहां के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सिर पर भी गिरफ्तारी की तलवार लटक रही है। छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल समेत देश के कई विपक्षी नेता ईडी के रडार पर हैं। मुख्यमंत्री पद पर रहते गिरफ्तार होने वाले वे पहले नेता हैं। उनके पिता शिबू सोरेन को भी 20 साल पहले गिरफ्तार किया गया था। हालांकि उन्होंने खुद कोर्ट में आत्मसमर्पण कर दिया था। देश में जिस प्रकार से भाजपा सरकार विरोधी दलों के नेताओं के खिलाफ अपनी तीनों जांच एजेंसियों द्वारा-आयकर व सीबीआई की अंधाधुंध छापेमारी करवा रही है तथा उन्हें जेलों में डलवाया जा रहा है, वह गम्भीर खतरों का संकेत है। इन एजेंसियों का इस्तेमाल भाजपा विरोधी सरकारों को गिराने के लिये करती है। अब साफ है कि हाल ही में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी इसी छापेमारी से घबराकर इंडिया गठबन्धन का साथ छोड़ गये और उन्होंने भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए में रहने में ही अपनी भलाई समझी।

अपनी भारत जोड़ो न्याय यात्रा में बिहार पहुंचे राहुल गांधी ने अपने भाषण में कहा कि थोड़ा सा दबाव पड़ते ही नीतीश कुमार टूट गये। जो हो, इस गिरफ्तारी के खिलाफ जब यह कहकर रांची हाईकोर्ट ने सुनवाई नहीं की कि मामला तत्काल सुने जाने लायक नहीं है, वरिष्ठ नेता कपिल सिब्बल, अभिषेक मनु सिंघवी आदि सुप्रीम कोर्ट गये हैं। इस पर शीर्ष अदालत शुक्रवार को सुनवाई करेगी। इसके साथ ही एक बार फिर से भाजपा का अलोकतांत्रिक चेहरा सामने आया है। उसने पुनरू साबित कर दिया है कि वह सत्ता पाने हेतु किसी भी हद तक जा सकती है। हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी ऐसे वक्त पर हुई है जब केवल एक दिन पहले चंडीगढ़ के मेयर का निर्वाचन भाजपा ने विपक्षी वोटों को हथियाकर जीत लिया। केन्द्र सरकार द्वारा उस ईवीएम के जरिये ही मतदान कराने की बात पर अड़े रहना भी यही दर्शाता है कि भाजपा येन केन प्रकारेण हर चुनाव को जीतने पर आमादा है। यह गिरफ्तारी उसी कुचक्र की एक कड़ी है। हेमंत सोरेन की गिरफ्तार का असली मकसद वहां की सरकार को गिराना है। वहां जेएमएम के लगभग 47 विधायक हैं और भाजपा के पास करीब 33 हैं।

अब भाजपा वहां सत्ता पक्ष के विधायकों को तोड़कर सरकार बनाने पर आमादा है। झारखंड जिस बिहार को विभाजित कर बनाया गया, वहां केवल तीन दिन पहले जनता दल यूनाइटेड के सुप्रीमो व मुख्यमंत्री नीतीश ने राष्ट्रीय जनता दल से अलग होकर 6 घंटों के भीतर एनडीए के साथ नयी सरकार बना ली। झारखंड का आलम यह है कि चंपई सोरेन ने अपने साथ खड़े सभी 47 विधायकों की सूची राज्यपाल को सौंपी है। इसके बावजूद राज्यपाल ने बिहार के अपने समकक्ष राजेन्द्र अरलेकर जैसी तत्परता नहीं दिखाई। चंपई सोरेन को गुरुवार शाम 5.30 बजे मिलने का वक्त दिया गया है, लेकिन केवल 5 लोगों के साथ। उनके जल्दी शपथ लेने के आसार नहीं दिखते।



## राशिफल

**मेषः-** कुछ महत्वपूर्ण जिम्मेदारियाँ मन पर प्रभावी होंगी। घरेलू कायरे में ब्यस्तता बढ.गी। परिजनों के सहयोग से मन उत्साहित होगा। हंसमुख स्वभाव से आस-पास वातावरण में प्रसन्नता बिखेरेंगे।

**बृषभः-** शासन-सत्ता कें लोगों के साथ निकटता बढ़ेगी। नियोजित परिश्रम द्वारा कार्य सिद्धी के आसार बनेंगे। पुराने संबंधों से लाभ संभव।

**मिथुनः-** कठिन एवं विषम परिस्थितियों के मध्य परिश्रम व लगन से प्रगति के ओर अग्रसर होंगे। समाजिक सक्रीयता से मान-प्रतिष्ठा में बृद्धि होगी। घरेलू दायित्वो के प्रति आपकी महत्ता बढ़ेगी।

**कर्कः-** कुछ भौतिक आकांक्षाएं अपनी सार्थकता हेतु मन को उद्वेलित करेंगी। निकटस्थ सम्बन्धों में भावनात्मक अपेक्षाएं कष्टकारी हो सकती है।

**सिंहः-** कुछ नई इच्छाएं बलवती होंगी। प्रयासरत् क्षेत्रों में संघर्ष संभव परन्तु निराशावादी बिचारों को मन में स्थान न दें। किसी बड़े आयोजन हेतु समुचित ब्यवस्था के लिए मन प्रयत्नशील होगा।

**कन्याः-** नई सफ्लताओं से खुद की क्षमताओं का ऐहशास होगा। जीविका क्षेत्र में अवरोधों से मन में निराशा संभव भौतिक आकांक्षाओं की पूर्ति में ब्यय की अपेक्षित है।

**तुलाः-** किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लाएगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव। दुबिधाओं को त्याग कर सही व स्वच्छ योजनाओं पर केन्द्रित हों।

**वृश्चिकः-** नकारात्मक चिन्ताओं को त्याग कर अपनी क्षमताओं पर भरोसा करें। नौकरी-पेशे में अधिकारियों व सहकर्मियों के सहयोग से वातावरण सुखद होगा। राजनैतिक क्षेत्र के ब्यक्तियों का सहयोग प्राप्त होगा।

**धनुः-** सम्बन्धों में ब्यवहारकुशल बनें। समाजिक व मांगलिक कार्यक्रमों में आपकी भागीदारी संभव। कुछ महत्वपूर्ण प्रयत्न की सार्थकता आप में नए उत्साह का संचार करेगा।

**मकरः-** बिद्यार्थियों के लिए ग्रहों की अनुकूलता लाभप्रद होगी। कुछ महत्वाकांक्षी योजनाएं सार्थक होगी।

**कुंभः-** अन्तमरुखी स्वभाव को त्याग बहिरमुखी बनें। कुछ महत्वपूर्ण अभिलाषाओं की पूर्ति के आसार हैं। परिजनों के सुख-दुख के प्रति मन चिन्तित होगा। कार्य क्षेत्र में ब्यस्तता बढ़ेगी।

**मीनः-** पुरानी समस्याओं पर बिजय प्राप्त कर सुखद अनुभूति करेंगे। ग्रहों की अनुकूलता से कोई अवरोधित कार्य हल होने के आसार बनेंगे।

# जेल में बंद इमरान खान अब भी चुनौती

तीर्थंकर मित्र



**बिजली की कमी ने स्थिति और खराब कर दी है। यह जानने के लिए कि मतदाता अपनी आर्थिक दुर्दशा का श्रेय किसे देते हैं, मतपेटी की लड़ाई के नतीजे का इंतजार है। पाकिस्तान में किसी भी चुनाव से पहले ध्रुवीकृत राजनीतिक माहौल कोई नई बात नहीं है। लेकिन आज इसकी सीमा अभूतपूर्व रूप से लोगों और समाज को पक्षपातपूर्ण आधार पर विभाजित कर रही है, जिससे राजनीतिक विरोधियों के प्रति सहिष्णुता पिछले चुनाव की तुलना में कम हो गई है। राजनीतिक चर्चाओं में एक जहरीले इंजेक्शन के बाद बहस को कमजोर कर दिया गया है। चुनाव प्रचार धीमे स्वर में चल रहा है, जो पाकिस्तान में पिछले चुनावों के उत्सवी मूड के विपरीत है। गैलप और गिलानी के जनमत सर्वेक्षण के अनुसार, 40 प्रतिशत से अधिक पाकिस्तानियों ने अपने पड़ोस में गायब बैनर और पोस्टरों की ओर इशारा किया है।**

आठ फरवरी को पाकिस्तान में नयी संसद के चुनाव के लिए राष्ट्रीय चुनाव होंगे। लेकिन गणना के दिन तक की प्रक्रिया पिछले चुनावी अवसरों के समान उल्लेखनीय समानताओं और कुछ मतभेदों के साथ एक फीकी स्थिति बन गई है। परिदृश्य में आये कुछ नये लोगों का मानना है कि यह अवसर चुनावी नतीजों की अनिश्चितता से जुड़ा है। दूसरी ओर, पारंपरिक ज्ञान ने परिवर्तन की किसी भी संभावना को खारिज कर दिया है और महसूस किया है कि चुनाव परिणाम की भविष्यवाणी करना स्पष्ट रूप से बहुत आसान काम नहीं है, लेकिन वास्तव में यह पहले से ही ज्ञात है। राजनीतिक दल चुनावी मैदान में हैं।

कुछ पुराने लोगों के नये अवतार भी हैं। उनका नेतृत्व परिचित हस्तियों द्वारा किया जाता है, जबकि अन्य को दलबदलुओं द्वारा एक साथ मिला लिया गया है। एक राजनीतिक दल के प्रयासों को सीमित करने के लिए प्रतिष्ठान का हस्तक्षेप अतीत की नकल करता है। यदि इस बार पीटीआई है, तो पिछले चुनाव में यह पीएमएल-एन थी। चुनाव अभियान भी परिचित मुद्दाविहीन चरित्र धारण करता है।अब बदलाव का समय महसूस किया जा रहा है। चुनाव पाकिस्तान के अब तक के सबसे गंभीर आर्थिक संकट की पृष्ठभूमि में हो रहे हैं। जनसंख्या, जिसमें मतदाता भी शामिल हैं, पहले से कहीं अधिक बदतर स्थिति में हैं क्योंकि जीवनयापन की लागत में वृद्धि, बेरोजगारी और गरीबी का स्तर लगातार बढ़ रहा है।

बिजली की कमी ने स्थिति और खराब कर दी है। यह जानने के लिए कि मतदाता अपनी आर्थिक दुर्दशा का श्रेय किसे देते हैं, मतपेटी की लड़ाई के नतीजे का इंतजार है। पाकिस्तान में किसी भी चुनाव से पहले ध्रुवीकृत राजनीतिक माहौल कोई नई बात नहीं है। लेकिन आज इसकी सीमा अभूतपूर्व रूप से लोगों और समाज को पक्षपातपूर्ण आधार पर विभाजित कर रही है, जिससे राजनीतिक विरोधियों के प्रति सहिष्णुता पिछले चुनाव की तुलना में कम हो गई है। राजनीतिक चर्चाओं में एक जहरीले इंजेक्शन के बाद बहस को कमजोर कर दिया गया है। चुनाव प्रचार धीमे स्वर में चल रहा है, जो पाकिस्तान में पिछले चुनावों के उत्सवी मूड के विपरीत है। गैलप और गिलानी के जनमत सर्वेक्षण के अनुसार, 40 प्रतिशत से अधिक पाकिस्तानियों ने अपने पड़ोस में गायब बैनर और पोस्टरों की ओर इशारा किया है। घर-घर अभियान में पार्टी के उम्मीदवारों द्वारा पांच में से केवल एक का प्रचार किया गया है।

युवा मतदाताओं की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, जो देश की जनसंख्या संरचना का प्रतिबिंब है। 2018 में 460 लाख से अधिक की तुलना में युवा मतदाताओं की संख्या बढ़कर 570 लाख हो गई है। तकनीक प्रेमी होने के कारण, युवा मतदाताओं द्वारा उन पार्टियों का समर्थन करने की संभावना है जो सोशल मीडिया अभियानों में सबसे अधिक कुशल हैं।

ऐसा लगता है कि सोशल मीडिया अभियान आजकल आम बात हो गई है, जिसमें पीटीआई अभियान दूसरों से आगे बढ़ गया है। ऐसा लगता है कि पाकिस्तान के चुनाव आयोग द्वारा चुनाव चिह्न देने से इनकार करने के कारण पीटीआई के उम्मीदवारों ने अपरीक्षित प्रचार तरीकों को अपना लिया है, जिनकी प्रभावशीलता चुनाव के बाद देखी जायेगी। पीटीआई के एआई संचालित अभियान पर अधिकारियों की प्रतिक्रिया समय-समय पर सोशल मीडिया को बंद करना है। इसलिए चुनावों से पहले एक तरह की सेंसरशिप लगाई जा रही है, एक ऐसी प्रथा जिसके लिए निकट और दूर के देशों में भी समर्थक मिलने की संभावना है। ऑर्केस्ट्रेटेड इंटरनेट आक्रोश को तकनीकी कारणों से जिम्मेदार ठहराया जाता है। नीतिगत मुद्दों की कमी अतीत से जुड़ी हुई लगती है। अतीत से हटकर, राष्ट्रीय और प्रांतीय विधानसभाओं में पहले से कहीं अधिक संख्या में निर्दलीय चुनावी मैदान में उतरे हैं। यह पाकिस्तान के चुनावी इतिहास में सबसे अधिक है जहां 266 सामान्य नेशनल असेंबली सीटों के लिए 3205 उम्मीदवार मैदान में हैं। प्रांतीय विधानसभाओं में उनकी आधी सीटों के लिए 8000 से अधिक उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं। स्वतंत्र उम्मीदवारों की अधिक संख्या के पीछे का कारण संभवतरू पीटीआई उम्मीदवारों को प्रतीक चिन्ह नहीं दिया जाना है।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887, Email : samradhinews@gmail.com,
**संपादकीय कार्यालय : 201, 202 द्वितीय तल रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. : 9554964672, 9451244788 फोन नं. 0522-4077632, 3083627**

# कैंप का आयोजन कर दी गई नमो ऐप की जानकारी

- कल्याणकारी योजनाओं को लोगों तक पहुंचाने का युवाओं को दिलाया संकल्प ब्लॉक प्रमुख





**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

विकास खंड पनवाड़ी के ब्लॉक परिसर में ब्लॉक प्रमुख अंजना श्री प्रकाश अनुरागी के द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने और नमो एप की जानकारी देने के लिए विशेष कैंप का आयोजन किया गया है जहां लोगों को नमो ऐप के माध्यम से सीधे प्रधानमंत्री से जुड़ने की बात कही गई है। विकसित भारत के ब्रांड एंबेसडर के रूप में प्रधानमंत्री की जनकल्याणकारी योजनाओं को लोगों तक पहुंचाने का युवाओं को संकल्प दिलाया गया है।

भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के मंडल उपाध्यक्ष श्री प्रकाश मिश्रा ने कस्बा स्थित ब्लॉक परिसर में विशेष कैंप का आयोजन कर सरकार के द्वारा चलाई जा रही जनकल्याण कारी योजना के बारे में जानकारी दी वहीं ब्लॉक प्रमुख अंजना श्री प्रकाश अनुरागी ने कहा कि नमो ऐप के माध्यम से आप सीधे प्रधानमंत्री से जुड़ सकते हैं और चल रही जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं । तीन दर्जन से अधिक युवाओं ने कैंप के माध्यम से विकसित भारत के ब्रांड के रूप में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया है। समाज के अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति तक सभी जन कल्याणकारी योजना का लाभ पहुंचना सरकार का उद्देश्य है। सुरक्षा, शिक्षा, चिकित्सा, रोजगार सभी तरफ सरकार लगातार ध्यान दे रही है। भारतीय जनता पार्टी सबका साथ सबका विकास और सब का कल्याण भाव से काम करती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा 2047 तक भारत देश को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया गया है जो कि हम सब का भी संकल्प है।

# भाजपा ने चुनावी बिगुल फूंका, गांव चलो अभियान कार्यशाला का हुआ आयोजन

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** भारतीय जनता पार्टी इटावा प्रथम मण्डल द्वारा गांव चलो अभियान कार्यशाला का आयोजन सिंचाई विभाग डाक बंगले में किया गया।

इटावा प्रथम मण्डल के नवनियुक्त मण्डल अध्यक्ष विवेक गुप्ता की अध्यक्षता में 卐गांव चलो अभियान卐 कार्यशाला का आयोजन किया गया । मुख्य अतिथि के रूप में आए भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष संजीव राजपूत का अंगवस्त्र एवम माला पहनाकर उनका स्वागत किया। कार्यशाला का संचालन मण्डल मंत्री प्रशांत दीक्षित ने किया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष संजीव राजपूत ने कहा कि इस अभियान में भारतीय जनता पार्टी का एक एक कार्यकर्ता कार्य करने वाला है। उन्होंने कहा कि यह लोकसभा चुनाव हर मतदाता के लिए महत्वपूर्ण है जिससे एक बार पुनः भारतीय जनता पार्टी की सरकार केंद्र में स्थापित होगी और माननीय प्रधानमंत्री जी पुनः भारत के प्रधानमंत्री के रूप में देश को मजबूत करने का कार्य करेंगे। जिलाध्यक्ष संजीव राजपूत ने मेरा बूथ सबसे मजबूत पर जोर देते हुए कहा सभी कि इटावा प्रथम मण्डल में लगने वाले सभी बूथों पर भारतीय जनता पार्टी चुनाव जीतने वाली है।

कार्यशाला में मुख्यरूप से वरिष्ठ भाजपा नेता दिलीप मिश्रा जिला संयोजक ओम रतन कश्यप भाजपा नेता एवम सभासद शरद बाजपेई, पूर्व सभासद रतन राज, पूर्व सभासद प्रमोद राठौर, शशी मोहन चौधरी, मंडल उपाध्यक्ष अरुण मिश्रा, अखिलेश कौशिक, अमित दुबे, कोषाध्यक्ष राजेंद्र वर्मा,महामंत्री जितेंद्र राजपूत, सोनू राठौर, अक्षय वाजपेई, रोहित पटेल, अंकुल चौहान अनसूचित मोर्चा मंडल अध्यक्ष सुशील कुमार युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष अर्पित तिवारी ओ बी सी मोर्चा मंडल महामंत्री रवि कृष्ण कश्यप किसान मोर्चा मंडल उपाध्यक्ष सैलू चौधरी उपस्थित रहे।

# थाना अजनर की पुलिस टीम ने ब्लाइंड मर्डर मिस्ट्री के दूसरे वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**




थाना अजनर पुलिस टीम को थानाक्षेत्र अन्तर्गत ग्राम सगुनियामाफ निवासी जियालाल राजपूत पुत्र नथुवा राजपूत ने सूचना दी कि उनका पुत्र धरमपाल का शव गांव के ही अरहर के खेत में पड़ा मिला है, जिसे किसी अज्ञात द्वारा धारदार हथियार से मार कर फेंक दिया गया है, इस सूचना पर थाना अजनर में मु.अ.सं. 17/24 धारा 302/201 भादवि का अभियोग पंजीकृत किया गया।

उक्त घटना के अनावरण एवं घटना को कारित करने वाले अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक महोबा अपर्णा गुप्ता के निर्देशन में श्री सत्यम, अपर पुलिस अधीक्षक व हर्षिता गंगवार, क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ के निकट पर्यवेक्षण में प्रवीण कुमार, थानाध्यक्ष अजनर के नेतृत्व में गठित हुई पुलिस टीम ने दिनांक 30.01.2024 को घटना को कारित करने वाले अभियुक्त प्रीतम राजपूत को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था तथा हत्या की घटना में संलिप्त रहे वांछित अभियुक्त प्रेमचन्द्र की गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे थे। थानाध्यक्ष अजनर श्री प्रवीण कुमार के नेतृत्व में गठित हुई पुलिस टीम ने घटना में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त करते हुए, हत्या की घटना कारित करने वाले वांछित अभियुक्त प्रेमचन्द्र राजपूत पुत्र स्व० जानकी प्रसाद राजपूत उम्र 28 वर्ष निवासी ग्राम सगुनियामाफ थाना अजनर (महोबा) को ग्राम सगुनियामाफ के पास से गिरफ्तार कर लिया, अभियुक्त की निशांदेही पर घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल लोहे का बांका बरामद किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही सम्पादित कर न्यायालय के समक्ष पेशी के उपरान्त जेल भेजा गया।

## खबरें एक नजर में

### जनपद में धारा 144 लागू

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** अपर जिला मजिस्ट्रेट अभिनव रंजन श्रीवास्तव ने बताया कि शासनादेशों में दिये गये निर्देशों के क्रम में 14 फरवरी को बसंत पंचमी, 24 फरवरी को संत रविदास जयंती, 26 फरवरी को शबे बरात एवं माह फरवरी में आयोजित होने वाली विभिन्न परीक्षाओं के दृष्टिगत जनपद में असामाजिक व्यक्तियों/तत्वों द्वारा शान्ति व्यवस्था भंग करने के विषय मे गोपनीय सूचना के आधार पर समाधान हो गया है कि कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखने हेतु तथा किसी सम्भावित अप्रिय घटना को रोकने के लिए निरोधात्मक कदम उठाया जाना आवश्यक है। इसको दृष्टिगत रखते हुए एक पक्षीय रूप से दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा-144 के अर्न्तगत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए निषेधाज्ञा लागू की जाती है। निर्गत आदेशों का उल्लंघन भारतीय दण्ड विधान की धारा -188 के अर्न्तगत दण्डनीय अपराध होगा। यह आदेश सम्पूर्ण जनपद में 29 फरवरी तक लागू रहेगा यदि इससे पूर्व अपास्त न कर दिया जाये।

### पुलिस ने छात्र छात्राओं को जागरुक किया

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** मिशन शक्ति अभियान के तहत कम्यूनिटी पुलिसिंग एवं महिला सशक्तिकरण तथा साइबर अपराधों की रोकथाम हेतु थाना बसरेहर पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत विवेकानंद इंटर कॉलेज मे छात्र छात्राओं को जागरुक किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा संजय कुमार के निर्देशन में साइबर अपराध रोकथाम, आनलाइन फाड तथा महिला सशक्तिरण हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम मे थाना बसरेहर पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत विवेकानंद इंटर कॉलेज, बहादुरपुर, बसरेहर जनपद इटावा मे छात्र तथा छात्राओ तथा कॉलिज स्टॉफ को एकत्रित कर साइबर अपराधों के रोकथाम, महिला सशक्तिकरण तथा साइबर फ्रॉड से बचने के तरीकों के बारे मे बताया एवं विभिन्न आकस्मिक सेवा हेल्पलाइन नंबर,112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1076 मा0 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1090 वीमन पावर हेल्पलाइन, 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन, 102 स्वास्थ सेवा, 108 एंबुलेंस सेवा तथा 1098 चाइल्ड हेल्प लाइन आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

### नि:शुल्क कृत्रिम अंग पाकर खिले दिव्यांगजनों के चेहरे

**जसवंतनगर/इटावा, समृद्धि न्यूज।** ब्लॉक मुख्यालय पर सैकड़ा भर दिव्यांग जनों को नि :शुल्क कृत्रिम अंग लगाए गए व सहायक उपकरण प्रदान किए गए।

दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के सहयोग से मध्यप्रदेश की फर्म आराध्या इंटरप्राइजेज द्वारा आयोजित उक्त शिविर में सुबह से ही दिव्यांगजन बड़ी संख्या में पहुंचे थे जिनका पंजीकरण व परीक्षण टेक्नीशियन गौरव शर्मा, राज शर्मा, सौरभ तिवारी व निखिल समाधिया द्वारा किया गया। आवश्यकतानुसार दिव्यांगों को कृत्रिम अंग लगाए गए। वाकी दिव्यांगों को पैराविधिक स्वयंसेवक राजेंद्र यादव व समाजसेवी प्रेम कुमार शाक्य ने सहायक उपकरण प्रदान किए। उन्होंने दिव्यांग व्यक्ति अधिनियम 2016 तथा जनकल्याणकारी योजकारी योजनाओं की जानकारी दी। दिव्यांग विजय पांडेय अंशु, पंकज, शिव सिंह, उपेंद्र सिंह, राम अवतार आदि ने बताया कि यहां स्थानीय स्तर पर नि- शुल्क कृत्रिम अंग कैंप लगने से उन्हें सहूलियत मिली है कृत्रिम अंग लगवाने के लिए उन्हें कहीं बाहर नहीं जाना पड़ा। कुरसेना के अजय कुमार, धनुवां के भजन लाल, न. सलहदी के अवधेश, महलई के सुनील कुमार, निलोई के राजवीर, नगला नवल के उपेंद्र, लोहामंडी के रवि, भावलपुर के नेम सिंह, मोहन की मढैयां के देवेंद्र, बहादुरपुर के राकेश, नगला तौर के शोभित, जैनपुर नगर के गोविंद, नगला कुआं के अशोक, कुमार नगला राठौर की राजेश बिचपुरी खेड़ा के कैलाश बाबू, नगला भिखन के भूरे, बीरमपुर के प्रेमचंद, हरकुपुर के महेंद्र, सिसहाट की अनीता देवी, नगला हरचंद की गिरिजा देवी, नगला विशुन की गयारानी आदि ने भी प्रसन्नता जताई।

### नगर भ्रमण कर लिया शांति व्यवस्था का जायजा

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** ज्ञानवापी मस्जिद मंदिर के फैसले को देखते हुए कस्बे की शांति व्यवस्था बहाल रखने के मकसद से जिले के आला अधिकारियों ने नगर की गलियों में भृमण किया और नगर वासियों की सुरक्षा की गारंटी थी।

जिले के आला अधिकारी दलबल के साथ कस्बे की शांति व्यवस्था का जायजा लिया व शांति कायम रखने की लोगों से अपील की है।

जानकारी के अनुसार कस्बे की शांति व्यवस्था कायम रखने के आला अधिकारियों ने पुलिस दलबल के साथ नगर में भृमण किया शांति व्यवस्था कायम रखने की लोगो से अपील की और शुक्रवार को जुम्मे की नमाज होने के चलते मस्जिदों के बाहर पुलिस बल तैनात कर आसपास के अराजक तत्वों से नगर वासियों को सावधान रहने एवं भ्रामक खबर न फैलाने की अपील की है। साथ ही यदि कोई भी व्यक्ति भ्रामक खबर फैलता हुआ पाया जाता है तो उसके साथ कानूनी कार्यवाही की जाएगी वहीं नगर आपका है मिलजुल कर सभी नगरवासी आपसी प्रेम भाईचारा सद्भाव बनाते हुए शांति व्यवस्था कायम रखें।

### कोहरे के चलते पांच वाहनों की टक्कर, एक घायल



**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** कानपुर सागर राष्ट्रीय राजमार्ग में शुक्रवार को सुबह कोहरे के चलते कुछ समय में पांच अलग अलग वाहनों की टक्कर हो गई। इन घटनाओं में एक ट्रक चालक घायल हो गया। जबकि अन्य वाहनों के लोग बाल बाल बच गए। हादसे की वजह से कुछ समय के लिए हाईवे में जाम लग गया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने यातायात को बहाल किया। शुक्रवार को सुबह करीब चार बजे घना कोहरा छाया हुआ था। इसी बीच कबरई से गिट्टी लादकर कानपुर की ओर जा रहे ट्रक की इंगोहटा गांव के पास सामने से आ रहे दूसरे ट्रक से टक्कर हो गई। इस घटना में गिट?टी लोड ट्रक के चालक नेकचंद्र उर्फ नेके निवासी मौदहा घायल हो गया। घटना से हाईवे में जाम लग गया। जाम की आपाधापी में एक ट्रैक्टर और ट्रक की और टक्कर हो गई। ट्रैक्टर चालक जाम में किसी तरह से ट्रैक्टर निकालने की कोशिश कर रहा था। तभी ट्रक की टक्कर से ट्रैक्टर खेत में जा घुसा। ट्रैक्टर को टक्कर मारने वाले ट्रक के पीछे से एक अन्य ट्रक और आकर टकरा गया। एक ही घंटे के अंदर एक ही स्थान पर पांच अलग अलग वाहनों के टकराने की वजह से काफी देर तक हाईवे पर यातायात प्रभावित रहा।

# चार पर गैर इरादतन हत्या की रिपोर्ट दर्ज, पुलिस ने आरोपियों को दबोचा

**मौदहा, समृद्धि न्यूज।**



सिसोलर थानाक्षेत्र के टोला मार्ग पर बुधवार को सड़क किनारे मृत मिले अज्ञात युवक की शिनाख्त के बाद भाई की तहरीर पर चार लोगों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या की रिपोर्ट दर्ज की गई है।

पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर अदालत भेजा है। मृतक बांदा जनपद के थाना जसपुरा के बरेहटा गांव का निवासी था। वह गांव के लोगों के साथ भरुआ सुमेरपुर कस्बे बाजार करने ट्रैक्टर ट्राली पर बैठ कर आया था। शाम को लौटते समय ट्राली से गिर गया और टायर चढ़ने से उसकी मौत हुई थी। घटना के बाद फंसने से बचने के लिए आरोपी हादसे के बाद शव फेंककर भाग निकले थे। बांदा जनपद के जसपुरा थानाक्षेत्र के बरेहटा गांव निवासी जयराम निषाद ने शव की शिनाख्त अपने भाई छुटकू (40) पुत्र स्व बाबूराम के रूप में की है।

जनपद बांदा के थाना जसपुरा के बरेहटा गांव निवासी छुटकू निषाद पुत्र बाबूराम गांव लोगों के साथ मंगलवार को सुमेरपुर कस्बे ट्रैक्टर ट्राली में बैठ कर आया था और देर शाम बाजार कर इन्हीं लोगों के साथ लौट रहा था। कुछ लोगों के अनुसार छुटकू ने शराब भी पी थी। गांव जाते समय छुटकू नशे में ट्रैक्टर ट्राली से गिर गया और उसके ऊपर से ट्राली का पहिया निकल गया। जिससे उसकी मौत हो गई। इससे साथ आए लोग डर गए। इनमें फंसने के भय से शव को सिसोलर टोला मार्ग में टोला माफ गांव के पा लाकर डाल गए। देर शाम मृतक छुटकू के भाई जयराम निषाद ने सिसोलर थाने में गांव निवासी रामबरन पुत्र दरबारी, प्यारेलाल कोटेदार पुत्र रामनाथ पाल, संदीप पुत्र जगरूप पाल, नन्नू पुत्र गुलाब सिंह के खिलाफ तहरीर दी। थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने बताया कि चारों के खिलाफ धारा 279/ 304ए/ 201/120 बी के तहत रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया।

# कोहरे व सर्द मौसम के चलते दलहनी फसलों को भारी नुकसान

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**

कुरारा क्षेत्र में लगातार पड़ रहे कोहरे व सर्द मौसम से दलहनी फसलों में नुकसान दिखाई दे रहा है। ऐसे में फसल उत्पादन में विपरीत प्रभाव पड़ेगा। कोहरे से चना , मटर ,अरहर मसूर आदि फसल प्रभावित हो रही है।

लगातार एक माह से अधिक समय से सर्द मौसम गलन भरी सर्दी व कोहरे की मार से फसलों में विपरीत प्रभाव पड़ा है। दलहनी फसलों चना, मटर, अरहर, मसूर आदि फसल में आने वाले फूल पर असर दिखाई दे रहा है। किसान राजू सिंह, रघुनाथ, दयाराम ,लालाराम आदि किसानो ने बताया कि अरहर की फसल में पाले की शिकायत आई है। जिससे पत्ती सूख रही है। चना की फसल सर्दी के चलते बढ़ी है लेकिन फूल नहीं आ रहे हैं। मटर की फसल में यह समय फली के पकने का रहता है। इसमें अभी फूल नहीं आया है। धूप न निकलने के कारण दलहनी फसलों के उत्पादन पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा। ऐसे में फसल उत्पादन घट जाएगा। मौसम की मार से किसान चिंतित हो रहा है। किसानो ने बताया कि अब मौसम में बदलाव होता है तो फसलों का नुकसान होगा।

# भाजपा की कार्यशाला सम्पन्न, दिया प्रशिक्षण



**राठ, समृद्धि न्यूज।**

भारतीय जनता पार्टी के गांव चलो अभियान के तहत केंद्रीय नेतृत्व के आह्वाहन पर राष्ट्रीय कार्यशाला, प्रदेश कार्यशाला, फिर जिला कार्यशाला नगर के तिरुपति रिसोर्ट में संपन्न की गई। इसी दौरान आज नगर मंडल की कार्यशाला भी संपन्न हुई जिसमे मुख्य अतिथि लोक सभा चुनाव प्रभारी संजय दुबे एवम विशिष्ट अतिथि लोक सभा विस्तारक राम सरोज तथा मुख्य वक्ता के रूप में इस अभियान के जिला संयोजक नरवेन्द्र सिंह सहित कार्यशाला की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष भाजपा महेंद्र शुक्ला ने की।

गांव चलो अभियान के तहत केंद्रीय नेतृत्व के आह्वाहन पर नगर के तिरुपति रिसोर्ट में आयोजित राष्ट्रीय कार्यशाला, प्रदेश कार्यशाला एवं जिला कार्यशाला के दौरान आगामी ग्राम चलो अभियान से संबंधित प्रशिक्षण दिया गया जिसमे बूथ स्तर पर प्रत्येक कार्यकर्ता 24 घंटे का प्रवास करेगा जिसमे उसके 24 घंटो के कार्य से संबंधित किट प्रदान की जाएगी। आगामी लोकसभा चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए नेतृत्व ने अपनी तैयारी योजना बनाई है जिसको एक्सन मोड़ पर ला कर बूथ स्तर पर प्रत्येक व्यक्ति को जोड़ने का कार्य शुरू करेगी। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष जयंती राजपूत, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण सिंह, विधानसभा विस्तारक प्रियम जी, ब्लाक प्रमुख अरविंद मुखिया, अमरचंद अनुरागी, सुधा बुधौलिया, मंडल संयोजक धर्मेंद्र साहू, सह संयोजक बबली सिंह, सुनील नगायच, राकेश मिश्रा, रविन्द्र अंकल सहित सहित सभी पार्टी कार्यकर्ता एवम जनप्रतिनिधि उपस्थिति रहे।

# फाइलेरिया रोगी दवा का डोज घर-घर पिलाने की तैयारी को लेकर बैठक आयोजित

- बैठक में अनुपस्थित मौदहा ईओ का अग्रिम आदेशों तक वेतन रोकने के डीएम ने दिए निर्देश




**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**

फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम को लेकर कलेक्ट्रेट सभागार में जिला अर्न्तविभागीय समन्वय बैठक का आयोजन जिलाधिकारी राहुल पाण्डेय की अध्यक्षता में हुआ।जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी मौदहा के अनुपस्थित रहने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त कर अग्रिम आदेशों तक वेतन रोकने के निर्देश दिए। फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम अभियान सीएचसी मौदहा में 10 से 28 फरवरी तक चलाया जाना है। जिसमें दो वर्ष से ऊपर के बच्चों को फाइलेरिया रोगी दवा डीईसी एवं एल्बोंड्राजाल का डोज घर-घर आशा व ऑगनबाड़ी कार्यकत्री की टीमों द्वारा कराया जाएगा। अभियान को सफल बनाने के लिए सभी संबंधित विभागों को कार्ययोजना बनाकर समन्वय व सहयोग से कार्य करने के निर्देश दिए। बैठक में सहयोगी विभागों यथा पंचायतीराज, नगर विकास, शिक्षा विभाग बाल विकास एवं पुष्टाहार, पूर्ति विभाग, स्वयं सहायता समूह आदि विभागों के प्रतिनिधि एक से 10 फरवरी तक जागरूकता अभियान व बैठकों के जरिए चलाएंगे। वहीं 10 से 28 फरवरी तक अभियान के दौरान प्रत्येक उन्मूलन दवा पहुंचाने की अपील की साथ ही ग्राम व वार्ड लेवल पर समीक्षा ग्राम प्रधान, सभासद, सचिव की अध्यक्षता में अध्यापक, आंगनबाड़ी कार्यकत्री, आशा, एएनएम, सीएमओ द्वारा प्रतिदिन करवाई जाए। ब्लाक 46 सब सेंटर रेलवे बाजार सार्वजनिक स्थानों पर मोबाइल टीम बूथों के माध्यम से सभी लोगों को दवा खिलवाई जाए। अभियान की जागरूकता को नजर रखते हुए ओडियो, वीडियो व माइकिंग करवाई जाए। मुख्य चिकित्साधिकारी गीतम सिंह ने बताया कि गंभीर व्यक्तियों, दो वर्ष से कम आयु के बच्चों तथा गर्भवती महिलाओं को फाइलेरिया उन्मूलन की दवा नहीं खिलाई जाएगी। बैठक में जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

### परछा ने आगरा को हरा अगले दौर में बनाई जगह



**मौदहा, समृद्धि न्यूज।** दूसरे अखिल भारतीय बालीवाल टूर्नामेंट के पहले दिन अपने घर में खेल रही परछा टीम ने आगरा को हराकर अगले दौर में जगह बनाई।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम परछा में शुक्रवार से शुरु हुए अखिल भारतीय बालीवाल टूर्नामेंट का उद्घाटन मौदहा नगरपालिका अध्यक्ष रजा मोहम्मद उर्फ श्रीनाथ ने किया जबकि ग्राम प्रधान प्रतिनिधि शब्बीर दीवानजी ने फीता काटकर मैंच शुरू कराया। जिसका पहला मैंच क्षेत्र की फेवरेट और अपने घर में खेल रही परछा की टीम और आगरा की टीम के बीच खेला गया जिसमें घरेलू दर्शकों के समर्थन के बल पर परछा टीम का शुरू से ही मैंच में दबदबा कायम रहा और परछा की टीम ने आगरा को 24-18 के बड़े अंतर से हरा कर अगले दौर में प्रवेश कर लिया।

# फक्कड़ बाबा आश्रम श्रीराम कथा को लेकर निकाली गई भव्य कलश यात्रा

**चरखारी ग्रामीण, समृद्धि न्यूज।**



चरखारी ब्लॉक के ग्राम बारी-कुआँ के मध्य सीहो नदी तट पर हनुमान मंदिर (फक्कड़ बाबा आश्रम) मे श्री राम कथा एवं कथा के शुभारंभ में फक्कड़ बाबा आश्रम से कलश यात्रा प्रारंभ होकर ग्राम बारी, मोहन नगर,एवं ग्राम कुआँ के राम जानकी मंदिर माता मंदिर हनुमान मंदिर पहुंची जहां पर वैदिक मंत्रों के बीच पूजा-अर्चना की गई। कलश यात्रा में डीजे घोड़े बाजे के साथ धार्मिक गीतों पर महिलाओं सहित श्रद्धालु जमकर थिरकते हुए नजर आए। कलश यात्रा का ग्रामवासियों ने पुष्प वर्षा कर भाव्य स्वागत किया। सात दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं श्री राम कथा एवं महायज्ञ को लेकर ग्रामीण क्षेत्र के धर्म प्रेमियों में उत्साह बना हुआ है, वही कार्यक्रम के मुख्य आयोजक - किशनदास जी महाराज एवं कथा यजमान- ओमशान्ति पत्नी करन सिंह (मास्टर साहब) कार्यक्रम कमेटी कुआँ महेश द्विवेदी मुकेश द्विवेदी (पूर्व प्रधान) ओम प्रकाश वीरेंद्र सिंहभूराशुक्ला कोकसिंह प्राणसिंह प्रधान सभाजीत यादव मूलचंद विश्वकर्मा जयनारायण सहित कुऑ वासी एवं ग्राम पंचायत बारी कमेटी- पूर्व प्रधान मोहन सिंहकरन सिंह (अध्यापक) मूलचंद (पू. प्रधान) पप्पू अहिरवार (पू.प्रधान) जमुना यादव सीताराम (रिवईवाले) शिवकुमार विश्कर्मा लक्ष्मीनारायण आदि समस्त कुऑ, बारी, पडोरा, ऐंचाना, बरायें ग्रामीणवासी सैकड़ो श्रद्धालू महिलापुरुष बच्चे कलश यात्रा में शामिल रहे।

# नेचर बर्ड फेस्टिवल एवं विश्व वेटलैंड दिवस पर चित्रकला प्रतियोगिता सम्पन्न



**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**

नेचर बर्ड फेस्टिवल एवं विश्व वेटलैंड दिवस के तहत वन विभाग की ओर से झलोखर गांव स्थित भुइयारानी तालाब में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर क्षेत्रीय वनाधिकारी दिग्विजय नाथ पांडेय ने इसके बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। वहीं गांव के श्री राजाराम इंटर कॉलेज में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। जिसमें विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में स्थान पाने वाले छात्र छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर सभी बच्चों को जलपान कराया गया। कार्यक्रम के दौरान अमर सिंह, सुनील कुमार, श्रुतिकीर्ति वन दरोगा एवं संजय, नसीम अहमद एवं मु0 आरिफ आदि स्टॉफ मौजूद रहे।

### छात्र-छात्राओं को पक्षियों के बारे में दी जानकारी

**सरीला (हमीरपुर)।** वन विभाग ने क्षेत्र के ममना वेटलैंड में स्कूली छात्र छात्राओं के साथ वर्ड वाचिंग कार्यक्रम एवं आर्द्रभूमि दिवस मनाया गया। इस मौके पर छात्र-छात्राओं को पक्षियों के बारे में बताया गया। शुक्रवार को क्षेत्र के ममना वेटलैंड में स्कूली छात्र छात्राओं के साथ वर्ड वाचिंग कार्यक्रम एवं आर्द्रभूमि दिवस मनाया गया। उप क्षेत्रीय वन अधिकारी सुरजीत सिंह ने बताया कि ममना गांव के तालाब पर बने वेटलैंड में छात्र-छात्राओं को लाखों किलोमीटर दूर से आए साइबेरियाई पक्षी व स्थानीय पक्षी सहित अन्य पक्षियों से पहचान कराई एवं उनके संरक्षण के बारे में बताया गया। इस मौके पर वन दरोगा तौहीद अहमद, महेंद्र सिंह,रेंज लिपिक शिवकुमार अनुरागी,वन रक्षक इस्तियाक खान सहित स्कूली बच्चे मौजूद रहे।

# डीएम-एसएसपी ने रोडवेज व रेलवे स्टेशन का किया निरीक्षण

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**



**इटावा।** जिलाधिकारी अवनीश राय एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने शासन के निर्देशानुसार जनपद के सभी भीड़ भाड़ वाली जगह बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन चौराहा आदि में कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु शास्त्री चौराहा से रेलवे स्टेशन एवं बस स्टैंड का पैदल गश्त किया।

उन्होंने शहर की भीड़ भाड़ वाली जगह पर भ्रमण कर संबंधित को आवश्यक निर्देश दिए । उन्होंने बस स्टैंड पर उपस्थित एआरएम को साफ सफाई एवं बसों का समय से आने जाने हेतु निर्देशित किया तथा प्रतिदिन बस स्टैंड एवं बसों की चेकिंग किए जाने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि बस स्टैंड पर बसों का एक समय निश्चित कर इनका आवागमन किया जाए जिससे कि अनावश्यक लोगों की भीड़भाड़ ना हो।जिलाधिकारी ने जनपद में कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु जनपद वासियों से अपील की। उन्होंने कहा कि इस समय बच्चों के एग्जाम आदि चल रहे हैं ऐसी जगह पर यातायात के अलावा अनावश्यक भीड़भाड़ नहीं होनी चाहिए, जिससे उन्हें यातायात संबंधी कोई भी समस्या उत्पन्न ना हो। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव, एसपी सिटी अभय नाथ त्रिपाठी, सीओ सिटी अमित कुमार सिंह ,उप जिलाधिकारी सदर विक्रम सिंह राघव सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### फैक्ट्री के टीन शेड से गिरकर मजदुर घायल

**सुमेरपुर, समृद्धि न्यूज।** कस्बे के उद्योग नगरी में निर्माण अधीन फैक्ट्री के टीनशेड में कार्य करते समय मजदूर गिरकर घायल हो गया इसे इलाज के लिए कानपुर में भर्ती कराया गया है।

मौदहा तहसील के रीवन गांव का निवासी हाल मुकाम इमलिया थोक हरीराम प्रजापति उद्योग नगरी में संचालित हाईटेक में कार्य करने गया था। टीनशेड में कार्य करते समय संतुलन बिगड़ जाने से यह टीनशेड से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल मजदूर को ठेकेदार ने इलाज के लिए कानपुर में भर्ती कराया है। घटना गुरुवार शाम की बताई जा रही है। मजदूर की हालत नाजुक बनी हुई है।

# विशाल वर्मा को अर्चना मेमोरियल परिवार ने किया सम्मानित

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**

सत्र 2011 में इण्टरमीडिएट उत्तीर्ण छात्र विशाल वर्मा ने पीसीएस परीक्षा उत्तीर्ण कर एसडीएम के पद पर नियुक्ति प्राप्त कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है।

विद्यालय की प्रधानाचार्या असरा अहमद ने विशाल वर्मा को सम्मानित किया। विशाल वर्मा ने विद्यालय के छात्र/छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा विद्यालय की विभिन्न प्रतियोगिताओं में जैसे सामान्य ज्ञान की भारत जानो प्रतियोगिता, वाद विवाद प्रतियोगिता एवं निबन्ध प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करता था। उन्होंने बताया कि आगामी बोर्ड परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करने के लिए उत्तर पुस्तिका में लेखन एवं शीर्षक को स्पष्ट लिखने तथा विषय की तैयारी के साथ साथ उसकी पुनरावृत्ति भी अत्यन्त आवश्यक है। इस अवसर पर छात्र/छात्राओं ने भी प्रशासनिक प्रतियोगिता से सम्बन्धित प्रश्न पूछे। उन्होंने बताया कि वह भी स्वंय भी हिन्दी मीडियम के छात्र रहे हैं यदि हिन्दी माध्यम के छात्र/छात्राओं को सही दिशा निर्देशन दिया जाए तो वह आईएएस और पीसीएस की परीक्षा में उत्कृट प्रर्दशन कर सकते हैं। निरन्तर



अभ्यास, पुनरावृत्ति एवं लेखन पर विशेष ध्यान देने को कहा तथा हर विषय वर्ग के छात्र/छात्राओं को नीट एवं आई आई टी के अलावा प्रशासनिक परीक्षाओं में भी अवसर तलासने को प्रेरित किया। और यह भी बताया कि अपने माता-पिता एवं शिक्षक का हमेशा सम्मान करना और जीवन में अनुशासित रहना जरूरी है। विद्यालय के चेयरमैन विवेक यादव एवं प्रधानाचार्या असरा अहमद ने सभी शिक्षकों को उनकी मेहनत के लिए बधाई, बच्चों को आगे इसी प्रकार और अच्छे प्रदर्शन की शुभकामनाए दी। इस अवसर पर विद्यालय में प्रमोद कुमार, विवेक गुप्ता, कुशल पाठक, राहुल प्रताप, फैजान खान, गौतम प्रकाश शुक्ला, पी आर श्रीवास्तव, ताजीम खान, राधेश्याम आदि उपस्थित रहे।

# ज्ञानवापी फैसले के बाद प्रशासन सतर्क

**कालपी,जालौन।,समृद्धि न्यूज**

ज्ञानवापी प्रकरण में आये अदालती फैसले के बाद प्रशासन बेहद सतर्क है। इसी के चलते शुक्रवार को जुमे की नमाज के दौरान सुरक्षा के व्यापक बंदोबस्त रहे।

विदित हो कि वनारस स्थित ज्ञानवापी मस्जिद विवाद में गत दिनों अदालत ने कुछ भाग में पूजा की इजाजत दी है। इस फैसले के बाद दूसरा पक्ष कुछ गडबड न करे इसको लेकर शासन वेहद संजीदा है और प्रशासन को हर हाल में कानून व्यवस्था बनाये रखने के निर्देश दिए गए और गुरूवार को इसी के चलते थाना स्तर पर शांति समिति की बैठक का भी आयोजन किया गया था जिसमें दोनों वर्गो से सामाजिक सौहार्द बनाए रखने की अपील की गई थी। शुक्रवार को नमाज के दौरान किसी प्रकार की गड़बड़ी न हो इसको लेकर नगर स्थित खानकाह मस्जिद, बड़ी मस्जिद जुलहटी, शाही जामा मस्जिद, मुढ़िया गुम्बद, सहित सभी मस्जिदो में सीओ डॉ. देवेन्द्र पचौरी, कोतवाली प्रभारी कामता प्रसाद की अगुआई में भारी पुलिस और पीएसी बल मौजूद रहा।



जुमे की नमाज के दौरान नगर में भ्रमण करती पुलिस।

**जुमे की नमाज के दौरान सुरक्षा के रहे व्यापक बंदोबस्त**

### खुफिया एजेंसियां भी रही सक्रिय

**कालपी।** नगर का साम्प्रदायिक माहौल वैसे भी ठीक नहीं है ऐसे में ज्ञानवापी फैसले ने प्रशासन की मुसीबत और बढ़ा दी है और इसी के चलते प्रशासन की नजर इस नगर पर वेहद सख्त है। आलम यह है कि विगत कई दिनों से खुफिया विभाग के लोग जनता के बीच व भीड़भाड़ वाले स्थानों पर ज्यादा मौजूद रह रहे हैं। शुक्रवार को तो लोकल इंटेलीजेंस एजेंसी के लोगों के साथ अन्य विंग के भी खुफिया अधिकारी भी टोह लेते रहे और जब तक सब कुछ सामान्य नहीं हो जाएगा तब तक उनकी चहलकदमी जारी रहने की उम्मीद है।

## स्वास्थ्य कर्मियों ने स्कूली बच्चों को अल्बेंडाजोल की दवा खिलाई

**जालौन, उरई।** बच्चों को कृमि से मुक्ति दिलाने के अभियान चलाया जा रहा है। कार्यक्रम के तहत डीडी मैमोरियल पब्लिक स्कूल में बच्चों को कृमि से होने वाले नुकसान की जानकारी दी गई। बच्चों को अल्बेंडाजोल की दवा खिलाई गई। बच्चों को कृमि से मुक्ति दिलाने के लिए डीडी मैमोरियल पब्लिक स्कूल आयोजित कार्यक्रम में सेवानिवृत्त सीएमओ डॉ एमपी सिंह कहा कि सभी विद्यालयों में छह वर्ष से 19 वर्ष के बच्चों को कृमि मुक्ति की दवा अल्बेंडाजोल खिलाई जा रही है। कृमि संक्रमण की रोकथाम के लिए बच्चों को यह दवा खिलाना अत्यंत आवश्यक है, ताकि समाज को कृमि मुक्त बनाया जा सके। पेट में कृमि रहने से बच्चों पर इनका बुरा प्रभाव पड़ता है।

# पहले पूंछा ओटीपी नंबर बाद में मातृत्व योजना के 5300 उड़ाये

▸ पीड़िता की तहरीर पर पुलिस मामले की जांच में जुटी

**जालौन,उरई समृद्धि न्यूज।**

डिलीवरी के बाद मातृत्व योजना के तहत धनराशि मिलने का लालच देकर ओटीपी पूंछ लिया और खाते से 5300 रुपये उड़ा दिए। पीड़ित ने मामले की सूचना कोतवाली में दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम छिरिया सलेमपुर निवासी अमित कुमार ने पुलिस को बताया कि उनकी पत्नी की सरकारी अस्पताल में डिलीवरी हुई थी। मातृत्व योजना के तहत उसे धनराशि मिलनी थी। इसी का फायदा उठाकर एक व्यक्ति का फोन उनके मोबाइल पर आया और उसने बताया कि मातृत्व योजना के तहत उसकी धनराशि उसके खाते में ट्रांसफर करनी है। इसके लिए वह अपना एकाउंट नंबर बता दें। एकाउंट नंबर और आधार कार्ड नंबर आदि पूछने के बाद उसने कहा कि धनराशि उसके खाते में ट्रांसफर की जा रही है। उसके मोबाइल नंबर पर एक ओटीपी आया है वह नंबर उसको बताएं। विश्वास में आकर उसने ओटीपी फोन करने वाले व्यक्ति को बता दी। इसके कुछ ही देर बाद उसके फोन पर मैसेज आया कि उसके खाते से 5300 रुपये निकाल लिए गए हैं। जिसके बाद उसे अपने साथ ठगी का अहसास हुआ।

## हेल्थ बेलनेस सेन्टर बंद रहने से महिलाओं को नहीं मिल रहा स्वास्थ्य योजना का लाभ

**उतरौला,बलरामपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र श्रीदत्तगंज में महिलाओं के प्रसव केंद्र के न होने से महिलाओं को अपना प्रसव निजी चिकित्सालय अथवा जिला चिकित्सालय में कराना पड़ता है वहीं प्रसव केंद्र में महिलाओं के प्रसव कराने की प्रगति काफी धीमी होने से संस्थागत प्रसव नहीं हो पा रहा है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र श्रीदतगज अन्तर्गत चार प्रसव केंद्र बनाए गए हैं। इनमें अक्टूबर माह में प्रसव केंद्र ग्राम पंचायत गुमड़ी में 11, ग्राम पंचायत देवरिया मुबारक पुर में 17 तथा ग्राम पंचायत चमरूपुर में 6 महिलाओं का प्रसव स्वास्थ्य विभाग के प्रसव केंद्र पर कराए गए हैं। प्रसव केंद्र ग्राम पंचायत पिपरा याकूब के प्रसव केंद्र पर बीते अक्टूबर माह में एक भी महिलाओं का प्रसव नहीं कराया गया।

# जुमे की नमाज के पूर्व एसपी ने पैदल मार्च निकाल की पूछताछ



जुमे की नमाज के दौरान जालौन की सड़कों पर भ्रमण करते एसपी।

**जालौन,उरई समृद्धि न्यूज।**

लोगों को सुरक्षा का अहसास दिलाने के लिए पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में कोतवाली पुलिस ने नगर की सड़कों पर पैदल मार्च किया और लोगों से सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पूछताछ की।

ज्ञानवापी मस्जिद के व्यास तहखाने में बनारस न्यायालय द्वारा पूजा की अनुमति के बाद पूजा-पाठ शुरू हो गई है। न्यायालय के इस निर्णय के बाद अंजुमन इंतिजामिया मस्जिद बनारस के जनरल सेक्रेटरी द्वारा भारत बंद की घोषणा की गई थी। इस घोषणा के बाद प्रशासन सतर्क हो गया है। शुक्रवार को जुमे की नमाज के पूर्व पुलिस अधीक्षक डॉ. ईराज राजा के नेतृत्व में कोतवाली व चौकी पुलिस ने नगर की सड़कों पर पैदल मार्च निकाला। नगर की सड़कों पर उतरी पुलिस को देखकर लोगों को पता चला कि पुलिस उनकी सुरक्षा के लिए सड़कों पर नजर आ रही है तो लोगों को सुरक्षा का अहसास हुआ। कोतवाली से निकले पुलिस कर्मी कोतवाली रोड से देवनगर चौराहे से तहसील रोड होकर पानी की टंकी, बस स्टैंड से झंडा चौराहा से तकिया मस्जिद पहुंचे। तकिया मस्जिद पर एसपी के साथ एसडीएम सुशील कुमार, सीओ राम सिंह व कोतवाल विमलेश कुमार ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चर्चा की और इस दौरान उन्होंने दुकानदारों व राहगीरों से नगर की हलचल के संबंध में जानकारी ली और उन्हें भरोसा दिलाया कि पुलिस उनकी सुरक्षा के लिए है।

कोई उन्हें परेशान करता है तो तत्काल पुलिस की सहायता लें। इस मौके पर इंस्पेक्टर क्राइम जगदम्बा प्रसाद दुबे, चौकी प्रभारी रमेश सिंह, गोविंद सक्सेना, अमर सिंह आदि मौजूद रहे।



## दुकान की दीवार तोड़ 25 पेटी शराब चुरा ले गए चोर

**जालौन, उरई।** शराब की दुकान में पीछे की दीवार तोड़कर अज्ञात चोरों ने 25 पेटी देशी शराब की चोरी की। सेल्समैन ने चोरी की सूचना कोतवाली में दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कुसमरा में रंजना शर्मा का देशी शराब का ठेका है। इस ठेके पर सेल्समैन मोहित प्रजापति ने पुलिस को बताया कि गुरूवार की रात वह शराब ठेके को बंद कर घर चले गए थे। ठेके पर ताला पड़ा था। रात में किसी समय अज्ञात चोर ठेके के पीछे की दीवार तोड़कर ठेके के अंदर घुस गए। चोरों ने ठेके में रखी 25 पेटी शराब की चोरी कर ली। इतना ही नहीं चोरों ने गोलक में रखे बिक्री के लगभग 1400 रुपये भी चोरी कर लिए हैं। जब वह सुबह ठेके पर पहुंचे तो पीछे की दीवार टूटी थी और शराब की पेटियां गायब थी। सेल्समैन की सूचना पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# गांव चलो अभियान से बताई जाएंगी केंद्र की उपलब्धियां

**दुद्धी, सोनभद्र। समृद्धि न्यूज**

चार फरवरी से चलने वाले गांव चलो अभियान की सफलता के लिए भाजपा ने शुक्रवार दुद्धी मण्डल में तैयारी कार्यशाला आयोजित की। इसमें कहा गया कि 24 घंटे तक गावों में प्रवास कर ग्रामीणों से मंदिर निर्माण, धारा 370, नारी वंदन कानून के साथ ही तमाम जन कल्याणकारी योजनाओं की चर्चा करना है।

दुद्धी नगर पंचायत के रामलीला मैदान में आयोजित कार्यशाला में मुख्यातिथि के रूप में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष व रॉबर्ट्सगंज लोकसभा संयोजक अमरेश पटेल ने कहा कि गावों का तेजी से विकास हुआ है। सभी वर्गों को पात्रता के हिसाब से हक मिल रहा है। गांव में खुशहाली बढ़ रही है। हमें ग्रामीणों के बीच 11 फरवरी तक प्रवास पर जाने का अभियान चलाना है।भाजपा ने आम जनता का सम्मान बढ़ाया है। पिछली बार से भी ज्यादा बहुमत इस बार भाजपा को मिलने जा रही है। आम जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में खुद को गौरवान्वित महसूस कर रही है।

हमें गावों में जाकर केंद्र व प्रदेश सरकार की उपलब्धियों को और विस्तार से बताना है।वही विशिष्ट अतिथि नगर पंचायत चेयरमैन कमलेश मोहन सेवानिवृत्त जिलाजज राजन चौधरी जिलाकार्य समिति सदस्य मनोज मिश्रा ने कहा संकल्प से सिद्धी को लेकर प्रारंभ हुई विकास यात्रा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वट वृक्ष का रूप धारण कर लिया है, आज मोदी सरकार में गांव गरीब को विकास की मुख्यधारा से जोड़ा जा रहा है विकसित भारत संकल्प यात्रा से कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर पहुंचाने की कोशिश लगातार की जा रही है जनता भाजपा को समर्थन देने के लिए समय का इंतजार कर रही है।




## खबरें एक नजर में

### क्षेत्राधिकारी के स्थानांतरण पर विदाई समारोह आयोजित



**सोनभद्र।** पुलिस लाइन में क्षेत्राधिकारी पुलिस लाइन के पद पर नियुक्त रहे आशीष मिश्रा का गैर जनपद बलिया स्थानान्तरण होने पर पुलिस लाइन चुर्क के सभागार कक्ष में आयोजित विदाई समारोह में उन्हे भावभीनी विदाई दी गयी तथा फूलमाला पहनाकर उनके उज्जवल भविष्य तथा सेवाकाल में आगे आने वाली चुनौतियों के लिये उन्हे शुभकामनायें दी गयी। समारोह में उपस्थित अधिकारीगण द्वारा जनपद में नियुक्ति के दौरान आशीष मिश्रा द्वारा कर्तव्यों के निर्वहन हेतु किये गये सराहनीय प्रयासों की प्रशंसा की गयी। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक सोनभद्र डॉ. यशवीर सिंह द्वारा उन्हे स्मृति चिन्ह भी भेंट किया गया। उक्त अवसर पर क्षेत्राधिकारी ओबरा, क्षेत्राधिकारी पिपरी, क्षेत्राधिकारी सदर, क्षेत्राधिकारी यातायात सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण मौजूद रहे।

### धूमधाम से मनाई गई बाबू जयदेव प्रसाद की जयंती

**दुद्धी/सोनभद्र।** दुद्धी तहसील क्षेत्र के ग्राम बिड़र में बाबू जयदेव प्रसाद की जयंती मनायी गयी। जिसके मुख्य अतिथि समाजवादी पार्टी के पूर्व सदर विधायक अविनाश कुशवाहा ने सम्म्मेल में अपने उद्धबोधन मे कहा कि बाबू जयदेव प्रसाद जी बिहार की धरती पर बिछड़े वर्ग सोसित समाज में जन्में पले बढ़े और शिक्षा ग्रहण कर संविधान की जानकारी लेते हुए और समाज का मशीहा बनकर लोगों को जागरूक करते हुए लोगों में क्रांति लाई, जब बिहार की धरती पर पिछड़े सोसित समाज को भय भूख जात पात उच्च नीच सहित अत्याचार महंगाई भुखमरी का बोलबाला था उस वक्त समाज के लोगों में क्रांति लाकर पिछड़ी जाति के लोगों का आवाज बुलन्द करते रहे।

### नाला निर्माण में गुणवत्ता का रखा जाये विशेष ध्यान :उप निदेशक

**जालौन, उरई।** कृषि उत्पादन मंडी समिति में पानी की निकासी के लिए नाले का निर्माण चल रहा है। 86 लाख की लागत से बन रहे नाले के निर्माण का जायजा लेने के उपनिदेशक निर्माण मंडी में पहुंचे और निर्माण में गुणवत्ता बनाए रखने के साथ काम में तेजी लाने के निर्देश दिए ठेकेदार को दिए। बंगरा मार्ग पर स्थित कृषि उत्पादन मंडी समिति में पानी की निकासी के लिए नाला व नाली के साथ सीसी सड़क निर्माण व मरम्मत का काम चल रहा है। करीब 86 लाख की लागत से चल रहे निर्माण कार्य की गुणवत्ता परखने व काम की स्थिति देखने के लिए उपनिदेशक मंडी निर्माण विजयपाल सिंह, सहायक अभियंता मंडी परिषद झांसी आलोक दुबे की टीम गल्ला मंडी पहुंची। टीम ने सर्वप्रथम गोदाम से लेकर मुख्य गेट तक बनाए जा रहे नाले के निर्माण कार्य को देखा। निर्माण में प्रयोग किए जा रहे ईंटा, सीमेंट बालू के अनुपात के साथ नाले के बेस में डाली जा रही परतो को भी उखाड़ कर देखा। निरीक्षण के दौरान मिली छोटी मोटी कमियों को दर्शाते हुए ठेकेदार को उन्हें ठीक करने के निर्देश दिए। मंडी सचिव वीरेंद्र कुमार को निर्देश दिए कि वह मंडी परिसर में चल रहे निर्माण कार्य को लगातार देखते रहे, अगर कोई कमी दिखे तो उसे दूर कराएं। यदि फिर भी लापरवाही की जा रही है तो उन्हें जानकारी दें। ताकि कार्रवाई की जा सके।

# युवक को चार हमलावरों ने मारपीट कर किया लहूलुहान

**कालपी, जालौन समृद्धि न्यूज।**

शुक्रवार खेतों में खड़ी फसल को देखकर आ रहे युवक पर गांव के ही चार लोगों ने लाठी डंडों से हमला कर दिया। जिसमें वह गम्भीर रूप से घायल हो गया है।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम छौंक निवासी मूलचन्द्र पुत्र मनप्यारे ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र के माध्यम से अवगत कराया है कि शुक्रवार सुबह लगभग साढ़े आठ बजे उसका पुत्र संजय घर की ओर आ रहा था इसी दौरान वह जयनरायन अहिरवार के घर के पास पहुंचा था इसी दौरान ग्राम निवासी महावीर उसे मिल गया और कहने लगा कि तुम मुझे बदनाम करने में लगे हो इसका अंजाम ठीक नहीं होगा और इसी बात पर उनके मध्य विवाद होने लगा था कि तभी मौके पर आये उसके साथी अनिल कुमार, महिपाल पुत्रगण हरीराम और हरीराम पुत्र सुमेरा ने पुत्र के ऊपर लाठी डण्डों से हमला कर दिया। पिटाई करते देख बडी संख्या में गांव के अन्य लोग भी मौके पर आ गए और ललकारा तो वह जान से मार देने की धमकी देकर मौके से भाग निकले थे। पुलिस ने घायल युवक को अस्पताल में दाखिल कराया था लेकिन हालत गंभीर होने पर उसे प्राथमिक इलाज के बाद जिला अस्पताल के लिए रिफर किया गया है। कोतवाली प्रभारी कामता प्रसाद के अनुसार मारपीट का मामला दर्ज किया जा रहा है।

# इंटरलॉकिंग निर्माणों में गुणवत्ता की उड़ाई जा रही धज्जियां

▸ एपीओ के दबाव में लाखों का बजट डकारने का रचा कुचक्र

**कालपी, जालौन समृद्धि न्यूज।**

जनपद मुख्यालय की अंतिम सीमा पर स्थित विकासखण्ड महेवा में क्षेत्र पंचायत द्वारा कराये जाने बाले कार्यो की गुणवत्ता के चीथड़े उड़ाकर अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी अपने वर्चस्व के दमपर सरकारी खजाने की लूट मचाये है। 75 लाख रुपये से भी अधिक धनराशि के पक्के कार्य एक ही फर्म पर आवंटित कर गुणवत्ता के साथ छेड़छाड़ कर काकश बनकर बैठ चुके है। खंड विकास अधिकारी भी पूरे प्रकरण में भूमिका संदिग्ध मानी जा रही है। सूत्रों द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्ष 2023-24 में 76 लाख से भी अधिक की धनराशि की कतिपय समाचार पत्रों में निविदायें प्रकाशित की गयी इसके बाद पुरे कार्यक्रम को गोपनीय रखकर अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी ने सांठगांठ कर अपने चहते एक ठेकेदार को सारे कार्य आवंटित कर दिये। निविदायें न तो एनआईसी की वैध साइड पर अपलोड की गयी और न ही विकासखण्ड कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा की गयी। बाद में जब लोगो को जानकारी हुई तब तक विकास कार्य इंटरलॉकिंग एवं सीसी निर्माण शुरू हो गया। कुल सत्तरह कामों में अब तक आधा दर्जन काम इसलिए प्रारम्भ कर दिये गये ताकि वित्तीय वर्ष समाप्त होने के पूर्व आसानी से धन आहरित कर लिया जाये। अभी वर्तमान में बसांताल कीरतपुर निबाहना अदि ग्रामों में गुणवत्ता विहीन मानक के विपरीत कार्य प्रारम्भ है। जिसको देखने बाला कोई नही है। यहां हम आपको बताते चले कि मनरेगा योजनान्तर्गत ग्राम बसांताल में तिराहे से प्राईमरी स्कूल से हरिजन वस्ती तक जो इंटरलाकिंग विछाई जा रही है वहाँ सिर्फ औपचारिकता की जा रही है।

इण्टर लॉकिंग की गुणबत्ता को यदि कोई जानकर देखे तो वह भी हैरान हो जायेगा और गूंगे भी गजले गाने को मजबूर हो जाएँगे। कुछ इसी प्रकार का कार्य जो चार लाख रुपये की धनराशि से कराया जा रहा है। कार्यदायी संस्था द्वारा ग्राम निबाहना में भी मानकों का ध्यान नही दिया जा रहा है। सूत्रों का दावा है कि विकासखण्ड महेवा में वही होता है जो अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी चाहे बरना एक पत्ता भी हिलना मुशकिल है।



बसाताल में निर्माणाधीन गुणवत्ता विहीन इंटरलॉकिंग।

# नक्सली लालव्रत कोल को हुई उम्रकैद

▸ 30 हजार रूपये अर्थदंड, न देने पर दो वर्ष की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी

**सोनभद्र। समृद्धि न्यूज**

साढ़े 11 वर्ष पूर्व छिकड़ा जंगल में हुए पुलिस नक्सली मुठभेड़ के दौरान पकड़े गए नक्सली लालव्रत कोल के पास से प्रतिबंधित असलहा बरामद होने के मामले में शुक्रवार को सुनवाई करते हुए अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम एहसानुल्लाह खां की अदालत ने दोषसिद्ध पाकर दोषी नक्सली लालव्रत कोल को आजीवन कारावास व 30 हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर दो वर्ष की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। अभियोजन पक्ष के मुताबिक 29 मई 2012 को वीरेंद्र कुमार यादव, चौकी प्रभारी डाला को मुखबिर खास के जरिए यह सूचना मिली कि छिकड़ा के जंगल में कुछ नक्सली अपराधियों की चहल कदमी देखी गई है। जो किसी गंभीर अपराध को अंजाम देने की फिराक में हैं। इतना ही नहीं उनके साथ अन्य प्रांतों के नक्सली संगठन के लोग आकर बैठक कर रहे हैं। इसकी सूचना तत्कालीन पुलिस अधीक्षक सुभाष चंद्र दुबे को दी गई तो उन्होंने चोपन थाना पर हमाराहियों के साथ पहुंचने का निर्देश दिया। जिसके अनुपालन में हमराहियों के साथ चोपन थाने पर रात 11:30 बजे पहुंच गया। उसी समय तत्कालीन सीओ पिपरी प्रमोद कुमार यादव , शक्तिनगर थानाध्यक्ष पंकज कुमार यादव, कोन थानाध्यक्ष शिवानंद मिश्रा अपने अपने हमराहियों के साथ चोपन थाने पहुंच गए। थोड़ी ही देर बाद पुलिस अधीक्षक सुभाष चन्द्र दुबे भी फोर्स के साथ चोपन थाने पहुंच गए।



## जब से भाजपा सरकार आई चारों तरफ भ्रष्टाचार ही भ्रष्टाचारः रामाधार जोसेफ

**सोनभद्र।** कांग्रेस पार्टी की नगवा ब्लाक में संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसकी अध्यक्षता नगवा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रामविलास पनिका ने की, न्याय पंचायत खलियारी , ओईनी, आमडीह, नवडीहा, रामपुर, चेरूई, के न्याय पंचायत अध्यक्ष गणों ने अपनी बाते रखी, जमुना सिंह यादव ने बताया कि नगमा ब्लॉक में मूल वसींदों को कृषि के लिए सिंचाई की कोई सुविधा नहीं है सपा बसपा भाजपा सरकारों में सिंचाई पर कोई ध्यान नहीं दिया जिससे नगमा ब्लॉक पूरी तरीके से भुखमरी के कगार पर है मनरेगा का काम पूरी तरीके से बंद है जिससे मजदूरों को रोजगार के अवसर नहीं प्राप्त हो रहे हैं।

# उतरौला तहसील क्षेत्र में एक भी कोल्ड स्टोरेज नहीं

**उतरौला,बलरामपुर। समृद्धि न्यूज**

उतरौला तहसील क्षेत्र में एक भी कोल्ड स्टोरेज नहीं है जिसमें किसान आलू का उत्पादन करके उसको सुरक्षित कोल्ड स्टोरेज में रख सके।

मजबूरन किसान आलू का उत्पादन न करके गन्ने की नगदी फसलों पर आधारित है। क्षेत्र में आलू की कमी पर हजारों बोरी आलू पश्चिम जनपद के फरुखाबाद, कानपुर समेत कई जिलों से रोज आता है। इस क्षेत्र के लोगों का आलू मुख्य भोजन है। लगभग सभी सब्जियों में भोजन में आलू की सब्जियो का उपयोग किया जाता है। परन्तु आलू की पैदावार इस क्षेत्र में न होने से इसको पश्चिम जिले से मंगाया जाता है। प्रतिदिन हजारों बोरी आलू पर लोग निर्भर रहने से सब्जी में उपयोग करते है। किसान राम फेर बताते हैं कि इस क्षेत्र में आलू का काफी उत्पादन किसान कर सकते हैं लेकिन पूरे तहसील क्षेत्र में एक भी कोल्ड स्टोरेज न होने से किसान आलू को सुरक्षित रख नहीं पाते है। इससे किसान आलू की जगह नगदी फसल गन्ना उत्पादन में रुचि लेते हैं।

किसान अब्दुल समद ने बताया कि इस क्षेत्र की जमीन उपजाऊ होने से किसान आलू का उत्पादन करना चाहते हैं लेकिन उसकी सुरक्षा के इंतजाम न होने से किसान आलू उत्पादन से मुंह मोडे हुए हैं।

# डीएम ने किया सहायक आयुक्त स्टांप कार्यालय का निरीक्षण

▸ सरकारी भूमि का किसी भी हाल में न हो रजिस्ट्री : डीएम

**बलरामपुर। समृद्धि न्यूज**

डीएम अरविंद सिंह द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर स्थित सहायक आयुक्त कार्यालय का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने उपनिबंधक कार्यालयों में होने वाले जमीनों की रजिस्ट्री की प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा की उपनिबंधक कार्यालयों पर सर्किल रेट पर ही भूमि का बैनामा हो तथा जमीनों के बैनामे में स्टांप शुल्क में चोरी न हो यह सहायक आयुक्त स्टांप अवश्य सुनिश्चित करें। उन्होंने सहायक आयुक्त स्टांप को सब रजिस्टर कार्यालयों पर बेहतर नियंत्रण रखे जाने एवं नियमित निरीक्षण किए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा की उपनिबंधक कार्यालयों से सरकारी भूमियों की रजिस्ट्री किसी भी दशा में न हो,यह सुनिश्चित किया जाए। भूमि की रजिस्ट्री के दौरान गाटा संख्या,मालिकाना हक आदि अवश्य देखा जाए। उपनिबंधक कार्यालय पर जनमानस को बेहतर सुविधा प्रदान किया जाए एवं शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व प्रदीप कुमार,अपर एसडीएम संतोष कुमार ओझा, सहायक आयुक्त स्टांप व अन्य संबंधित अधिकारी/ कर्मचारीगण उपस्थित रहे।



**सम्बोधन** | आज के युग में युवाओं के लिए स्मार्टफोन जरूरी

# युवा स्मार्टफोन का उपयोग ज्ञान वृद्धि के लिए करें: कृष्ण बिहारी राय

**गाजीपुर। समृद्धि न्यूज**

स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गाजीपुर में विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के तहत कुशलपाल सभागार में वाणिज्य एवं कृषि संकाय के छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर भाजपा गाजीपुर के लोकसभा प्रभारी एवं प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य कृष्ण बिहारी राय रहे। कार्यक्रम की शुरुआत में प्राचार्य प्रोफेसर (डॉ.) राघवेन्द्र कुमार पाण्डेय, मुख्य नियंता प्रोफेसर (डॉ.) एसडी सिंह, स्मार्टफोन योजना के नोडल अधिकारी प्रोफेसर (डॉ.) एसएन. सिंह कर्मचारी नेता विवेक सिंह शम्मी ने मुख्य अतिथि को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में सूचना क्रांति के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि स्मार्टफोन के माध्यम से छात्र-छात्राएं इस तकनीकी युग के अनुरूप स्मार्ट बन सकते है उन्होंने बताया कि आज के युग में युवाओं को ऑनलाइन अध्ययन के लिए शासन की ओर से दिए जाने वाले स्मार्टफोन / टैबलेट का सदुपयोग करना चाहिए। मुख्य अतिथि कृष्ण बिहारी राय ने अपने उद्बोधन में बताया कि यह प्रसन्नता का विषय है कि स्मार्टफोन के माध्यम से आज योगी आदित्यनाथ सरकार ने ज्ञान का भण्डार आपके हाथों में प्रदान किया है। आप द्वारा स्मार्टफोन का उपयोग केवल ज्ञान के वृद्धि के लिए होना चाहिए। यह उनके लिए हर्ष का विषय है। धन्यवाद ज्ञापित करते हुए मुख्य नियंता प्रोफेसर (डॉ.) एसडी सिंह परिहार ने कहा कि मुख्य अतिथि अपने व्यस्त कार्यक्रमों में से समय निकालकर महाविद्यालय परिसर में आना सुनिश्चित किए यह महाविद्यालय परिवार के लिए हर्ष का विषय है। उन्होंने कहा कि युवाओं को सकारात्मक रूप से सरकार की ओर से दिए जाने वाले मोबाइल का सदुपयोग कर अपने पठन-पाठन को सहज बनाना चाहिए।स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम में कार्यक्रम के नोडल अधिकारी प्रोफेसर (डॉ.) एसएन सिंह के साथ ही डॉ.रामदुलारे, डॉ. योगेश कुमार,डॉ.हरेन्द्र सिंह, डॉ. रवि शंकर वर्मा, डॉ. रवि शेखर सिंह, डॉ. विजय कुमार सिंह, डॉक्टर शैलेंद्र सिंह, डॉक्टर श्रवण कुमार शुक्ला, डॉक्टर सुधीर कुमार सिंह, डॉ. अजय कुमार श्रीवास्तव, डॉ0 नितीश कुमार सिंह, डॉक्टर संतोष कुमार सिंह, डॉ. शशिशेखर आदि के साथ स्टेनो संजय श्रीवास्तव, कार्यालय अधीक्षक विजय कुमार सिंह, अमितेश कुमार, कृष्ण मुरारी, सुनील, शिवबचन, नीरज सिंह आदि मौजूद रहे।



# कोर्ट में तारीख पर आये एक युवक ने दूसरे पक्ष के युवक पर फायर झोंका

- बाल-बाल बचा युवक अधिवक्ताओं के चेम्बर परिसर में हुई घटना
- अधिवक्ताओं ने आरोपी युवक को पकड़कर धुना, किया पुलिस के हवाले



कन्नौज,समृद्धि न्यूज

**शुक्रवार को** दोपहर जिला न्यायालय स्थित अधिवक्ताओं के चेम्बर परिसर में उस समय हड़कम्प मच गया, जब तारीख पर आए एक युवक ने दूसरे पक्ष के युवक पर तमंचे से फायर झोंक दिया। गोली की आवाज से वहां अफरा-तफरी मच गई। फायर करने के बाद युवक भागने लगा, जिसे वहां मौजूद अधिवक्ताओं ने घेर कर तमंचा समेत पकड़ लिया और उसकी जमकर धुनाई की। इसी बीच वहां पुलिस पहुंच गई। अधिवक्ताओं ने उक्त युवक को पुलिस के हवाले कर दिया। घटना को लेकर अधिवक्ताओं में कचहरी में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर गहरी नाराजगी दिखी। आक्रोशित अधिवक्ताओं ने नारेबाजी करते हुए अपर जिला जज के चेम्बर पहुंच गये। यहां अधिवक्ताओं ने न्यायिक अधिकारियों के समक्ष वकीलों के चैंबर परिसर की सुरक्षा की मांग की।

मिली जानकारी के अनुसार सदर कोतवाली क्षेत्र के भगतगाढ़ा गांव निवासी चंदन शुक्रवार को एक केस के सिलसिले में अपनी तारीख लेने कोर्ट आया था। वह एफ्टीसी सेकेंड की कोर्ट से लौट कर अधिवक्ता चेम्बर की तरफ जा रहे था, इसी बीच सामने से दूसरे पक्ष का एक युवक वहां आ धमका और उसने चंदन को देखते ही तमंचा निकाल कर फायर कर दिया। हांलाकि चन्दन ने उसे तमंचा निकलते देख लिया और वह हड़बड़ाहट में जमीन पर गिर गया, जिससे तमंचे से निकली गोली पीछे की दीवार में जा लगी। इधर फायरिंग करने के बाद युवक ने वहां से भागने का प्रयास किया, लेकिन वह एक अधिवक्ता की मेज से टकरा कर गिर पड़ा। इसी दौरान गोली की आवाज सुनते ही तमामा अधिवक्ता अपने-अपने चेम्बरों से बाहर निकल आये और उक्त युवक को तमंचा समेत धर दबोचा। अधिवक्ताओं ने उक्त युवक की जमकर धुनाई कर पुलिस को सौंप दिया। बताया जाता है कि सदर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कटरा निवासी पिंटू और भगतगाढ़ा गांव निवासी कृपाल सिंह के पुत्रों के बीच बीते वर्ष 24 मई को विवाद हो गया था। विवाद के दौरान मारपीट और फायरिंग हुई थी, जिसमें पिंटू की मौत हो गई थी। इस मामले में मृतक पिंटू के पुत्र आदेश ने दूसरे पक्ष के चार सगे भाइयों शेखर, कल्लू, मुल्लू और चंदन के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। इसी मुकदमें में एक आरोपी मुल्लू वर्तमान में जेल में बन्द है। जबकि उसके तीन भाई जमानत पर जेल से बाहर आ गए थे। शुक्रवार को इसी मुकदमें की तारीख थी। चंदन तारीख लेने न्यायालय पहुंचा था। वहीं वादी पक्ष से आदेश भी न्यायालय आया था। बताया जाता है कि आदेश एफ्टीसी कोर्ट के आसपास घूमता रहा। जब चंदन अधिवक्ताओं के चेम्बर की तरफ जा रहा था, उसी दौरान आदेश ने उस पर तमंचे से फायर कर दिया। जिससे वहां हडकम्प मच गया। हांलाकिं चन्दन आदेश के तमंचे से निकली गोली से बाल-बाल बच गया। इधर न्यायालय परिसर में फायरिंग की घटना से अधिवक्ताओं में पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आक्रोश व्याप्त हो गया। गुस्साए अधिवक्ताओं ने पुलिस के खिलाफ नारेबाजी की। अधिवक्ताओं का कहना था कि एक युवक तमचा लेकर न्यायालय परिसर में घूमता रहा और पुलिसकर्मी बेखबर रहे। अधिवक्ताओं का आरोप है कि यहां तैनात सुरक्षा कर्मी पूरे दिन इधर-उधर बैठकर मोबाइल चलाते है। उन्हें यहां क सुरक्षा व्यवस्था से कोई लेना देना नही है। जिसके चलते यहां फायरिंग की घटना को अंजाम देने में उक्त युवक कामयाब हो गया। अधिवक्ताओं ने न्यायिक अधिकारियों से अधिवक्ता चेम्बर परिसर में भी सुरक्षा कर्मी तैनात करने की मांग की है।

# सेनानी पौत्र हिमांशु सक्सेना को शहीद मेले में किया गया सम्मानित

छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज



**बेवर में** आयोजित ऐतिहासिक शाहिद मेले के 51 वे स्थापना दिवस के अवसर पर प्रादेशिक स्तर का स्वतंत्रता सेनानी सम्मेलन आयोजित किया गया जिसमे सेनानी एवं उनके उत्तराधिकारियों का जमावड़ा लगा। सम्मेलन में अतिथि वक्ता के तौर पर शहर के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय जुगल किशोर सक्सेना के पौत्र श्री हिमांशु सक्सेना को विशिष्ट वक्ता के तौर पर आमंत्रित किया गया था । सम्मेलन में मौजूद सेनानी परिजनों को संबोधित करते हुए श्री सक्सेना ने कहा की क्रांति के बीज हम सभी सेनानी परिजनों के डीएनए में मौजूद हैं , अतः स्वयं को किसी भी परिस्थिति में असहाय व निर्बल समझने की भूल न करें । साथ ही संगठन में अहंकार की भावना को खत्म करने पर बल देते हुए विशेष तौर पर एक दूसरे को माफ करते हुए चलने का आवाहन किया। अंत में उनके द्वारा अवगत कराया गया की कन्नौज जिले के स्वतंत्रता इतिहास पर उनके पिता तथा मशहूर शिक्षाविद स्वर्गीय सुप्रभाश चंद्र सक्सेना द्वारा एक पुस्तक अपने जीवन काल में लिखी गई थी जिसका विमोचन अति शीघ्र ही कराकर सभी सेनानी परिजनों को निशुल्क वितरित किया जाएगा। सम्मेलन में बरेली सहारनपुर फर्रुखाबाद मैनपुरी इटावा कानपुर तथा आगरा से सैकड़ो की तादाद में स्वतंत्रता सेनानी परिजनों ने शिरकत की ।कार्यक्रम के अंत में प्रबंधक राज त्रिपाठी ,अध्यक्ष श्री निर्मल गुप्ता जी ने फूलमाला पहनाकार शॉल ओढ़ा कर एवं स्मृति चिन्ह देकर हिमांशु सक्सेना का सम्मान किया।

# खबरें चलते-चलते

## रंजिश को लेकर दंपति से मारपीट कर दी धमकी

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** रंजिश के चलते दंपति के साथ तीन लोगों ने अभद्रता व मारपीट कर न सिर्फ घायल कर दिया बल्कि धमकी भी दी। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। नगर के मोहल्ला सूबेदार नगर निवासी गुलशन बेगम पत्नी हसरूद्दीन द्वारा कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि गुरुवार की सुबह घर के बाहर बैठे उसके पति हसरूद्दीन के साथ मोहल्ला गांधीनगर निवासी लल्ला, कामिल, आकिल आए और रंजिश के चलते गाली गलौज करते हुए लात घूसों से मारपीट शुरू कर दी। बचाव में आने पर उसे भी मारपीट कर घायल कर दिया तथा जान से मारने की धमकी दी। घटना के संबंध में कोतवाली पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई।

## दो महिलाओं को मारपीट कर किया घायल, दी धमकी

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** बच्चों के विवाद को लेकर महिला एवं उसकी विधवा बहू के साथ गांव के ही एक परिवार के चार सदस्यों ने अभद्रता व मारपीट कर घायल कर दिया और धमकी दी। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के ग्राम हजरतपुर निवासी पुष्पा देवी पत्नी गंगा चरण द्वारा कोतवाली में दी गई तहरीर में कहा गया है कि शुक्रवार कि शाम वह अपने घर के बाहर बैठी थी। तभी गांव के ही एक परिवार के चार लोग आए और बच्चों के विवाद को लेकर गाली गलौज करते हुए लात घूसों से मारपीट शुरू कर दी। बचाव में आई उसकी विधवा बहू गुड्डी देवी को भी मारपीट कर घायल कर दिया तथा जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा घायल महिलाओं को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करने के उपरांत घटना की जॉच शुरू कर दी गई है।

## दो छात्र गुटों के बीच जमकर चले लात घूंसे, वीडियो हुआ वायरल

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज।** इन्दरगढ थाना क्षेत्र के कचाटीपुर स्थित सरदार पटेल इंटर कॉलेज में वर्चस्व को लेकर दो छात्र गुट आपस में भिड़ गए। दोनो गुटों की बीच जमकर लात-घूंसे चले। इसी बीच किसी ने मारपीट का वीडियो बना लिया और सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। गुरुवार को कचाटीपुर स्थित सरदार पटेल इंटर कॉलेज मेंवर्चस्व को लेकर छात्रों के दो गुट आपस में भिड़ गए। नोकझोंक और गाली-गलौज के बाद मामले ने तूल पकड़ लिया और उनके बीच मारपीट शुरू हो गई। इस दौरान दोनो पक्षों की ओर से जमकर लात-घूसे चले। इससे वहां हड़कम्प मच गया। मारपीट की जानकारी मिलते ही कॉलेज के प्रिंसिपल ने पुलिस सूचना दी। लेकिन सूचना के बावजूद वहां पुलिस नही पहुंची, जिसके कारण कोई कार्रवाई नही हुई। कालेज के प्रिंसिपल ने अन्य अध्यापकों के साथ मौके पर पहुंचकर मारपीट कर रहे छात्रों को वहां से खदेड़ दिया। मारपीट की घटना से छात्र-छात्राएं सहम गए।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में चार पदों के लिए मांगे गये आवेदन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार जनपद न्यायालय में लीगल एड डिफेंस कांउसिल सिस्टम हेतु मुख्य/उप/सहायक लीगल एड काउंसिल की नियुक्ति दो वर्ष की अवधि के लिए की जानी है। अपर जनपद न्यायाधीश/प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नरेन्द्र प्रकाश ने जानकारी देते हुए बताया कि इन पदों के लिए अनुबंध के आधार पर चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल का एक पद, डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेंस का एक पद, असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिल के दो पद की भर्ती की जायेगी। इच्छुक अभ्यार्थी 15 फरवरी की शाम 5 बजे तक आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। अथवा पंजीकृत डाक से भी भेज सकते है। दी गई तिथि के पश्चात किसी भी आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा। नियत व शर्ते आदि की जानकारी बेवसाइट https://nalsa.gov.in/lsams/ पर देख सकते है।

# 69000 सहायक शिक्षक भर्ती में कितना बड़ा घोटाला हुआ है जब छात्र धरना दे रहे हैं लाठी चार्ज कराया गया: पूर्व विधायक

छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज



**सपा सुप्रीमो** के निर्देशानुसार पीडीए पखवाड़ा विधानसभा छिबरामऊ में सिकंदरपुर /ग्राम सभा रायपुर में कार्यक्रम संपन्न हुआ। पीडीए पखवाड़ा के अंतर्गत कार्यक्रम को संबोधित करते हुए छिबरामऊ के पूर्व विधायक अरविंद सिंह यादव ने लगातार समाजवादी पार्टी के नेता भाजपा का विरोध कर रहे उनका विरोध के लिए कोई पार्टी नहीं है सिर्फ समाजवादी पार्टी है आप लोग ध्यान रखें आपके बीच एक वोट कटवा पार्टी आएगी जिसकी टिकट बीजेपी कार्यालय से बढ़ती हैं उसे पार्टी का नाम बहुजन पार्टी है आप लोगो बसपा से शतर्क रहना है आप लोगों को पता है आलू का भाव क्या है ढाई सौ रुपए में बिक रहा है लगात1भी किसान की पूरी नहीं हो रही है 69000 सहायक शिक्षक भर्ती में कितना बड़ा घोटाला हुआ है जब छात्र धरना दे रहे हैं उनके ऊपर लाठी चार्ज कर रही है भाजपा सरकार आप सभी लोग श्वस्त्रड्ड को जिताये इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष उमेश पाल पूर्व महासचिव प्रभाकर और बॉबी देवकांत दुबे/ अनुसूचित जाति जिला अध्यक्ष पुष्पेंद्र सिंह दिवाकर मुस्ताक अली वैभव पांडे एडवोकेट अमर सिंह यादव फौजी अब्दुल कलाम अंकुर सिंह यादव मीडिया प्रभारी भारत सिंह शाक्य सर्वेक्षण तेजराम शाक्य संजीव कुमार शाक्य सुशांत शाक्य प्रखर द्विवेदी मुकेश कुशवाहा मैजूद रहे।

# डियूटी करने गयी महिला सफाई कर्मी के घर से हजारों की चोरी

कम्पिल, समृद्धि न्यूज



चोरी के बाद बिखरा पड़ा सामान

**डियूटी करने** गयी महिला सफाईकर्मी के घर से चोरों ने दो हजार की नकदी व तोड़ियां चोरी कर ली। पीड़ित ने थाना पुलिस को तहरीर दी है।

जानकारी के अनुसार नगर के मोहल्ला पट्टी मदारी निवासी गीता नगर में सफाई कर्मी के पद पर तैनात हैं। शुक्रवार सुबह वह ड्यूटी करने गयी थी। उसी समय मोहल्ले के कुछ युवक दीवार फांदकर उनके घर में घुस गए। दरवाजे पर लगी कुण्डी को तोड़कर युवकों ने बक्शे में रखे दो हजार रुपए व तोड़ियां चोरी कर लीं। दोपहर बाद जब वह घर वापस लौटी, तो महिला ने सामान फैला देख घटना की जानकारी हुयी। महिला ने मामले की सूचना थाना पुलिस को दी। पुलिस ने महिला को कार्यवाही करने का भरोसा दिया है।

# पुलिस दो आरोपियों को 1 किलो 30 ग्राम नशीले पाउडर के साथ गिरफ्तार करके भेज दिया जेल



छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज

**पुलिस अधीक्षक** आनंद कुमार द्वारा चलाया जा रहा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध अभियान के अंतर्गत कस्बा चौकी इंचार्ज आभिनेश चौधरी अपने हमराहियों के साथ कस्बा में ग्रस्त कर रहे थे गस्त के दौरान मुखवार ने सूचना दी की पूर्वी बाईपास पर दो व्यक्ति झूले में नशीला पदार्थ लेकर कहीं जा रहे हैं पर कस्बा इंचार्ज अभिनेश कुमार चौधरी मौके पर पहुंचे दो अभियुक्त कहीं जाने के लिए खड़े हुए थे इतने में आरोपी पुलिस को देखकर इधर-उधर भटकने लगे पुलिस ने घेराबंदी करके दोनों आरोपियों को पकड़ लिया जामा तलाशी की अभिव्यक्तियों के पास 1 किलो 30 ग्राम नशीला पाउडर बरामद हुआ ताज पुछ ताजतक करने पर आरोपियों ने अपना नाम रियाज पुत्र सनाउल्लाह निवासी मोहल्ला काश बंद थाना छिबरामऊ बताया जिसकी उम्र 42 वर्ष है शिबू पुत्र मुन्नीलाल निवासी लालपुर थाना रामगढ़ जिला फिरोजाबाद उम्र 25 साल को एनडीपीएस में गिरफ्तार कर जेल भेजा।

# पुलिस ने दुष्कर्म के दो वर्ष पुराने वांछित को पकड़ा

- पचीस हजार इनामिया को गिरफ्तार कर जेल भेजा

गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज



पुलिस हिरासत में मौजूद ईनामयिा आरोपी — समृद्धि न्यूज

**उच्चाधिकारियों** के निर्देशन में कोतवाली पुलिस द्वारा दुष्कर्म के मामले में दो वर्ष से बांछित चल रहे इनामिया आरोपी को छापेमारी कर हिरासत में लेते हुये न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया।

शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद के निर्देशन अपर पुलिस अधीक्षक डॉ. संसार सिंह के निकट पर्यवेक्षण एवं सदर क्षेत्राधिकारी कमलेश कुमार के नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक जयप्रकाश शर्मा नें कोतवाल द्वितीय जयंती प्रसाद गंगवार, उप निरीक्षक आरएस वर्मा, कांस्टेबल विनय कुमार, सत्य प्रकाश के साथ मुखबिर की सूचना पर ग्राम अनीभोज के निकट छापेमारी कर पास्को एक्ट के मामले में दो वर्ष से वांछित चल रहे 25000 इनामिया आरोपी संतोष कुमार पुत्र लक्ष्मी नारायण निवासी मोहल्ला अंगूरी बाग थाना मऊ दरवाजा जनपद फर्रुखाबाद को हिरासत में ले लिया। कोतवाली पुलिस द्वारा आरोपी युवक के विरुद्ध विधिक कार्रवाई कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया।

# शहर में चल रहे हैं बिना पंजीकरण संचालित अस्पताल

छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज

**कोरोना महामारी** के बाद से शहर में अवैध रूप से चल रहे अस्पतालों के संचालन और बिना पंजीकरण का खेल लगातार अपनी चरम सीमा पर है विराजमान है कोरोना महामारी के बाद से अस्पताल गली मोहल्ले में चलने को लालायित है लेकिन उसे अधिकारी अस्पतालों में कार्रवाई करने में अपने आदेशों को भी हवा हवाई उड़ा रहे हैं। इसमें लगभग शहर में बिना रजिस्ट्रेशन चल रहे सैकड़ो अस्पताल होने के बाद भी चुप्पी सटे हुए हैं प्रतीत होती है अस्पतालों के नाम पर चल रहे गोरख धंधे में गरीब अमीर मरीज अपनी सस्ते से में जान देने को मजबूर है बीचों-बीच गलियों में नर्सिंग होम अवैध रूप से चल रहे हैं इन अस्पतालों के संचालन में स्थानीय स्वास्थ्य विभाग की मिली भगत से चल रहे हैं क्योंकि स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी चंद कदमों की दूरी पर बैठे हैं क्या उनकी नजरों में हम नर्सिंग होम वेफर जी तरीके से डॉक्टर बैठे हुए हैं कोई ठोस कार्रवाई की जाती है क्योंकि स्थानीय स्वास्थ्य विभाग इन छोटी-छोटी नर्सिंग होमो से है महीना बंदी बने हुए हैं इनके ऊपर इसीलिए कोई कार्रवाई नहीं की जाती है जिससे झोलाछाप डॉक्टर को हौसले बुलंदी पर है क्योंकि स्थानीय स्वास्थ्य विभाग के कुछ उच्च स्तर के अधिकारी महीना बंदी मोटी रकम लेकर अपनी जेब में डालते हैं इसलिए इनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जाती है जब कोई ऊपर से अधिकारियों को कहा जाता है तो पहले से ही झोलाछाप डॉक्टरों को खबर की जाती है कि शासन से आदेश हैं कि झोलाछाप डॉक्टरों के खिलाफ कार्रवाई की जाए इसलिए आप लोग साइड वाइट से बैठना जैसे ही कार्रवाई के नाम पर खाना पूर्ति होकर चली जाती है वैसे ही कुकुरमुत्ता की तरह गली पूछो में अपनी अपनी दुकान है खोलकर बैठते हैं यहां तक की कुछ सरकारी अस्पतालों के डॉक्टर भी अपने निजी अस्पताल खोलकर बैठते हैं और ड्यूटी के नाम पर केवल खाना पूर्ति करके चले आते हैं और फिर अपने प्राइवेट अस्पताल में बैठकर गरीबों की जीवो में टांका डाल रहे हैं लगातार जबकि शासन के आदेश हैं कि कोई भी सरकारी डॉक्टर निजी प्रेस्टीज नहीं करेगा नहीं शासन के आदेशों की धज्जियां उड़ते हुए सरकारी डॉक्टर मोहल्ले और कुछो में प्राइवेट प्रेस्टीज करने से बाज नहीं आ रहे हैं बल्कि सरकारी डॉक्टर तो कई एक मोहल्ले में अपनी अपनी दुकान खोले हुए हैं और मेडिकल स्टोर भी खोले हुए हैं जिससे गरीबों को जीवोमें डाका डाल रहे हैं लिए शासन के आदेश कोई मायने नहीं रखते हैं क्योंकि कुछ तो शहर में डॉक्टर ऐसे हैं कि मीडिया कर्मी को भी उच्च स्तर के नेताओं को परिचय देकर दबाव बनाना चाहते हैं जिससे लगातार गरीब जनता की हर तरह से मार खा रहा है फिर भी प्रशासन किसी तरह कोई करवाई नहीं कर रहे हैं।

**कार्यक्रम** | उपमहानिरीक्षक कानपुर रेंज, जोगेन्द्र कुमार ने कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर देखी सुरक्षा व्यवस्था, पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा निर्देश

# आज कन्नौज आएंगे सीएम योगी, मातृशक्ति सम्मान समारोह में होंगे शामिल

कन्नौज,समृद्धि न्यूज



**सांसद सुब्रत** पाठक के पिता स्व. ओमप्रकाश पाठक की पांचवी पुण्यतिथि के अवसर पर शहर के केके इंटर कालेज के खेल मैदान (बोर्डिंग ग्राउण्ड) में आज आयोजित होने वाले कन्नौजी माटी वंश समागम के अन्तर्गत मातृशक्ति सम्मान समारोह में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आएंगे। यहां सीएम जिले की 10 हजार महिलाओं को सम्मानित करेंगे। साथ ही कई विकास योजनाओं का शिलान्यास भी करेंगे।

कार्यक्रम में मुख्यमन्त्री योगी आदित्यनाथ के आने के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर शुक्रवार को कन्नौज पहुंचे उपमहानिरीक्षक कानपुर रेंज जोगेन्द्र कुमार ने सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया वहीं उन्हों ने जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद के साथ पुलिस एवं प्रसाशनिक अधिकारी के साथ बोर्डिंग ग्राउंड पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था देखी साथ ही पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों सें ब्रीफिंग कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। कहा कि जनपद वासियों को किसी प्रकार की अव्यवस्था व असुविधा का सामना न करना पड़े। सीएम के कार्यक्रम के दौरान पुलिस व्यवस्थापन, यातायात व्यवस्था व पार्किंग व्यवस्था चुस्त दुरुस्त रखी जाए। इस दौरान उन्होने पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिये।

# पीडीए के सहारे भाजपा का ध्वस्त करुंगा किला: डॉ. नबल किशोर शाक्य

- भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर: चंद्रपाल सिंह यादव
- पीडीए पखवाड़ा के तहत भरखा व उजरामऊ में हुई सभायें

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**सपा से** टिकट मिलने के बाद डॉ0 नबल किशोर शाक्य ने चुनाव की सरगर्मियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में उन्होंने विधानसभा अमृतपुर के ग्राम भरखा और उजरामऊ में बैठक कर लोगों को सपा की उपलब्धियां बतायीं।

पीडीए पखवाड़ा जन पंचायत के तहत समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव व अमृतपुर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी डॉ0 जितेंद्र सिंह यादव के मार्गदर्शन में गांव-गांव, घर-घर जाकर कार्यकर्ता लोगों को सपा की उपलब्धियों का पत्रक वितरित कर



पत्रक दिखवाते सपा प्रत्याशी, जिलाध्यक्ष आदि समृद्धि न्यूज

रहे हैं। जिससे लोग जान सकें कि सपा सरकार में कौन-कौन से विकास कार्य हुए और कौन-कौन सी योजनायें लागू की गयी थीं और उनका भविष्य किसमें सुरक्षित है, लेकिन इस सरकार में नाम बदलने के अलावा के अलावा कुछ भी नहीं किया। विधानसभा अमृतपुर के क्षेत्र भरखा, उजरा में लोकसभा प्रत्याशी डॉ0 नबल किशोर शाक्य ने सभायें कर जनता से समर्थन मांगा। उन्होंने कहा कि मैं नेता नहीं





सभा को संबोधित करते जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह गौर व मौजूद पदाधिकारी

बेटा बनकर आया हूँ। अभी चिकित्सक बनकर लोगों की सेवा कर रहा हूँ, जीतने के बाद जनसेवक बनकर आप लोगों की सेवा करुंगा। सपा जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह ने भी अपने विचार व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि आज भाजपा में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। बगैर रिश्वत के कोई भी कार्य नहीं हो रहा है। पुलिस जमकर वसूली कर रही है। अधिकारी भी अपनी-अपनी जेबें भरने में लगे हुए हैं। गरीब जनता का कोई काम नहीं हो रहा है। जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह गौर ने कहा कि समाजवादी पार्टी सर्व समाज की हितैषी है। सपा सरकार में हर वर्ग का ध्यान रखा गया और सभी को योजनाओं का लाभ दिया गया। महिलाओं को समाजवादी पेंशन दी गयी। श्रमिकों को मुफ्त साइकिल, छात्रों को मुफ्त लेपटॉप, बेरोजगारों को बेरोजगारी भत्ता देने का काम किया, तो वहीं किसानों का ऋण माफ किया और ई-रिक्शा मुफ्त में देकर गरीबों को रोजगार से जोड़ा गया। सपा के संयोजक राकेश कुमार कुशवाहा व भरखा प्रधान हर्ष सोमवंशी रहे। संचालन सुरेंद्र सिंह गौर ने किया। इस अवसर पर मुख्य रुप से अमृतपुर विधानसभा अध्यक्ष भोला यादव, डॉ0 नवरंग यादव, विवेक यादव, ब्रह्मानंद, शीशराम आदि बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## पिज्जा प्वाइंट में चोरों ने की जमकर तोड़फोड़, हजारों का सामान किया पार

- चोर का सीसीटीवी में कैद हुआ वीडियो, पुलिस जांच पड़ताल में जुटी

शमशाबाद, समृद्धि न्यूज

**शमशाबाद क्षेत्र** में अज्ञात चोरों का कहर जारी है। अज्ञात चोर कहीं न कहीं चोरी की घटनाओं को अंजाम देकर जहां एक ओर आम लोगों के लिए मुसीबतों का कारण बने हुए हैं, वहीं दूसरी ओर पुलिस प्रशासन के लिए भी मुश्किलों का कारण बने हुए हैं। व्यवसायिक क्षेत्र में सुरक्षा के लिहाज से दुकानों के अंदर सीसीटीवी केमरे भी लगाए गए हैं। इसके बावजूद भी अज्ञात चोर बेखौफ होकर चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। इसी क्रम में शमशाबाद नगर के मोहल्ला गढ़ी निवासी अनीश खाँ का नगर के मोहल्ला इमली दरवाजा पूर्व माध्यमिक विद्यालय के निकट पिज्जा प्वाइंट सेंटर है। बीते दिवस की रात्रि अज्ञात चोर दीवार के सहारे अंदर दाखिल हुए। बताया गया जब विक्रेता को अंदर अज्ञात चोरों की दस्तक महसूस हुई, तो उसने परिजनों के साथ अज्ञात चोर को पकड़ने की कोशिश की। मगर शातिर चोर चोरी की घटना को अंजाम देकर मौके से फरार हो गया। पीड़ित



सीसीटीवी में कैद चोर

के अनुसार अज्ञात चोर ने दो कैमरे तोड़ दिए। बिजली के मीटर को भी तोड़ दिया। एक मोटरसाइकिल स्प्लेंडर जिसे गिराकर तोड़फोड़ की गई। साथ ही पिज्जा प्वाइंट के अंदर कीमती लाइटों को भी फोड़ दिया गया। तोड़े गए सीसीटीवी कैमरे भी अज्ञात चोर ले गए। पीड़ित विक्रेता के अनुसार चोरों ने लगभग 40 से 50 हजार की चोरी की घटना को अंजाम दिया। घटना की सूचना थाना पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जांच पड़ताल की। पीड़ित ने अज्ञात चोरों के खिलाफ शमशाबाद थाना पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। उधर पुलिस का कहना था चोरी की घटना में अज्ञात चोर सीसीटीवी में कैद हुआ है। शिनाख्त के जरिए चोर को पकड़ने का प्रयास किया जा रहा है। जल्द उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## ज्ञानवापी मस्जिद का कोर्ट से फैसला आने के बाद जिला प्रशासन एलर्ट

- डीएम व एसपी ने की जन मानस से शांति एवं सौहार्द बनाए रखने की अपील

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**ज्ञानवापी मामले** में कोर्ट से फैसला आने के बाद मस्जिदों के बाहर भारी संख्या में पुलिस तैनात रही। जुमे की नमाज सकुशल सम्पन्न हो जाने के बाद पुलिस ने राहत की सांस ली। वहीं डीएम व एसपी भी नगर में भ्रमण कर जायजा लेते रहे।

न्यायालय द्वारा ज्ञापनवापी में स्थित व्यासजी के तहखाने में पूजा अर्चना की अनुमति दिये जाने के बाद मुस्लिम समाज में रोष देखा जा रहा है। इसी को लेकर शुक्रवार को जुमे की नमाज के मौके पर नगर में स्थित मस्जिदों के बाहर पुलिस तैनात रही। वहीं नवागंतुक डीएम वी.के. सिंह व एसपी विकास कुमार ने लालगेट



नगर में भ्रमण करते डीएम व एसपी समृद्धि न्यूज

चौराहे नगर में भ्रमण कर सभी से सौहार्द बनाये रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि जो भी उपद्रव करता मिलेगा, उसके खिलाफ कठोर कार्यवाही अमल में लायी जायेगी। अराजकतत्वों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जायेगा। क्षेत्राधिकारी सिटी प्रदीप सिंह ने बताया की जुमे की नमाज को देखते हुए सुबह से ही पुलिस प्रशासन पूरी तरह से एलर्ट मोड रहा। न्यायालय के आदेश का पालन कराया जायेगा। कानून किसी को हाथ में लेने की अनुमति नहीं दी जायेगी। क्षेत्राधिकारी के अलावा शहर कोतवाल भोलेंद्र चतुर्वेदी, कादरीगेट थानाध्यक्ष विनोद कुमार शुक्ला भारी पुलिस बल के साथ चप्पे-चप्पे पर निगरानी रखे रहे। बताते चलें कि पुलिस पीस कमेटी की बैठक लेकर पहले ही सभी को आगाह कर चुकी है।

## सौदा न देने की रंजिश में दबंगों ने गरीब का पलटा खोखा, की लूटपाट

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज

**उधार सौदा** न देने पर दबंग नशेड़ियों ने गरीब का खोखा पलट दिया तथा लूटपाट कर चले गये। पीड़ित ने थाना पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम आरिफ खां पुत्र खलील खां ने चौकी इंचार्ज बबना को दिये गये शिकायती पत्र में कहा है कि बीती शाम लगभग 4 बजे वह अपनी खोखा दुकान पर बैठा था, जो बबना तिराहे पर रखा है, तभी देर शाम प्रवेश पुत्र रामवीर और संजीव पुत्र कढ़ोरी निवासी नगला मन्न शराब पीकर आये और आरिफ से जबरदस्ती सौदा मांगने लगे। जब पैसे मांगे, तो मारपीट व गाली-गलौज करने लगे। घटना होती देख मौके पर काफी लोग एकत्र हो गये। जाते-जाते धमकी दे गये कि



दबंगों द्वारा पलटा गया खोखा

कल तक तेरा यहां पर खोखा नहीं दिखायी देगा, तेरे खोखे में आग लगा दूंगा। रात में वह अपना खोखा बंद कर घर चला गया। जब सुबह खोलने पहुंचा, तो खोखा पलटा पड़ा था तथा सामान भी गायब था। पीड़ित ने उपरोक्त लोगों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है।

## रोडवेज चालक के विरुद्ध मार्ग दुर्घटना का मुकदमा दर्ज

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** बीते दिन रोडवेज बस की टक्कर से एक पशु व्यापारी की मौत हो गयी थी, जबकि दो घायल हो गये थे। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रोडवेज बस चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार बीते दिन कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कुंवरपुर इमलाक निवासी राजिक पुत्र रुकसार खाँ ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर कहा है कि बीते दिन 31 जनवरी को सुबह मेरी पिकअप संख्या यूपी76टी5503 भैसों को लेकर कायमगंज के ग्राम रायपुर से मोहम्मदाबाद पशु बाजार लेकर जा रही थी। जो टेड़ीकोन के पास रुकी और उसमें लदी हुई भैसों को ठीक से खड़ा करके बाँध रहे थे, तभी पीछे से सरकारी रोडवेज बस संख्या यू.पी.78एफएन5373 के चालक ने लापरवाही मे चलकर बिना हार्न बजाये अपनी साईड छोड़कर सडक के नीचे खड़ी मेरी उक्त पिकअप में टक्कर मार दी। जिससे गाड़ी के पास नीचे खड़े राशिद पुत्र मेहन्दी हसन की घटना स्थल पर मौत हो गई, दूसरा खड़ा हुआ व्यापारी रईस मियॉ पुत्र खलील बच गये। पुलिस ने पिकअप व रोडवेज बस थाने लाकर खड़ी करवा लीं। रोडवेज बस का चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर रोडवेज बस चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया।

## स्ट्रीट लाइट के पोल में उतरे करंट से सफाई कर्मी की भैंस मरी

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** शमशाबाद कस्बे के मोहल्ला तिवारियन निवासी बलवीर अपनी भैंस को घर से लेकर घेर में बंधने जा रहा था। घर से 20 मीटर की दूरी पर भैंस का पैर नाली में घुसने पर भैंस करण्ट की चपेट में आ गई और मौके पर ही भैंस की मौत हो गई। पशु स्वामी ने चीख पुकार मचाई। घटनास्थल पर पशु स्वामी का पुत्र शिवम, चचेरे भाई धर्मेन्द्र व करु और चाचा वेदराम ने पहुंचकर भैंस को निकालने का प्रयास किया, तो सभी को करण्ट का झटका लगा। सभी बाल-बाल बच गए। घटना के सम्बन्ध में नगर पंचायत सहित लेखपाल व पशु विभाग को सूचना दी गई। सूचना पर लेखपाल ने पहुंचकर भैंस का आंकलन किया। पशु विभाग के डॉक्टर ने भैंस का पोस्टमार्टम किया। पशु स्वामी एक ग्राम पंचायत में सफाई कर्मी के पद पर तैनात है। पशु स्वामी ने मुआवजे की मांग की।

## सांड़ के हमले से बाइक सवार युवक की मौत

- ग्रामीणों के आरोप पर ट्रैक्टर चालक भी पुलिस ने लिया हिरासत में

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज

**बाजार करने** गये बाइक सवार युवक पर सांड ने हमला कर दिया। जिससे वह नीचे गिर गया। जिससे उसकी मौत हो गयी। वहीं उधर से निकल रहे ट्रैक्टर चालक पर भी लोगों ने कुचलने का आरोप लगाया। पुलिस ने फिलहाल ट्रैक्टर चालक को हिरासत में ले लिया है।

जानकारी के अनुसार शमशाबाद थाना क्षेत्र के गांव बड़ी कुइयां निवासी दीपू प्रजापति पुत्र स्वर्गीय गिरीश चंद्र प्रजापति अपनी बाइक बजाज डिस्कवर संख्या-एचआर51एटी0491 से कस्बा मंझना में बाजार करने आए थे। वह बाजार कर वापस लौट रहे थे, तभी



मृतक का फाइल फोटो

कस्बा मंझना में ही चंदू पंडित की दुकान के सामने आ रहे सांड ने बाइक सवार हमला बोल दिया। सांड के हमले से युवक जमीन पर जा गिर गया और युवक की मौत हो गई। वहीं पास से निकल रहे ट्रैक्टर की भी कुछ रगड़ लग गयी। घटना की सूचना थाना पुलिस को दी गई। सूचना पाकर पुलिस फोर्स लेकर मौके पर पहुंचे थाना अध्यक्ष जयप्रकाश शर्मा ने एंबुलेंस को सूचना दी। पुलिस के साथ ही घटनास्थल पर पहुंची एंबुलेंस युवक को सीएचसी लेकर आयी।





घटनास्थल पर मौजूद भीड़ समृद्धि न्यूज

हलका इंचार्ज इंद्रजीत सिंह यादव ने पुलिस फोर्स के साथ मौके से भीड़ को हटाया और युवक के बारे में जानकारी ली तथा वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में देखा, तो पता चला कि युवक को निकलते समय बाइक सवार युवक के सांड ने टक्कर मारी। जिससे युवक जमीन पर जा गिरा। वहीं मेले से लौट रहे ट्रैक्टर की भी रगड़ लगी। वहीं लोगों के बताएं अनुसार ट्रैक्टर व ट्रैक्टर चालक को थाना पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया और उसको थाने ले गयी। वहीं दीपू को डॉक्टर विनीत सचान ने अस्पताल में मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद दीपू की मां तथा पत्नी आरती का रो-रोकर बुरा हाल है। बताते चलें की मृतक की बहन मंगल की शादी भी इसी 6 फरवरी को होने वाली थी। बहन मंगल भी दहाड़ें मारकर रो रही थी। मृतक अपने पीछे पुत्री तान्या 6 वर्ष, तनुष्का 4 वर्ष तथा एक पुत्र हर्षित को छोड़ गया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## अधिवक्ता को धमकाने के मामले में क्षेत्राधिकारी सहित पांच पर याचिका दायर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मुवक्किल की जमीन पर विरोधियों से मिलकर कब्जा करवाने के मामले में अधिवक्ता ने नगर क्षेत्राधिकारी सहित पांच लोगों के विरुद्ध न्यायालय में याचिका दायर की। दीपक दुबे एडवोकेट निवासी छोटी जेल चौराहा स्कूल के सामने ने दायर की याचिका में दर्शाया कि मेरे मुवक्किल अजय द्विवेदी पुत्र सुरेश बाबू निवासी 1/83 आवास विकास कालोनी छिबरामऊ जनपद कन्नौज के मुकदमे की पैरवी कर रहा हूं। जमीन से संबंधित मामला उच्च न्यायालय में अजय द्विवेदी बनाम अखिलेश आदि विचाराधीन है। मेरे मुवक्किल अजय द्विवेदी की एक कृषि भूमि नगला खैरबंदी तहसील सदर में स्थित है। अखिलेश शुक्ला, पारुल रस्तोगी, राजेन्द्र यादव के साथ मेरे मुवक्किल ने मिलकर बराबर-बराबर हिस्से में क्रय की थी। जिसमें उक्त भूमि 21-21 डिसमिल बराबर सभी साझेदारों को मिलकर विक्रय की औरा बराबर धनराशि चेक के माध्यम से प्राप्त की। अखिलेश शुक्ला ने अपने सहयोगी अनूप त्रिवेदी पुत्र सत्यप्रकाश निवासी रुलापुर थाना अमृतपुर हाल निवासी तोताराम वाली गली कोतवाली फतेहगढ़ व हसीन खां उर्फ मतीन पुत्र खलील निवासी कटरा बख्शी झंडा ताला मऊदरवाजा के साथ मिलकर षड्यंत्र के तहत शेष जमीन अवैध रुप से कब्जा करने के उद्देश्य से मेरे मुवक्कित के फर्जी हस्ताक्षर, अंगूठा निशानी बनाकर 100 रुपये के स्टाम्प पर कूटरचित अनुबंध पत्र तैयार किया। अखिलेश शुक्ला पुत्र रामविलास निवासी मोहल्ला जाफरी के विरुद्ध शहर कोतवाली में मामला दर्ज है। इस संदर्भ में शिकायत पुलिस अधीक्षक से की गई। जिसकी जांच क्षेत्राधिकारी प्रदीप सिंह द्वारा की जा रही है। जिन्होंने अपने कार्यालय पर बुलाकर अखिलेश आदि के हक में बैनामा कराने का मेरे मुवक्किल पर दबाव बनाया था। सीओ भू-माफिया से सांठगांठ मिलकर मुवक्किल की शेष जमीन पर कब्जा कराकर वाउन्ड्री वाल बनवा दी। 24 जनवरी को पुनः फोन करके मुझे कार्यालय बुलाया और मेरे साथ गाली-गलौज कर मुवक्किल की वकालत करने से मना किया और कहा कि मुवक्किल से कह दो कि शेष जमीन अखिलेश आदि को बैनामा कर दें। जिस पर मैने बताया कि न्यायालय से स्टे कर दिया गया है। इस पर सीओ बौखला गये और धमकी देने लगे कि तुझे व तेरे परिवार को अनुपम दुबे से जोड़कर इतने मुकदमे लिख दूंगा कि जेल में सड़ जाओगें और वकालत करना भूल जाओगे और एनकाउंटर करने की धमकी दी। मैं अपने एरिये में जो कहूंगा पुलिस वही करेगी। मैं काफी भयभीत हूं मुझे जान को खतरा है। इस संदर्भ में उच्चाधिकारियों से शिकायत की, लेकिन मेरी कोई सुनवाई नहीं हुई।

## फर्जी जमानतगीर के विरुद्ध मुकदमे के आदेश

- कोर्ट सख्त, इस षड्यंत्र में चाहें अधिवक्ता क्यों न हो सब पर हो कार्यवाही
- जांच में खतौनी व तहसीलदार की मोहर सत्यापन भी फर्जी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** लूट जैसे गंभीर मामले में कूटचरित दस्तावेज तैयार कर जमानत लेने वाले जामिनदार के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर व इस षड्यंत्र में कौन-कौन लोग शामिल हैं, उनके विरुद्ध कार्रवाई करने का आदेश विशेष न्यायाधीश दस्यु प्रभावित क्षेत्र कृष्ण कुमार ने दिया है। जामिनदार विजय कुमार पुत्र रामचंद्र निवासी आजाद नगर थाना कमालगंज ने लूट के अभियुक्त बिल्लू उर्फ तौफीक अहमद की जमानत ली थी। इसी मामले में क्षेत्रीय लेखपाल द्वारा ग्राम मोहनपुर दीनारपुर में जाकर जांच की तो ग्राम वासियों ने बताया और अपने बयान अंकित कराये कि जामिनदार विजय कुमार इस ग्राम में कभी भी निवास नहीं करता था और न ही उसकी पूर्व में कोई जमीन है। विजय नाम के व्यक्ति को वह लोग पहचानते भी नहीं है। ग्राम वासियों द्वारा दिए गए बयान व लेखपाल की जांच आख्या संलग्न है। प्रभारी रजिस्टर कानून गो विवेक पांडे सदर तहसील द्वारा पेश की गई। साथ में जमानतनामा की छाया प्रति जो की 21 अप्रैल 2003 के संदर्भ में जमानत सत्यापन रिपोर्ट में अंकित हस्ताक्षर व लेखपाल/राजस्व निरीक्षक तत्कालीन तहसीलदार के हस्ताक्षर प्रमाणीकरण के संदर्भ में आख्या मांगी गई। जिस पर प्रभारी रजिस्टर कानून गो विवेक पांडे ने दी आख्या में दर्शाया कि उस समय मोहनपुर दीनारपुर का चार्ज हरिश्चंद्र के पास था। बिलबुक के आधार पर हरिश्चंद्र की मूल तैनात की खुदागंज में थी। जमीदार की जमानत सत्यापन कि संलग्न छाया प्रति वर्ष 2003 तहसीलदार के हस्ताक्षर बिलबुक पर मेल नहीं खा रहे हैं। खतौनी ग्राम दीनारपुर के नाम से जो न्यायालय में प्रेषित की गई वह राजस्व अभिलेखों में दीनारपुर का नाम दर्ज नहीं है। बल्कि मोहनपुर दीनानपुर कार्यालय में उपस्थित अभिलेख खतौनी में है। खतौनी कूटरचित प्रतीत होती है। तहसीलदार की आख्या से स्पष्ट है कि जमानती विजय कुमार के संबंध में 17 अप्रैल 2003 को जो इंतखाब खतौनी 21 अप्रैल को तहसील सदर की जो रिपोर्ट प्रस्तुत की गई वह कूटचरित व फर्जी है। शपथ पत्र पर जमानत लेने वाले का फोटो भी चस्पा है। जिसे सत्यापित किया गया है। इस मामले में अभियुक्त बिल्लू उर्फ तौफीक अहमद की जमानत किसी अज्ञात व्यक्ति ने तथा साजिश में शामिल अन्य व्यक्तियों द्वारा जमानत स्वीकृत कराई गई थी। अदालत ने पुलिस को आदेश दिया है कि तहसीलदार सदर की आख्या के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना करें एवं इस षड्यंत्र में शामिल उन समस्त व्यक्तियों का पता लगाकर उनके विरुद्ध कार्रवाई करें। जिनके द्वारा फर्जी व्यक्तियों के शपथ पत्र पर शपथकर्ता की फर्जी पहचान की गई है और फर्जी तरीके से सत्यापित किए गए हैं। पुलिस अधीक्षक को भी आदेश की प्रति भेजते हुए कहा कि फर्जी जमानतियों व फर्जी आख्याओं के आधार पर जमानत स्वीकृत करने के मामले में विशेष रूप से पर्यवेक्षण करना सुरक्षित करें, ताकि ऐसे प्रकरण में शामिल समस्त दोषी चाहे वह अधिवक्ता क्यों ना हो अथवा शपथ पत्र सत्यापन करने वाले हो उनके विरुद्ध उचित कार्रवाई की जा सके। इस संदर्भ में अग्रिम तिथि 8 फरवरी नियत की गई है।

शिकायत पत्र | ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर डीएम को सौंपा शिकायत पत्र

## तत्कालीन ग्राम प्रधान ने ग्राम पंचायत का ही कर दिया पट्टा

- मामला उजागर होने पर खाद के गड्ढों में बनवा रहा पंचायत घर

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**तत्कालीन ग्राम** प्रधान ने पंचायत घर बनी भूमि का ही पट्टा कर दिया। कार्यवाही के डर से अब तत्कालीन ग्राम प्रधान वर्तमान प्रधान से मिलकर सरकारी खाद के गड्ढों पर नवीन पंचायत घर का निर्माण कराने में जुट गया है। ग्रामीणों ने आज डीएम को शिकायती पत्र सौंपकर कार्यवाही करने की मांग उठायी है।

जानकारी के अनुसार पीड़ित महिला गीता देवी पत्नी राकेश कुमार ने जिलाधिकारी को दिये गये शिकायती प्रार्थना पत्र में कहा है कि वह ग्राम रमापुर जसू विकास खण्ड शमशाबाद तहसील कायमगंज की रहने वाली है। पीड़िता के गाँव में 1990 में सरकारी भूमि पर पंचायत



जानकारी देते पीड़ित ग्रामीण समृद्धि न्यूज

घर का निर्माण हुआ था। जिस समय बतौर प्रधान रतीराम पुत्र छदामी लाल थे। जिस जमीन पर पंचायत घर बना था, उस जमीन को तत्कालीन उपरोक्त प्रधान ने रामपाल शर्मा निवासी ग्राम रमापुर जसू विकास खण्ड शमशाबाद तहसील कायमगंज के नाम पट्टा दिला दिया है। जिस कारण पंचायत घर को उपरोक्त रामपाल घर के रुप में इस्तेमाल कर रहा है। इस संबंध में ग्रामीणों द्वारा की गयी शिकायत पर जांच करायी गयी। कार्यवाही से बचने के लिए तत्कालीन प्रधान के पुत्र अनुज प्रताप वर्तमान प्रधान जल्दबाजी से खाद के गड्ढों में पंचायत घर का निर्माण कराना चाहते हैं। जो कि गाटा संख्या 206 और गाटा संख्या 208 में प्रधान अनुज प्रताप पुत्र रतीराम को उपरोक्त लेखपाल व कानूनगो का संरक्षण प्राप्त इन गाटों पर जबरदस्ती निहास खुदवा रहा है। जिस कारण उपरोक्त गांव वालों की रास्ता भी बन्द कर दी गयी है। यदि सरकारी भूमि खाद के गड्ढों में पंचायत भवन का निर्माण कर सरकारी पैसे का गवन जैसे आरोपों में उपरोक्त कामयाब रहा, तो ग्रामवासियों को कूड़ा आदि डालने के लिए भूमि नहीं रह जायेगी।

# इस बजट से आम जनता को मिली निराशा

- पुरानी पेंशन बहाली न होने से कर्मचारी मायूसः नरेन्द्र जाटव
- नई ट्रेन न मिलने से व्यापारी व आम जन नाराजः जया सिंह



प्रमोद दीक्षित | नरेन्द्र जाटव | नंदकिशोर दुबे | नीलम सिंह | जया सिंह

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**अंतरिम बजट** आने से आम जनता के हाथ निराशा लगी। लोगों को इस बार बजट से बहुत आस थी, लेकिन बजट आने के बाद लोग निराश हुए है। जहां नई रेल मिलने की आस थी। वहीं पुरानी पेंशन के लिए शिक्षक कर्मचारी मांग कर रहे थे, साथ ही कैशलेस व्यवस्था को पांच से दस लाख रुपये करने की उम्मीद थी व इनकम टैक्स स्लैब में भी राहत न मिलने से लोगों के हाथ निराशा लगी है। राज्य कर्मचारी महासंघ के महामंत्री प्रमोद कुमार दीक्षित ने बताया कि इनकम टैक्स स्लैब में कोई बदलाव न होने से निराशा है। पंडित दीन दयाल उपाध्याय कैशलेस इलाज में धनराशि पांच लाख की जगह दस लाख होनी चाहिए थी। क्योंकि पांच लाख में गंभीर बीमारियां ठीक नहीं हो पाती है। पुरानी पेंशन बचाव मंच के जिलाध्यक्ष नरेन्द्र सिंह जाटव ने बताया कि इस बार बजट में आस लगाये थे कि शिक्षकों-कर्मचारियों के हित में पुरानी पेंशन को लेकर कुछ राहत दी जायेगी। ऐसा न होने से सभी कर्मचारी शिक्षक निराश है। सरकार की मंशा से महसूस हो रहा है कि वह पुनः सत्ता में लौटने वाले है। सपा नेता नंद किशोर दुबे ने बताया कि यह दिखावटी बजट है। देश की जनता इस बजट को लेकर आस लगाये थी। यह बजट आम जन लोगों की आकांक्षों पर खरा नहीं उतरा है। जबकि इस बजट से लोगों को बहुत उम्मीदें थी। खास तौर पर व्यापारी वर्ग को कोई राहत नहीं दी गई। सरकार ने दावा किया था कि जीएसटी की वसूली जबरदस्त हुई है। आयकर जमा करने वालों में वृद्धि हुई है। उसके बावजूद बेरोजगारों, किसानों, कर्मचारियों के लिए इस बजट से कुछ भी नहीं मिला है। सपा नेत्री नीलम सिंह ने बताया कि आम जानमानस के अलावा महिलाओं को भी बजट में निराशा लगी है। जबकि राजस्थान में रसोई गैस सिलेंडर 400 रुपये में मिल रहा है तो यहां की गृहणियों के लिए ऐसी योजना क्यों नहीं लागू की गई। इससे महिलाओं में भी इस बजट को लेकर निराशा है। अटेवा पेंशन बचाओ मंच की महिला नगर अध्यक्ष जया सिंह ने बताया कि इस बजट में सरकार से उम्मीद थी कि वह नई ट्रेन कानपुर फर्रुखाबाद व दिल्ली के लिए मिलेगी। जिससे रोजाना आने जाने वालों को सुविधा होगी। क्योंकि एक मात्र कालिंदी एक्सप्रेस में महीनों पहले टिकट बुक कराना पड़ती है। सुबह चलने वाली एक एक्सप्रेस ट्रेन और मिल जाती तो व्यापारियों के साथ महिलाओं एवं आम जनता को फायदा होता।

# हिन्दू महासभा की चेतावनी के बाद भगवान श्रीराम का चित्र वाला हटाया गया पोस्टर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**अखिल भारत** हिन्दू महासभा के कार्यकर्ताओं ने लालगेट कादरीगेट मार्ग पर लगे भगवान श्रीराम के पोस्टर का दुरुपयोग होने पर विरोध किया है। लालगेट स्थित ट्रांसफार्मर के नीचे भगवान श्रीराम का पोस्टर लगाकर सूचना लिखी गई कि यहां पर कूड़ा न डाले। इससे भगवान के फोटो का गलत दुरुपयोग किया जा रहा है। हिन्दू महासभा के युवा प्रदेश अध्यक्ष विमलेश मिश्रा ने इस पर नाराजगी जतायी। पुलिस ने कार्यवाही की चेतावनी दी तो तुरन्त तत्काल प्रभाव से भगवान श्रीराम का फोटो वाला पोस्टर हटाया गया।




लालगेट स्थित ट्रांसफार्मर पर लगा भगवान श्रीराम का पोस्टर

हिन्दू महासभा के सानू अरोड़ा व दीपक शर्मा ने लालगेट पहुंचकर पोस्टर लगाने वाले के खिलाफ कार्यवाही की मांग की। विरोध को देखते हुए पोस्टर को तत्काल से हटवाया गया।

## खबरें एक नजर में

### महंत ईश्वरदास तीन संत समितियों के संरक्षक मनोनीत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** महंत ईश्वरदास को तीन संत समितियों का संरक्षक मनोनीत किया गया है। इस मौके पर उनका फूल-मालाओं से स्वागत किया गया। वहीं दंडी मंडल संत समिति शिव स्वरूप बच्चा स्वामी जूना अखाड़ा संत समिति ब्रह्म चेतन गिरी व वैरागी मंडल संत समिति का अध्यक्ष नारायण दास बटेश्वर बाबा को मनोनीत किया गया। इसके साथ ही पांचाल घाट दुर्वाषा ऋषि आश्रम के महंत ईश्वरदास ब्रह्मचारी को तीनों संत समितियों का संरक्षक मनोनीत किया गया है। ईश्वरदास महाराज ने बताया कि संत व समाज हित के लिए वह हमेशा तत्पर हैं। उनके आश्रम के द्वार हर किसी के लिए खुले रहते हैं। उन्होंने कहा कि इस समय मेला रामनगरिया चल रहा है। जिसमें काफी दूर-दूर से संत आकर कल्पवास कर रहे हैं। प्रशासन को चाहिए कि उन्हें किसी प्रकार की कोई समस्या न हो।

### मारपीट के मामले में दो युवकों को सजा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अपर जिला जज प्रथम विष्णु चंद्र वैश्य ने शिवम, दिनेश पुत्रगण सुंदरलाल निवासीगण मोहल्ला अंगूरीबाग को दोषी करार देते हुए दो वर्ष के कारावास से दण्डित किया है। बीते 7 वर्षों पूर्व कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला अंगूरीबाग निवासी सुरेशचंद्र पुत्र रामस्वरूप ने पुलिस को दी गयी तहरीर में बताया कि 10 जनवरी 2017 को मेरे छोटे बेटे 9 वर्षीय ने बन्दर को भगाने के लिए मिट्टी का टुकड़ा फेंका था। जो मेरे पड़ोसी सुंदरलाल के घर मे जाकर गिरा। उसी बात को लेकर उसकी पत्नी सोमवती, शिवम, दिनेश, आंनद गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगे। उक्त लोगो ने मेरे बेटे और बेटी को लाठी-डंडे से मारा। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया। विवेचक ने न्यायलाय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता अनिल कुमार, दीपिका कटियार की पैरवी के आधार पर न्यायाधीश विष्णु चन्द्र वैश्य ने शिवम, दिनेश को दोषी करार देते हुए 2 वर्ष का कारावास, 7 हजार-7 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया, जबकि मुकदमा विचारण के दौरान राहुल की मृत्यु हो चुकी है।

### पांच साल से बारह साल के बच्चों को भी आधी टिकट पर मिलेगी सीट

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश राज्य परिवहन निगम के मुख्य प्रधान प्रबंधक डीसी पाण्डेय ने प्रदेश के समस्त मण्डलीय प्रधान प्रबंधक, समस्त क्षेत्रीय प्रबंधक व समस्त सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक को पत्र जारी कर निर्देश दिया है कि 5 वर्ष से 12 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए सामान्य यात्री टिकट मूल्य के आधे पर टिकट जारी किये जाने का प्राविधान है। उनके संज्ञान में आया कि बच्चों को बस में बैठने के लिए परिचालकों द्वारा सीट उपलब्ध नहीं करायी जा रही है। इस आपत्ति को लेकर उन्होंने सभी परिचालकों, यातायात निरीक्षकों, यातायात अधीक्षकों संबंधित कर्मचारियों को निर्देशित किया है कि 5 साल से 12 साल के बच्चों को आधे मूल्य पर नियमानुसार टिकट जारी किया जाये और बच्चों को बैठने के लिए सीट उपलब्ध करायी जाये।

### मेला रामनगरिया में रामकथा पांच फरवरी से होगी प्रारम्भ

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पांच फरवरी से नौ फरवरी श्रीराम कथा का आयोजन पांचाल घाट के सांस्कृतिक पाण्डाल में होगा। पांच दिवसीय भव्य श्रीराम कथा में कथाव्यास पंडित ज्ञानेश गौड़ महाराज द्वारा प्रवचन किये जायेंगे। वृंदावन से आकर वह सांस्कृतिक पाण्डाल में अपने मुखार बिन्दु से कल्पवासियों को लाभांवित करेंगे।

### सिराजुल आफाक मुन्ना बने सपा जिला उपाध्यक्ष

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष चन्द्रपाल यादव ने पूर्व जिला महासचिव सिराजुल आफाक मुन्ना को जिला कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष घोषित किया है। सिराजुल आफाक मुन्ना पार्टी के बहुत पुराने साथी है और नेता जी के समय से वह जुड़े है। यह जानकारी मीडिया प्रभारी विवेक यादव ने दी है।

### सपा का जन सुनवाई कैम्प आज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** समाजवादी पार्टी के महानगर अध्यक्ष राघव दत्त मिश्रा के नेतृत्व में जन सुनवाई कैम्प शनिवार को नाला मछरट्टा स्थित अभिषेक सिंह सिक्की के नेतृत्व में लगाया जायेगा। कैम्प में सुनवाई 12 बजे से होगी। यह जानकारी नगर उपाध्यक्ष खुर्शीद खान ने दी है।

### चन्द्र कोल्ड स्टोरेज के नवीन सत्र का शुभारम्भ आज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जसमई पचपुखरा रोड स्थित चन्द्रा कोल्ड स्टोरेज का मुहूर्त के साथ नवीन सत्र का भण्डारण शनिवार को शुरु हो रहा है। जानकारी देते हुए अजय गंगवार सन्नू बाबू ने बताया कि नवीन सत्र का शुभारम्भ 3 फरवरी शनिवार दोपहर 12 बजे होगा। जिसमें सभी किसान, आलू आढ़ती, कोल्ड स्टोरेज संचालक और व्यापारियों को आमंत्रित किया गया है।

### ई-रिक्शा की टक्कर से वृद्ध घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अताईपुर निवासी रघुवीर सिंह उम्र 55 वर्षीय पुत्र सालिगराम पैदल कायमगंज मुंसिफ कोर्ट तारीख लेने आ रहा था। जैसे ही वह मुहल्ला काजम खां जामा मस्जिद के पास पहुँचा, तभी अज्ञात ई-रिक्शा चालक ने उसके जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वृद्ध गम्भीर रूप में घायल हो गया। आसपास के लोगों की मदद से घायल वृद्ध को कायमगंज सीएचसी में लाकर भर्ती कराया गया।

### एक ने पिया जहर, हालत गंभीर

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** नगर के मोहल्ला बगिया निवासी सर्वेश की 18 वर्षीय पुत्री कोमल ने संदिग्ध हालत में कीटनाशक पदार्थ पी लिया। परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे। जहाँ प्राथमिक इलाज के बाद उसे लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### मार्ग दुर्घटना में तीन घायल, एक की हालत गंभीर

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** अलग-अलग मार्ग दुर्घटना मे जनपद कासगंज के थाना पटियाली के गांव नगला मौजी निवासी सुमित, क्षेत्र के गांव नरसिंहपुर निवासी सुनील, पितौरा निवासी अली हसन घायल हो गए। सभी घायलों को अस्पताल भर्ती कराया गया। जहाँ प्राथमिक इलाज के बाद सुमित को लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### फोन पर बात करने से युवक ने महिला को धमकाया

**कम्पिल, समृद्धि न्यूज।** क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने दी तहरीर में बताया कि रिश्तेदारी का एक युवक उसके पास फोन कर अश्लील बातें करता है। शुक्रवार सुबह युवक ने महिला को फोन कर बात करने के लिए कहा। महिला के पति ने युवक से फोन करने के लिए मना किया, तो वह गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी देने लगा। महिला ने पति के साथ थाने पहुँचकर मामले की तहरीर दी। पुलिस ने कार्रवाई का भरोसा दिया।

# गांव चलो अभियान के तहत फतेहगढ़ मण्डल द्वारा कार्यशाला का हुआ आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**भारतीय जनता** पार्टी फतेहगढ़ मण्डल अध्यक्ष रामवीर चौहान के नेतृत्व में गांव चलो अभियान के अन्तर्गत कार्यशाला का आयोजन मसेनी स्थित एक गेस्ट हाउस में हुआ। मुख्य अतिथि दिव्यांग प्रकोष्ठ के सह संयोजक अभिषेक त्रिवेदी ने गांव चलों अभियान पर प्रकाश डाला और केंद्र व प्रदेश सरकार की उपलब्धियां बतायी। फतेहगढ़ मण्डल अध्यक्ष रामवीर चौहान ने अध्यक्षता करते हुए कहा कि लोग सक्रियता से भागीदारी निभाये और आगामी लोकसभा चुनाव में पार्टी के प्रत्याशी को जिताने का काम करें। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में कई ऐतिहासिक योजनायें चलायी जा रही है। जिसको जनता तक पहुंचाये। भाजयुमो नेता शशांक मिश्रा, अभिषेक बाजपई, मण्डल प्रभारी चित्रा अग्निहोत्री, राम भरोसे चक ने गांव चलो अभियान में लगने पर जोर दिया। मण्डल अध्यक्ष रामवीर सिंह ने बताया कि गांव चलो अभियान को नगर के बूथ पर करना है। मंच संचालन शिवम दुबे ने किया। इस दौरान आशु राठौर, दीपक कटियार, मनोज राजपूत, अरुण त्रिवेदी, रानू दीक्षित, रजनीश मिश्रा आदि मौजूद रहे।



बैठक को सम्बोधित करते रामवीर चौहान मौजूद अन्य — समृद्धि न्यूज

# विनोद कुमार होंगे फर्रुखाबाद नगर पालिका के नये ईओ

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**नगर पालिका** परिषद फर्रुखाबाद के अधिशासी अधिकारी रविन्द्र कुमार का स्थानांतरण शासन ने नगर पालिका परिषद सिकदंराबाद बुलंदशहर को कर दिया है। साथ ही सिकंदराबाद बुलंदशहर के अधिशासी अधिकारी प्रथम श्रेणी विनोद कुमार को नगर पालिका परिषद फर्रुखाबाद अधिशासी अधिकारी पद तबादला किया गया है। रविन्द्र कुमार ने बताया कि शासन के निर्देश पर जिन अधिकारियों को तीन वर्ष एक ही जनपद में पूरे हो चुके है उनका स्थानांतरण किया गया है। वह शुक्रवार को इलाहाबाद न्यायालय में कार्य से गये थे। जबकि ईओ विनोद कुमार ने अभी फर्रुखाबाद आकर चार्ज नहीं लिया है।



ईओ विनोद कुमार

# समीर अल्ट्रासाउंड सेंटर में अवैध रुप से भ्रूणलिंग की हो रही है जांच, मुख्यमंत्री से शिकायत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**समीर नर्सिंग** होम व अल्ट्रासाउंड में अवैध रूप से भ्रूणलिंग की जांच के अवैध कारोबार के संदर्भ में मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र भेजकर जांच कराकर कार्रवाई कराये जाने की मांग की।

थाना कमालगंज के मोहल्ला नई बस्ती मोहनपुर निवासी मोहम्मद दानिश ने महानिदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य कल्याण विभाग के अलावा प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक, स्वास्थ्य प्रमुख सचिव के अलावा जिलाधिकारी व मुख्य चिकित्साधिकारी को भी प्रतिलिपि भेजी है। की गई शिकायत में दर्शाया कि समीर नर्सिंग होम एंड अल्ट्रासाउंड सेंटर जो कमालगंज कानपुर रोड पर स्थित है। उनके अनट्रेंड स्टाफ द्वारा अल्ट्रासाउंड केंद्र संचालित कर भ्रूणलिंग की जांच कर अवैध रूप से कारोबार किया जा रहा है, जो पूर्ण रूप से गैर कानूनी है। इस संदर्भ में एक व्यक्ति द्वारा वीडियो भी बनाकर दिखाया गया। अस्पताल के संचालक अनवर मिर्जा उर्फ नटवर से जब मैंने कहा कि यह तो गैर कानूनी है और अपराध है तो वह धमकी देने लगा। उसने कहा कि स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से मेरा हिसाब किताब है, तुम कुछ नहीं कर पाएगा। पीड़ित इस संदर्भ में जांच कराकर दोषी लोगों के विरुद्ध कार्रवाई कर अवैध कारोबार को बंद कर जाने की मांग की है।

# प्रादेशिक प्रशिक्षण आयुक्त ने सुधीर कुशवाहा को दिया एएलटी स्काउट प्रमाण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**उत्तर प्रदेश** भारत स्काउट और गाइड के प्रादेशिक कार्यालय गोल मार्केट महानगर लखनऊ के प्रादेशिक प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट अरविंद कुमार श्रीवास्तव ने जनपद के जिला स्काउट मास्टर सुधीर कुशवाहा को असिस्टेंट लीडर ट्रेनर का प्रशिक्षण प्राप्त करने के उपरांत उसमें उसमें सफलता करने पर बधाई दी तथा राष्ट्रीय मुख्यालय भारत स्काउट गाइड नई दिल्ली से प्राप्त प्रमाण पत्र को सुधीर कुशवाहा को उपलब्ध कराया तथा इसके बाद आगे का प्रशिक्षण एलटी किए जाने हेतु मार्गदर्शन देते हुए कहा कि वह अपने एलटी के प्रशिक्षण को किए जाने हेतु अभी से सभी निर्धारित आवश्यक योग्यताएं हासिल करने में सक्षम रहे तथा इसके लिए उन्होंने अपने जनपद की स्काउटिंग आंदोलन को आगे बढ़ाने में लगातार युवा पीढ़ी को प्रशिक्षण देते हुए समय समय परआवश्यक दिशा निर्देश देते रहें। प्रादेशिक कार्यालय से सचिव आनंद सिंह रावत, प्रदेशिक संगठन आयुक्त स्काउट हीरालाल यादव, प्रदेशिक संगठन आयुक्त गाइड कामिनी श्रीवास्तव, सहायक प्रदेशिक संगठन आयुक्त गाइड प्रज्ञा सिंह ने इस उपलब्धि के लिए बधाई दी। इस अवसर पर जनपद से स्काउट समास्टर राजकुमार, गौरव शाक्य और गाइड कैप्टन पुष्पा सिंह उपस्थित रहे। सुधीर कुमार कुशवाहा जनपद में स्काउटिंग के इतिहास में स्काउट विंग में अब तक के सबसे सीनियर एएलटी योग्यताधारी स्काउट हैं।



प्रशिक्षण आयुक्त से प्रमाण पत्र प्राप्त करते सुधीर कुशवाहा

# मण्डी में बारिश की किचकिच के कारण बिकवाली रही सुस्त

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**सातनपुर मण्डी** में शुक्रवार को आलू की आमद कम होने से भाव में कोई सुधार नहीं आया। मात्र 40 मोटर ही आलू की आमद हुई। 501 रुपये से 651 रुपये कुंटल आलू बिका। छट्टा आलू 651 रुपये से 721 रुपये कुंटल बेंचा गया। आलू आढ़ती अरविन्द राजपूत ने बताया कि मण्डी में बारिश की किचकिच होने के कारण आलू की बिक्री में गिरावट आयी है। बारिश होने के कारण बाहर के व्यापारी मण्डी नहीं आये है। दूसरे दिन धूप निकलने के बाद किसानों व व्यापारियों को कुछ राहत मिली। मण्डी की स्थिति सामान्य सोमवार से हो जायेगी। मजबूत आलू कोल्ड स्टोरेज में रखा जाने लगा है। जिसके मुहूर्त भी शुरु हो गये है।



मण्डी में लगे आलू के भरे बोरे — समृद्धि न्यूज

# लकड़ी माफिया ने दिनदहाड़े काट दिये शीशम के डेढ़ दर्जन हरे वृक्ष

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज**

**थाना क्षेत्र** में हरे वृक्षों के अवैध कटान का गोरखधंधा अपने चरम पर है। यहां का एक लकड़ी माफिया शाहिद अपने संरक्षण में इस कार्य को अमली जामा पहनवा रहा है। जानकारी के अनुसार लकड़ी माफिया शाहिद शहर का सबसे बड़ा लकड़ी माफिया है। जो रात का अंधेरा हो या दिन का उजाला उसे हरे पेड़ कटवाने में कोई परेशानी नहीं होती है। लकड़ी माफिया को वन विभाग से जुड़े कुछ कर्मचारियों का भी संरक्षण प्राप्त हैं। उपरोक्त लकड़ी माफिया एक आरा मशीन का भी संचालन कर रहा है। शमशाबाद के गांव मलू का नगला मंदिर से पूर्व दिशा में लगभग 400 मीटर आगे एक खेत से लगभग 13 शीशम के हरे वृक्षों को लकड़ी माफिया राजू व फिरोजी द्वारा दिनदहाड़े काट दिया गया। जब इस संबंध में जानकारी की गई तो लकड़ी माफिया के पैरों तले जमीन खिसक गई और वह मान मनौब्बल करने लगा। जब कटी हुई लकड़ी के संबंध में जानकारी की गई, तो लकड़ी माफिया राजू व फिरोजी द्वारा शाहिद की चिरान मशीन पर डाल दी गई थी, जो की मौके पर पड़ी हुई थी। वहीं पांच वृक्ष मलू का नगला निवासी गोपाल ठाकुर के खेत जिसमें चार नीम व एक शीशम का वृक्ष काट दिया गया। ज्ञात हो कि इस समय शमशाबाद तराई क्षेत्र में लकड़ी माफियाओं द्वारा अंधाधुंध कटान कर प्रकृति से खिलवाड़ किया जा रहा है और उच्च अधिकारी मौन धारण किए हुए हैं।



काटे गये पेड़ों की जड़ें — समृद्धि न्यूज

## थानाध्यक्ष मेरापुर न्यायालय में तलब

**संकिसा, समृद्धि न्यूज।** थाना मेरापुर क्षेत्र के ग्राम बिछौली निवासी युवती सिरोमन पत्नी सुखराम ने चार पुलिस कर्मी समेत 7 लोगों के विरूद्ध न्यायालय में याचिका दायर की थी। जिसमें एस सी/एसटी न्यायाधीश महेंद्र सिंह ने सुनवाई के बाद जिसमें 202 सी.आर.पी.सी. के बयान जारी होने के बाद थानाध्यक्ष मेरापुर ने लगभग 20 माह बाद न्यायालय में आख्या दाखिल की। जिसमें न्यायाधीश महेंद्र सिंह ने थानाध्यक्ष मेरापुर के विरुद्ध नोटिस जारी करते हुए 29 फरवरी को व्यकितगत रूप से उपस्थिति होकर स्पष्टीकरण नहीं, अन्यथा आपके विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी।

**महोत्सव** | बच्चे की प्रथम गुरु उसकी माता होती हैः चन्द्रदेव शास्त्री

# मनुष्य संस्कारों से अभी कोसों दूर हो रहा हैः आचार्य विवेक आर्य

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**मेला रामनगरिया** के वैदिक क्षेत्र चरित्र निर्माण शिविर में जिला आर्य प्रतिनिधि सभा द्वारा आयोजित ज्ञान ज्योति महोत्सव में संस्कार जागृति सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें विद्वानों द्वारा संस्कारों की उपयोगिता पर विचार प्रस्तुत किये गए। मुख्यवक्ता आगरा से आये आचार्य विवेक आर्य ने कहा कि संस्कार का सामान्य अर्थ निर्माण करना है महर्षि दयानंद सरस्वती महाराज ने हिंदू जाती को जगाने के लिए संस्कारविधि नमक एक पुस्तक की रचना की और उसमें 16 संस्कारों का वर्णन किया। आज हिंदू समाज संस्कारों से विहीन होता जा रहा है। आज गिने-चुने तीन या चार संस्कार ही समाज में देखने को मिलते हैं। शेष संस्कारों को हम भूल गए। हमने वृक्षों के संस्कार कर दिए, पत्थरों के संस्कार कर दिए, पशुओं के संस्कार कर दिए, लेकिन जिसका संस्कार होना चाहिए था। वह मनुष्य संस्कारों से अभी कोसों दूर है। खदानों से निकाले हुए पत्थर से तराशी हुई मूर्ति की कीमत लाखों में होती है, जब की पत्थर की कीमत कुछ भी नहीं होती। इस लिए समाज के नीति नियंताओं को संस्कारयुक्त समाज के निर्माण पर विचार करना चाहिए। आचार्य चंद्रदेव शास्त्री ने कहा कि माता निर्माता भवति अर्थात बच्चे की प्रथम गुरु उसकी माता है, इसलिए बालक को संस्कारवान बनाना उसका पहला दायित्व है। महर्षि दयानंद सत्यार्थप्रकाश में लिखते हैं कि वह संतान बड़ी भाग्यशाली है जिसके माता पिता व आचार्य धार्मिक व विद्वान हों, परन्तु आज की वर्तमान शिक्षा प्रणाली का उद्देश्य केवल साक्षर करना है, संस्कारों से उसका कोई लेना देना नहीं। यही कारण है की आज युवा पीढ़ी पतन के मार्ग पर जा रही है। कन्या गुरूकुल नजीबाबाद की ब्रह्मचारिणी उदिता आर्या ने अपने गीतों के माध्यम से संस्कारों की महिमा बताई तथा महर्षि दयानंद की 200वीं जयंती पर उनका गुणगान किया। प० राजेश आर्य, हरदेव आर्य, धनीराम बेधड़क आदि ने अपने भजनों द्वारा संस्कारवान राष्ट के निर्माण के सूत्र बताए। कार्यक्रम में स्वामी महेन्द्रानंद, स्वामी श्यामानंद, स्वामी संजीवनंद, डा० रामकुमार कटियार, मंगलम आर्य, रामवीर आर्य, राजकुमार आर्य, उदयराज आर्य, शालिनी आर्या, रत्नेश द्विवेदी, अमृता पाण्डेय आदि उपस्थित रहे।




प्रवचन करते आचार्य विवेक आर्य

# राष्ट्रपति ने कला को संजोए रखने के लिए की कलाकारों की सराहना

**फरीदाबाद, नई दिल्ली। एजेंसी**



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को हरियाणा के फरीदाबाद में 37वें सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेला-2024 का उद्घाटन किया। आम जनता के लिए यह मेला 18 फरवरी तक खुला रहेगा। राष्ट्रपति ने उद्घाटन समारोह में कहा कि मैं सभी कलाकारों को साधक मानती हूं। देश के शिल्पी भारत की सभ्यता और संस्कृति के निर्मात और संरक्षक हैं। उन्होंने कहा कि यह मेला कला प्रदर्शनी भी है और व्यापार केंद्र भी है। राष्ट्रपति ने मेले में भागीदारी कर रहे तमाम शिल्पकारों और मेले से जुड़े तमाम मंत्रालयों और सहयोगियों को बधाई दी। उन्होंने कहा, मैं इस मेले में भाग लेने वाले सभी कारीगरों को बधाई देती हूं। मुझे बताया गया है कि यह अंतरराष्ट्रीय मेला केंद्र और राज्य सरकार के सामूहिक प्रयासों से आयोजित किया गया है। उन्होंने कहा कि 1987 से शुरू किया गया यह वार्षिक मेला एक सफल आयोजन के रूप में प्रसिद्ध हो चुका है। इसके लिए राष्ट्रपति ने वर्तमान और पूर्व टीमों की सराहना की। राष्ट्रपति ने देश की कला और विरासत को संजो कर रखने के लिए तमाम शिल्पकारों की सराहना की। राष्ट्रपति ने कहा कि यह मेला हमारी सांस्कृति विविधता का उत्सव है। यह मेला हमारे शिल्पकारों को कला प्रेमियों से जोड़ने का प्रभावी मंच भी है। यह मेला कला प्रदर्शनी भी है और व्यापार केंद्र भी है। राष्ट्रपति ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल से बातचीत का हवाला देते हुए कहा कि उन्होंने पूछा था कि इस मेले में देश-विदेश के हजारों स्टॉल लगे हैं तो अब तक कितनी खरीद-बिक्री हुई होगी। इस पर मुख्यमंत्री ने उन्हें बताया कि शायद 20 करोड़ से अधिक होगी। राष्ट्रपति ने कहा कि यह बहुत बड़ी बात है क्योंकि इससे केवल खरीद-बिक्री नहीं यहां के शिल्पकार और कला संस्कृति से जुड़े शिल्पी की प्रतिभा से भी लोग परिचित होते हैं और बाद में भी उनसे संपर्क रखते हैं। इससे हमारा आर्थिक विकास भी होता है। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस सुंदर मेले का भविष्य और भी उज्ज्वल होगा। मेले का आयोजन हरियाणा और केंद्र सरकार के सहयोग से किया जाता है। मेले में लगभग 50 देशों ने हिस्सा लिया। इस वर्ष मेला का सहयोगी देश तंजानिया है जबकि साझेदार राज्य गुजरात है। नॉर्थ ईस्टन हैंडीक्राफ्ट एंड हैंडलूम कॉर्पोरेशन इस वर्ष मेले के सांस्कृतिक भागीदार हैं। इस अवसर पर हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय, मुख्यमंत्री मनोहर लाल सहित अनेक गण्यमान्य मौजूद रहे।

# एवन साइकिल्स ने पंजाब किंग्स के साथ किया करार

**नई दिल्ली। एजेंसी**




भारत की सबसे बड़ी साइकिल निर्माता कंपनी एवन साइकिल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग फ्रेंचाइजी पंजाब किंग्स के साथ करार किया है। एवन साइकिल्स ने पहले 2020 में पंजाब किंग्स के साथ साझेदारी की थी और क्रिकेट लीग सीज़न 2024 के लिए अपनी साझेदारी को नवीनीकृत किया है। एवन साइकिल्स के सीएमडी, ओंकार सिंह पाहवा ने कहा, इस सीजन 2024 में सबसे प्रतिष्ठित क्रिकेट टीम को प्रायोजित करने और उसके साथ आने के लिए हमें गर्व महसूस हो रहा है। हम एक ऐसी टीम के लिए आभारी हैं जो खेल कौशल, लचीलेपन की सच्ची भावना का प्रतीक है। हम साइकिल, खेल और फिटनेस में अग्रणी होने की एवन की विरासत को आगे बढ़ा रहे हैं, हम राष्ट्र के लिए मूल्यों को प्रतिबिंबित करने के लिए उत्साहित हैं। करार पर सतीश मेनन, सीईओ, केपीएच ड्रीम क्रिकेट प्राइवेट लिमिटेड ने कहा, हमें एवन को अपना भागीदार पाकर बहुत खुशी हो रही है। हमारे लिए खुशी कई गुना है, पहली बात यह कि हमारे पास एक पंजाब-आधारित ब्रांड है और दूसरी बात यह कि उन्होंने फिर से हमारे साथ चलने का फैसला किया है।

साइकिल उद्योग की अग्रणी कंपनी एवन साइकिल्स ने लगातार उच्च स्तर पर स्वास्थ्य और फिटनेस को बढ़ावा दिया है। वर्षों की उत्कृष्टता के साथ, वे विश्वसनीय और टिकाऊ आवागमन समाधान चाहने वाले भारतीयों के लिए एक पसंदीदा ब्रांड के रूप में उभरे हैं।

## खबरें एक नजर में

### जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर वाहनों की आवाजाही बहाल

**जम्मू।** खराब मौसम के कारण दो दिनों तक बंद रहने के बाद अधिकारियों ने शुक्रवार को जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर वाहनों की आवाजाही बहाल कर दी है। जम्मू-कश्मीर ट्रैफिक पुलिस ने बताया कि राजमार्ग पर फंसे वाहनों को आगे जाने की इजाजत दे दी गई है। यात्रियों को सावधानी से गाड़ी चलाने की सलाह दी गई है, क्योंकि शेरबीबी के पास सड़क का एक हिस्सा सिंगल लेन है और कई जगहों पर फिसलन भी है। बुधवार रात भारी बारिश के कारण रामबन जिले के शेरबीबी के पास भूस्खलन के कारण सड़क को नुकसान पहुंचा था, जिससे जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात बंद कर दिया गया था। इस दौरान 200 से अधिक वाहन मार्ग में फंस गए थे, जिन्हें आज मार्ग खुलने के बाद अपने गंतव्य तक जाने की इजाजत दे दी गई है।

### आरपीएफ करेगी अखिल भारतीय पुलिस ड्यूटी मीट की मेजबानी

**नई दिल्ली।** रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) 12 फरवरी से जगजीवन राम आरपीएफ अकादमी, लखनऊ में पांच दिवसीय 67वीं अखिल भारतीय पुलिस ड्यूटी मीट (एआईपीडीएम) की मेजबानी करेगा। रेल मंत्रालय ने शुक्रवार को एक बयान जारी कर यह जानकारी दी। इसमें बताया गया है कि रेलवे सुरक्षा बल के महानिदेशक मनोज यादव ने अखिल भारतीय पुलिस ड्यूटी मीट के लिए आरपीएफ के टेक ग्रुप द्वारा बनाई गई समर्पित मोबाइल एप्लिकेशन और वेबसाइट लॉन्च की। अखिल भारतीय पुलिस ड्यूटी मीट कानून प्रवर्तन पेशेवरों के लिए एक साथ आने, सीखने और खोजी उत्कृष्टता के अपने सामूहिक प्रयास को मजबूत करने का भी आह्वान है। 1957 के आरपीएफ अधिनियम के तहत स्थापित, रेलवे सुरक्षा बल 2004 से रेलवे संपत्ति की सुरक्षा और यात्रियों और उनके सामानों को सुरक्षा प्रदान करने में सहायक रहा है। उल्लेखनीय है कि आरपीएफ में महिलाओं का प्रतिनिधित्व 9 प्रतिशत है, जो भारत में सभी सशस्त्र बलों में सबसे अधिक प्रतिशत है।

### मॉडल, अभिनेत्री पूनम पांडे का निधन

**मुंबई।** मॉडल एवं अभिनेत्री पूनम पांडे का सर्वाइकल कैंसर से शुक्रवार को निधन हो गया। वह 32 वर्ष की थी।पूनम की मैनेजर निकिता शर्मा ने इस खबर की पुष्टि की है।निकिता ने इंस्टाग्राम हैंडल पर अपने पोस्ट में लिखा,÷ यह सुबह हमारे लिए कठिन है। मुझे आपको यह बताते हुए बहुत दुख हो रहा है कि हमने सर्वाइकल कैंसर के कारण अपनी प्यारी पूनम को खो दिया है। वह अपने संपर्क में आने वालों से प्रेम से मिलती रही। हम उसे उनकी हर बात के लिए प्यार से याद करेंगे। वर्ष 2011 में किंगफिशर कैलेंडर में शामिल मॉडलों में पूनम भी शामिल थीं। अपनी विवादास्पद टिप्पणियों के लिए जानी जाने वाली पूनम को आखिरी बार कंगना रनौत के होस्ट वाली रियलिटी टीवी शो श्लॉक अपश् में देखा गया था।

### व्यासजी तहखाने में 8 मूर्तियों को किया स्थापित

**वाराणसी।** काशी ज्ञानवापी मामले में जिस जगह पर पूजा पाठ चल रही है वहां पर मूर्तियों को स्थापित कर दिया गया है। ट्रेजरी से व्यास तहखाने में 8 मूर्तियों को लाया गया है। सर्वे में व्यास तहखाने में 10 मूर्तियां मिली थी। शिव, गणेश, विष्णु, हनुमान की खंडित मूर्तियां हैं। आपको बता दें कि सर्वे में मिली 10 मूर्तियों में से फिलहाल 8 को वापस लाकर स्थापित किया गया है। जिसकी पूजा चल रही है। जिन मूर्तियों को स्थापित किया गया है वो सभी मूर्तियां खंडित हैं। जिनमें दो शिवलिंग और दो हनुमान जी की मूर्ति बताई जा रही है। एक खंडित मूर्ति भगवान विष्णु की है। एक लक्ष्मी जी की और एक गणेश जी की प्रतिमा है। राम लिखे जिस शिलापठ को एएसआई ने इस तहखाने से लिया था, उसका भी पूजन चल रहा है। सिर्फ मूर्तियों की ही पूजा नहीं बल्कि ज्ञानवापी परिसर में व्यास जी के तहखाने में 9 दिनों के रामायण का अखंड पाठ भी शुरू हो चुका है।

# भारत-पाक सीमा के पास वायु सेना 17 फरवरी को करेगी वायु शक्ति अभ्यास

**नई दिल्ली। एजेंसी**



भारतीय वायु सेना भारत-पाकिस्तान सीमा के नजदीक पोखरण फायरिंग रेंज राजस्थान में 17 फरवरी को 'वायु शक्ति' अभ्यास करके अपनी युद्धक तथा प्रहार क्षमताओं को प्रदर्शित करेगी। इसमें कुल 77 लड़ाकू विमान, 41 हेलीकॉप्टर, 5 परिवहन विमान और 12 मानव रहित प्लेटफार्म भाग लेंगे। लड़ाकू विमान राफेल और प्रचंड हेलीकॉप्टर पहली बार देश के भीतर होने वाले अभ्यास में हिस्सा लेंगे। सतह से हवा में मार करने वाली हथियार प्रणाली समर का भी पहली बार इस अभ्यास में इस्तेमाल किया जायेगा।भारतीय वायु सेना के उप प्रमुख एयर मार्शल एपी सिंह ने शुक्रवार को एक प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि हम इस अभ्यास में सेना की बंदूकें भी एयरलिफ्ट करेंगे। राफेल लड़ाकू जेट और अटैक हेलीकॉप्टर प्रचंड सहित सभी फ्रंटलाइन विमान वायु शक्ति अभ्यास में भाग लेंगे।

यह अभ्यास 1954 से चल रहा है और हम इस अभ्यास में लक्ष्य पर सटीक बमबारी करने की अपनी क्षमता का प्रदर्शन करेंगे। भारत में निर्मित एलसीए तेजस और एएलएच ध्रुव हेलीकॉप्टर भी इस अभ्यास में अपनी ताकत का प्रदर्शन करेंगे।एयर मार्शल एपी सिंह ने बताया कि दो घंटे तक चलने वाले इस अभ्यास के दौरान एक से दो किमी. के दायरे में लगभग 40-50 टन आयुध गिराएंगे।

# यशस्वी के शतक से भारत ने बनाए 336 रन

## भारतीय टीम के लिए रोहित और यशस्वी ने सधी शुरुआत दिलाई और पहले विकेट के लिए 40 रन जोड़े

**विशाखापत्तनम। एजेंसी**



सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल के बेहतरीन शतक की बदौलत भारत ने यहां इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के पहले दिन 6 विकेट पर 336 रन बना लिये हैं। यशस्वी 177 और रविचंद्रन अश्विन 5 रन बनाकर नाबाद हैं। इस मैच में भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस जीता और पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। भारतीय टीम के लिए रोहित और यशस्वी ने सधी शुरुआत दिलाई और पहले विकेट के लिए 40 रन जोड़े। रोहित का खराब फार्म इस मैच में भी रहा और वे केवल 14 रन बनाकर अपना पहला टेस्ट खेल रहे शोएब बसीर का शिकार बने। शोएब ने रोहित को लेग स्लिप में ओली पोप के हाथों कैच आउट कराया। इसके बाद यशस्वी और शुभमन गिल ने पारी को आगे बढ़ाया। दूसरे विकेट के लिए 49 रनों की साझेदारी की। हालांकि जब लग रहा था कि गिल ने लय हासिल कर ली है, तभी जेम्स एंडरसन ने उन्हें विकेटकीपर फोक्स के हाथों कैच कराकर पवेलियन भेज दिया। गिल ने 46 गेंदों पर 5 चौकों की बदौलत 34 रन बनाए। यहां से यशस्वी ने श्रेयस अय्यर के साथ तीसरे विकेट के लिए 90 रन जोड़े। जब लग रहा था कि ये जोड़ी बड़ी साझेदारी करेगी, तभी अय्यर 179 के कुल स्कोर पर 27 रन बनाकर टॉम हार्टले का शिकार बने। अय्यर के बाद बल्लेबाजी करने उतरे अपना पदार्पण टेस्ट खेल रहे रजत पाटीदार ने यशस्वी का अच्छा साथ दिया और चौथे विकेट के लिए 70 रन जोड़े। 249 के कुल स्कोर पर पाटीदार 32 रन बनाकर रेहान अहमद की गेंद पर बोल्ड हुए। इसके बाद यशस्वी और अक्षर पटेल ने पारी को आगे बढ़ाया। इस दौरान यशस्वी ने अपने डेढ़ सौ रन पूरे किए। 301 के कुल स्कोर पर शोएब बशीर ने अक्षर पटेल को आउट कर भारत को बड़ा झटका दिया। अक्षर ने 27 रन बनाए। इसके बाद 330 के कुल स्कोर पर केएस भरत 17 रन बनाकर रेहान अहमद का शिकार बने। दिन का खेल खत्म होने तक भारत ने 6 विकेट पर 336 रन बना लिये हैं। यशस्वी 177 और रविचंद्रन अश्विन 5 रन बनाकर नाबाद हैं। इंग्लैंड की तरफ से शोएब बसीर और रेहान अहमद ने दो-दो, टॉम हार्टले और जेम्स एंडरसन ने 1-1 विकेट लिया। उल्लेखनीय है कि इस मैच में भारत की तरफ से रजत पाटीदार ने पदार्पण किया जबकि मोहम्मद सिराज को आराम दिया गया।

